भाद्रपद कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 30.0° न्यून. 22.4°
रांची: अधिक. 30.7° न्यून. 23.3°

रांची, बुधवार
13 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-192, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

## उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सीएम सोरेन की मां रूपी सोरेन से की आत्मीय भेंट

# अखिलेश यादव पहुंचे नेमरा, दिशोम गुरु को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता । रामगढ़**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद अखिलेश यादव मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन, विधायक बसंत सोरेन सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की तथा उनका ढांढ़स बंधाया।

अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की माता रूपी सोरेन से आत्मीय भेंट की। वे रूपी सोरेन से बात करते हुए भावुक हो गए। मौके पर अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री की माता रूपी सोरेन से कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरे झारखंड के लोग आपके साथ हैं। आपका संबल ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शक्ति प्रदान करेगा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपना जीवन के एक-एक पल को आदिवासी, दलित, शोषित शेष पेज 11 पर





## पालकोट में भीषण सड़क हादसा, 3 युवकों की मौत

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में नाथपुर पंचायत के लौवकेरा गांव निवासी विजय सिंह के 25 वर्षीय पुत्र संदीप सिंह और नाथपुर खासटोला के लखन उरांव के पुत्र बिरसा उरांव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लाउकेरा गांव निवासी रामजतन सिंह के पुत्र बंटी सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक पालकोट प्रखंड मुख्यालय के साप्ताहिक बाजार से शेष पेज 11 पर

## ईडी की सहारा समूह के नौ ठिकानों पर छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने 11 अगस्त को सहारा समूह के खिलाफ मनी लांड्रिंग मामले में कार्रवाई की। ईडी ने गाजियाबाद, लखनऊ, श्रीगंगानगर और मुंबई में कुल 9 ठिकानों पर छापेमारी की। ये ठिकाने सहारा समूह से जुड़ी विभिन्न जमीन और शेयर लेन-देन से संबंधित संस्थाओं के थे। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की। इसकी शुरुआत ओडिशा, बिहार और राजस्थान पुलिस की ओर से दर्ज तीन एफआईआर के आधार पर हुई थी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## बड़कागांव में कोल ब्लॉक के लिए जनसुनवाई के दौरान झड़प

# एनटीपीसी बादम के जीएम समेत कई लोग हुए घायल

### करीब 15 सरकारी और पुलिस वाहनों में की गई तोड़फोड़, ग्रामीण भी हुए जख्मी

- जनसुनवाई का स्थल बदलने से ग्रामीणों का प्रदर्शन, नोकझोंक झड़प में बदल गई
- प्रदर्शनकारियों ने एनटीपीसी के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर बोल दिया हमला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड में मंगलवार को नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) को आवंटित बादाम कोल ब्लॉक को चालू करने के पहले आयोजित जनसुनवाई के दौरान हिंसा भड़क गई। इसमें एनटीपीसी बादम के जीएम एके सक्सेना समेत कई अधिकारी और पुलिसकर्मी घायल हो गए। बताया गया कि करीब 15 से 20 लोग घायल हुए हैं।

घटना के बाद इलाके में भारी तनाव है। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। पुलिस ने हिंसा में शामिल लोगों की पहचान शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि बादम कोल ब्लॉक को चालू करने के पहले बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में एनटीपीसी, आउटसोर्सिंग के आधार पर काम करने वाली बीजीआर कंपनी और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जनसुनवाई का कार्यक्रम तय किया गया था। इसमें रैयतों से भाग लेने की अपील की गई थी। अचानक जनसुनवाई का स्थल महुगांई कला स्थानांतरित कर दिया गया। इस फैसले से नाराज ग्रामीणों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद वे बड़ी संख्या में महुंगाई कला पहुंचे। यहां पुलिस और प्रशासन के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हुई, जो देखते-देखते झड़प में बदल गई।

प्रदर्शनकारियों ने एनटीपीसी बादम के जीएम एके सक्सेना समेत कई अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। कम से कम 10 ग्रामीण भी घायल हुए। हिंसा के दौरान करीब 15 सरकारी और पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की गई। शेष पेज 11 पर



### अधिकारियों को बंधक बनाया मारपीट भी की

प्रदर्शनकारियों ने काफी देर तक अधिकारियों को बंधक बनाए रखा और मारपीट की। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद प्रशासन ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## लापुंग थाना प्रभारी और बेड़ो थाना पर हमला मामले में पांच गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** पुलिस ने लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव पर ग्राम कोयनारा में हुए हमले के मामले में मंगलवार को पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। कांड के शेष बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मामला बेड़ो थाना पथराव कांड और लापुंग थाना कांड संख्या 16/25 से जुड़ा हुआ है। यह कार्रवाई रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के आदेश पर बेड़ो के पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम के नेतृत्व में बेड़ो, लापुंग, नरकोपी एवं इटकी थाने के पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बलों ने संयुक्त रूप से की है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उनलोगों को जेल भेज दिया गया।

इस संदर्भ में बेड़ो के डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि बेड़ो थाना पर हुए पथराव एवं तोड़फोड़ सहित सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा लापुंग थाना क्षेत्र के कोयनारा में थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के ऊपर जानलेवा हमला करने के आरोप में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनमें 42 वर्षीय प्राथमिकी अभियुक्त बोने उरांव (पिता जेडो उरांव), 23 वर्षीय सुमेश भगत उर्फ सोमेश उरांव (पिता बुधराम भगत), 55 वर्षीय चामा उर्फ चामू उरांव (पिता स्वर्गीय लालका उरांव), 27 वर्षीय श्रवण उरांव (पिता दशा उरांव) एवं अप्राथमिकी अभियुक्त 19 वर्षीय तुषार उरांव (पिता बोने उरांव) सभी ग्राम कोयनारा थाना लापुंग शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

ज्ञात हो कि बेड़ो और लापुंग थाना क्षेत्र में अलग-अलग हुई घटना में पुलिस को लंबे समय से दर्ज प्राथमिकी के आलोक में अभियुक्तों की तलाश थी। शेष पेज 11 पर


शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

## खुदरा महंगाई दर जुलाई में 1.55 प्रतिशत आठ वर्षों के सबसे निचले स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में खुदरा महंगाई जुलाई में कम होकर 1.55 प्रतिशत हो गई है। यह महंगाई का 8 वर्षों (जून 2017) का सबसे निचला स्तर है। महंगाई में कमी आने की वजह खाद्य उत्पादों की कीमतें कम होना है। यह जानकारी सरकार की ओर से मंगलवार को दी गई। इससे पहले, जून में खुदरा महंगाई दर 2.1 प्रतिशत थी, जो कि जनवरी 2019 के बाद से न्यूनतम स्तर था। सांख्यिकी मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में खाद्य महंगाई दर घटकर -1.76 प्रतिशत रही। यह जनवरी 2019 के बाद खाद्य महंगाई दर का सबसे निचला स्तर है। जून के मुकाबले, इसमें 0.75 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। जुलाई 2025 के दौरान मुख्य महंगाई दर और खाद्य महंगाई दर में बड़ी गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल आधार प्रभाव और दालों, सब्जियों, अनाज, अंडे और चीनी की महंगाई दर में कमी के कारण है। परिवहन, संचार और शिक्षा की लागत में कमी के कारण भी महंगाई दर कम हुई है। शेष पेज 11 पर


जून में खुदरा महंगाई दर 2.1% थी, जो जनवरी 2019 के बाद सबसे कम थी

## केंद्रीय कैबिनेट ने चार सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मंगलवार को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत चार नई सेमीकंडक्टर यूनिट्स को मंजूरी दी है। इनमें करीब 4,600 करोड़ रुपए का निवेश होगा। जिन चार कंपनियों के सेमीकंडक्टर यूनिट्स को मंजूरी दी गई है, उनमें सिकसेम (एसआईसीएसईएम), कांटिनेंटल डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शेष पेज 11 पर

## जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लोकसभा में किया गया स्वीकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश के न्यायिक इतिहास में दुर्लभ और संवैधानिक रूप से महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत, मंगलवार को लोकसभा ने औपचारिक रूप से इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 124(4), 217 और 218 के तहत उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही का रास्ता साफ हो गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में बताया कि उन्हें 31 जुलाई 2025 को यह प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, जिस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता सहित कुल 146 लोकसभा सदस्यों और 63 राज्यसभा सदस्यों के हस्ताक्षर हैं।यह मामला मार्च 2025 में सामने आए उस विवाद से जुड़ा है, जब दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर आग लगने की घटना के दौरान जले हुए नोटों के बंडल बरामद हुए थे। हालांकि, उस समय जस्टिस वर्मा घर पर मौजूद नहीं थे, लेकिन बाद में तीन सदस्यीय आंतरिक न्यायिक जांच ने शेष पेज 11 पर


तीन सदस्यीय समिति गठित पद से हटाने की कार्यवाही का रास्ता साफ

**इंडिया**

# टैरिफ युद्ध से सीख लेकर विकसित भारत की ओर बढ़ने का समय

एक साल भी नहीं पूरा हुआ और ट्रंप सोशल मीडिया पर तिरस्कार और मीम्स का विषय बन गए हैं। सिर्फ भारतीय ही नहीं, प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा 24 देशों में किए गए सर्वेक्षण में 19 देशों के आधे से अधिक वयस्कों को वैश्विक मामलों में ट्रंप के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ थोपने को विदेश मंत्रालय ने 'अनुचित, अकारण और तर्कहीन कार्रवाई' बताया है। ट्रंप ने भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताया, जिस पर राहुल गांधी ने भी सहमति जताई। वह सरकार और राष्ट्र की आलोचना के बीच अंतर करने में विफल रहे। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इसका भविष्य भारतीयों द्वारा तय किया जाएगा। भारत के बारे में ट्रंप की टिप्पणी को उनकी हताशा मानना चाहिए।ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद को और अधिक दंड का कारण बताया। ऊर्जा सूचना एजेंसी ने खुलासा किया है कि अमेरिका हाल तक रूस से यूरेनियम आयात करता था, और उसकी कंपनियां 2028 तक छूट मांग सकती हैं। यूरोपीय संघ की संसद की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि रूस से गैस आयात 2027 के अंत तक जारी रहेगा। हाल ही में नाटो प्रमुख मार्क रूट ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी। विडंबना यह है कि उनके देश, नीदरलैंड ने रूसी यूरेनियम का आयात किया है। बताया गया है कि रूसी कंपनी रोसाटॉम नीदरलैंड के जरिये यूरेनियम से होने वाले मुनाफे का प्रबंधन करती है। अमेरिका चाहता है कि भारत अमेरिकी शर्तों को ज्यों का त्यों स्वीकार कर ले वह सोया और मक्का के साथ-साथ अन्य आनुवंशिक रूप से संशोधित उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, जो भारत के लिए आत्मघाती हो सकता है। आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों से संबंधित मामले सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अमेरिकी डेयरी उत्पादों को मंजूरी दे जो भारतीय किसानों के लिए एक खतरा है और अमेरिकी डेयरी उद्योग द्वारा पशु आहार के रूप में मांस, मुर्गी और मछली के अर्क सहित पशु प्रोटीन का उपयोग सामाजिक-सांस्कृतिक विवाद को जन्म दे सकता है। कुछ लोग कहते हैं कि यह 'मात्र एक छोटी-सी चूक' है, जिससे जीडीपी में मुश्किल से 0.2 प्रतिशत की कमी आएगी; और कुछ लोग इसे संभावित संकट मानते हैं। सच्चाई इन दोनों के बीच है। इसका आकलन करते समय लोग जो आम गलती करते हैं, वह यह है कि वे तत्काल प्रभाव को ज्यादा और दीर्घकालिक प्रभावों को कम आंकते हैं। आपूर्ति श्रृंखला में छोटे उद्यमों और आभूषण एवं परिधान जैसे श्रम-प्रधान निर्यात क्षेत्रों पर टैरिफ के प्रभाव को कम करके नहीं आंका जा सकता। विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारत का मुख्य उद्देश्य चीन+1 सिद्धांत था। यह मूलतः चीन से आपूर्ति प्राप्त करने वाली वैश्विक कंपनियों के भारत आने की आशा है। टैरिफ का यह झटका कुछ सबक भी सिखाता है। भारत में आखिरी बड़ा सुधार 1991 में व्यापार उदारीकरण और लाइसेंस राज का खात्मा था। तब से, भारत का राजनीतिक वर्ग कृषि, श्रम कानूनों और नियमों जैसे सुधारों के लिए मजबूत आम सहमति की तलाश कर रहा है पर राजनीति बाधा बन रही है । घरेलू बाजार में खरीदारी करने के लिए प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की आवश्यकता है। चीन इसलिए टैरिफ के झटके को पीछे धकेलने में कामयाब रहा है, क्योंकि उसने कृषि, शिक्षा, ऊर्जा और निवेश में सुधारों के जरिये विकास को गति दी है। इससे उसे बैटरियों से लेकर दुर्लभ खनिजों और वस्तुओं तथा अन्य कई उत्पादों तक अमेरिकी अर्थव्यवस्था की निर्भरता का फायदा उठाने में मदद मिलती है। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को इस तरह पुनर्गठित करने की जरूरत है कि ऐसी निर्भरताएं पैदा हों, जिनका लाभ उच्च भू-राजनीतिक मंच पर उठाया जा सके।


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक




## भारत रिसर्च के क्षेत्र में कर रहा अरबों डॉलर का निवेश : पीएम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने परंपरा और इनोवेशन के संगम को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत रिसर्च के क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है। उन्होंने भारत के ऐतिहासिक योगदान को याद किया। 18वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 64 देशों के 300 से ज्यादा सितारों से जुड़ना मेरे लिए खुशी की बात है। भारत एक ऐसा देश है, जहां परंपरा और नवाचार साथ चलते हैं, जहां आध्यात्म और विज्ञान मिलते हैं और जहां जिज्ञासा रचनात्मकता से मिलती है। भारत सदियों से आकाश का अध्ययन करता रहा है और बड़े सवालों के जवाब तलाशता रहा है। शेष पेज 11 पर


प्रधानमंत्री मोदी ने खगोल विज्ञान पर 18वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड को किया संबोधित






दिवंगत शिबू सोरेन की श्राद्ध प्रक्रिया के दौरान ढेंकी से अन्न कूटतीं दिशोम गुरु की बहू विधायक कल्पना सोरेन। ढेंकी जनजातीय समाज में पारंपरिक विधान और रीति-रिवाज का अभिन्न हिस्सा है।






दिवंगत शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्धकर्म के आठवें दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों संग दिशोम गुरु की आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप 'श्राद्ध कर्म' का विधान पूरा किया।

### दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का लगा तांता

# लोगों ने कहा- धन्य है नेमरा की भूमि जहां 'गुरुजी' जैसी विभूति का जन्म हुआ

● 'गुरुजी' ने झारखंड वासियों के अस्मिता की रक्षा की लड़ाई लड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 'श्राद्ध कर्म' के आठवें दिन भी सुबह से ही रामगढ़, नेमरा स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक आवास में 'गुरुजी' को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। हजारों की संख्या में नेमरा पहुंचे आम और खास सभी वर्ग के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे लोगों ने 'गुरुजी' को याद करते हुए कहा कि धन्य है नेमरा की भूमि जहां "गुरुजी" जैसे विभूति का जन्म हुआ। लोगों ने कहा कि नेमरा में 'गुरुजी' को श्रद्धांजलि देने जनसैलाब उमड़ पड़ा है यह अपने प्रिय नेता के प्रति लोगों का प्यार और स्नेह है। अपने जननेता को खोने का गम लोगों के चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा है।

लोगों ने कहा कि स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंडी चेतना के प्रहरी रहे। उन्होंने जल, जंगल, जमीन ही नहीं बल्कि संपूर्ण झारखंड वासियों के अस्मिता की रक्षा की लड़ाई लड़ी। 'गुरुजी' ने आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित समुदायों को उनके हक-अधिकार के लिए जागरूक किया। 'गुरुजी' ने अपना पूरा जीवन जनहित के कार्यों के लिए समर्पित किया। 'गुरुजी' का परलोक गमन अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती है। अलग झारखंड राज्य के निर्माता को शत-शत नमन!

श्रद्धांजलि देने वालों में मंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य गणमान्य एवं राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे हजारों की संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।



## प्रशासनिक सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की, सीएम व कल्पना सोरेन से मुलाकात की

**रांची/रामगढ़।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



एवं विधायक कल्पना सोरेन से नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिवंगत शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, गुरुजी हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं साहस दें। संघ के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम, महासचिव राहुल कुमार, केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शब्बीर अहमद, दिलीप तिर्की, श्याम नारायण राम, मोइनुद्दीन खान, मुस्तकीम अंसारी, प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य शामिल थे।

## लोकगायक आशुतोष ने शिबू सोरेन की याद में गया गीत, सीएम को पोस्टर भेंट किया



**रांची।** लोकगायक आशुतोष द्विवेदी ने शिबू सोरेन की याद में नव निर्मित गीत " वीर शिबू सोरेन जी का झारखंड दीवाना है"को यूट्यूब पर लॉन्च कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नेमरा जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पोस्टर भेंट किया। गीत का नाम - वीर शिबू सोरेन जी का झारखंड दीवाना है। इस गीत के प्रोड्यूसर राजीव सिंह,उप निर्माता डॉ अनिल कुमार, म्यूजिक हर्ष उपाध्याय है। इस अवसर पर मुख्य रुप से अवधेश ठाकुर, सतीश मिश्रा , अतिंद्र नाथ वैध समेत कई लोग उपस्थित थे। ये गीत लोगों को काफ़ी पसंद आ रहा है। आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि शिबू सोरेन झारखंड के पुरोधा थे, एसे सच्चे पुरुष को मैने गीत गाकर उन्हें अपनी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। ऐसे महापुरुष को लोग सदियों सदियों तक याद रखेंगे। यह जानकारी अमन ने दी।

## कांग्रेस की राजनीति चित भी मेरी पट भी मेरी, खेल भी मेरा : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के चुनाव आयोग और एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक नाटक है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को चुनाव आयोग और मतदाता सूची पर भरोसा नहीं है, तो पहले अपनी ही कुर्सियां छोड़ने की हिम्मत दिखाए। सिर्फ दिल्ली की सड़कों पर मार्च करने से ईमानदारी साबित नहीं होती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का रवैया बिल्कुल वैसा है जैसे चित भी मेरी, पट भी मेरी और खेल भी मेरा। जनता इस दोहरे और ढोंगी चरित्र को समझ चुकी है और आने वाले चुनावों में इसका हिसाब चुकता करेगी। प्रतुल ने आंकड़े गिनाते हुए कहा कि देश में कांग्रेस के पास 3 मुख्यमंत्री, 99 लोकसभा सांसद, 31 राज्यसभा सांसद और 714 विधायक हैं। झारखंड में कांग्रेस के 12 विधायक और 4 मंत्री सत्ता का मजा ले रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर चुनाव आयोग पक्षपाती है, तो इन्हीं चुनावों से जीते आपके मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक भी अवैध हैं। फिर इस्तीफा क्यों नहीं देते? पहले इस्तीफा दीजिए, फिर सड़कों पर आंदोलन कीजिए। सत्ता की मलाई भी खाना और सड़कों पर ड्रामा भी करना, यह जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस की दोहरी राजनीति सामने आ गई, जब कर्नाटक में कांग्रेस के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने अपनी पार्टी पर सार्वजनिक रूप से यह सवाल उठाया कि जब वोटर लिस्ट में गड़बड़ी (मतदाता सूची में अनियमितताएं) हो रही थीं, तो कांग्रेस उस समय चुप क्यों रही। कांग्रेस ने जवाब देने की जगह अपने मंत्री से इस्तीफा ही ले लिया। यही है कांग्रेस के यहां प्रश्न पूछने का नतीजा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारी जोरों पर

**रांची।** झालसा के निर्देश पर वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को होना सुनिश्चित हुआ है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समझौता पूर्व बैठक 14 जुलाई से शुरू हो चुका है, जो 12 सितंबर तक चलेगा। इसी के मद्देनजर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा भी तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी न्यायालयों से वादकारियों को नोटिस भेजने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 ने सभी न्यायिक अधिकारियों से वार्तालाप कर आगमी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहां कि अपने न्यायालय के माध्यम से पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित कर नोटिस का अधिक से अधिक तामिला कराएं, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

## चंद लोगों के सहारे चल रही देश की शासन व्यवस्था : केशव महतो कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोकतंत्र के पहरेदार लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। भारत के लोकतंत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग के गठजोड़ ने पूरे विश्व समुदाय के समक्ष शर्मसार किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भारत का लोकतंत्र हमारे संविधान की नींव पर टिका है, इसी संविधान में एक व्यक्ति एक वोट का अधिकार दिया गया है। संविधान निर्माताओं ने परिकल्पना की थी कि भारत के नेतृत्वकर्ता को चुनने में सबको समान अधिकार है। इस अधिकार की चोरी भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर कर रही है। लोकतंत्र में वोट का अधिकार जनता को सबसे ज्यादा ताकत देता है,यह ताकत जनता से छीनी जा रही है,वोट चोरी से भाजपा देश मे सत्ता हासिल कर रही है।मोदी ने देश को अराजक



की स्थिति में खड़ा कर दिया है संस्थाएं मनमानी पर उतर रही हैं विपक्ष द्वारा सवाल उठाने पर नेताओं को हिरासत में लिया जा रहा है,नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं को जनता पर भरोसा नहीं था इसलिए चुनाव आयोग के साथ भाजपा ने गठबंधन किया जिसने वोट चोरी कर भाजपा को केंद्र और विभिन्न राज्यों में सत्ता प्राप्ति में सहयोग किया। राहुल गांधी ने सबूत के साथ वोट चोरी का खुलासा किया लेकिन चुनाव आयोग शपथ पत्र मांग रहा है लोकतंत्र का इससे बड़ा मजाक नहीं हो सकता। भारत के चुनावी प्रक्रिया की पूरे विश्व में मिसाल दी जाती थी परंतु आज हमारी चुनावी प्रक्रिया को विश्व जगत शक निगाह से देख रहा है नरेंद्र मोदी की सत्तालोलुपता ने देश की शाख को दाँव पर लगा दिया है। चुनाव आयोग अगर निष्पक्ष है तो इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट जारी करें,मतदान का सीसीटीवी फुटेज जारी करे ताकी जनता का भरोसा चुनाव पर कायम रह सके।

उन्होंने कहा कि साफ सुथरी वोटर लिस्ट स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की नींव है,यह जनता का हक है लेकिन इस हक पर डाका डाला जा रहा है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था चोरी में अग्रिम भूमिका निभा रही है, इस वोट चोरी के खिलाफ जनता को खड़ा होना होगा,भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा।वोट चोरी के खिलाफ राहुल गांधी ने जो युद्ध छेड़ा है उसे निर्णायक मोड़ पर पहुंचाना है। देश में निष्पक्ष चुनाव पूरी तरह संदेह के घेरे में आ गया है,भाजपा के शासनकाल में संवैधानिक संस्थाएं कैद कर ली गई है,चंद लोगों के सहारे देश की शासन व्यवस्था तानाशाही कानून से चल रही है।

**पहल** | सीयूजे ने पाकुड़ के अमड़ापाड़ा में किया कार्यशाला का आयोजन, बोले प्रो सुचेता

# माल पहाड़िया की ज्ञान परंपरा का दस्तावेजीकरण जरूरी

● कार्यशाला में समुदाय के 54 लोगों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विवि (सीयूजे) के मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययन विभाग (डीएटीएस) ने माल पहाड़िया जनजाति के सांस्कृतिक-पारिस्थितिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण के लिए पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा ब्लॉक में कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक और शोध परियोजना की मुख्य निदेशक प्रो सुचेता सेन चौधरी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य माल पहाड़िया जनजाति के विभिन्न पहलुओं का दस्तावेज तैयार करना है, जिसमें मुख्य उनकी विस्तृत सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिक ज्ञान परंपरा है। लगभग सवा दो लाख की आबादी वाले इस समुदाय का दस्तावेजीकरण बहुत ही अहम था। ये मुख्यतः झारखंड और बंगाल में रहते हैं।

इस कार्यशाला का आयोजन मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययन विभाग (डीएटीएस) के अंतर्गत चल रहे आईसीएसएसआर की प्रमुख शोध परियोजना 'ए स्टडी ऑन द कल्चरल इकोलॉजिकल नॉलेज ऑफ द माल पहाड़िया ऑफ झारखंड' (झारखंड के माल पहाड़िया के सांस्कृतिक पारिस्थितिक ज्ञान पर एक अध्ययन) में अध्ययन के लिए प्रथम स्तर पर किया गया। इस एकदिवसीय इंटरैक्टिव कार्यशाला में दुमका जिले के अमलागरिया, आसनपहाड़ी और कैराबनी गांवों तथा पाकुड़ जिले के बोड़ो पहाड़ गांव से आए माल पहाड़िया समुदाय के 54 ग्रामीण और प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें सत्रह महिलाएं और सैंतीस पुरुष शामिल थे।

शोध परियोजना के सह शोधकर्ता डॉ एम रामाकृष्णन ने बताया कि इस कार्यक्रम में माल पहाड़िया समुदाय के एथनोइकोलॉजी और उसके जैविक और अजैविक पहलुओं, जैवमंडल (बायोम) के बारे में उनके अपने एथनिक (जनजातीय) विचार, तथा गीतों और कहावतों में संबंधित प्रतीकात्मक सांस्कृतिक पहलुओं पर चर्चा की गई। इसमें सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से अपने विचार रखे। कार्यशाला में अमलागरिया गांव के शिक्षक श्यामलाल अहारी, संताल परगना आयुक्त कार्यालय के अधिकारी भादु देहरी, अमड़ापाड़ा के सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेमलाल देहरी, जनार्दन पहाड़िया, बोड़ो पहाड़ के ग्राम प्रधान और युवा प्रतिभागियों में से दीपक पहाड़िया, बोड़ो पहाड़ के कमला पहाड़िया और आसनपहाड़ी गांव के प्रेम कुमार डेहरी उपस्थित थे।



### सांस्कृतिक वनस्पतियों पर ज्ञान का आदान-प्रदान

फोटो सत्र के दौरान जनजाति के ज्ञान परंपरा से जुड़ी एथनो बोटेनिकल (जनजातीय वनस्पति), औषधीय और सांस्कृतिक वनस्पतियों पर ज्ञान का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही, एक नई अंतर्दृष्टि विकसित करते हुए सभी ज्ञान और संसाधनों का ग्रामीणों के मदद से सत्यापन भी किया गया। सभी पुरुषों और महिलाओं ने माल पहाड़िया क्षेत्र और जनजाति से जुड़ी वनस्पतियों को सूचीबद्ध करने में भी भाग लिया।

# न्यूज बॉक्स

## दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ




**रांची।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मंगलवार को नई दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस बाइक रैली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने देशभक्ति की अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा, तिरंगा झंडा और राष्ट्र के सम्मान में निकाली गई इस रैली में शामिल होकर गौरवान्वित हूं। यह तिरंगा हमारी एकता, आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, किरण रिजूजू, जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, जीतन प्रसाद, टोकन साहू सहित कई केंद्रीय मंत्री, सांसद एवं हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

## एक महीने में स्वीकृत हुए 2 लाख से अधिक पीएम आवास : संजय सेठ



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विगत 15 जुलाई को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की थी। तब उन्हें झारखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की स्थिति से अवगत कराया था। इस मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने शिवराज सिंह से झारखंड के 2,22,069 प्रतीक्षारत लाभार्थियों के लिए आवास स्वीकृत करने का आग्रह किया था। इस आग्रह के आलोक में झारखंड के 2 लाख से अधिक प्रतीक्षारत लाभार्थियों के लिए आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर उनका आभार जताया। केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा, प्रधानमंत्री का संकल्प है हर कच्चे मकान को छत मिले। इसी संकल्प के साथ शिवराज सिंह चौहान आगे बढ़ रहे हैं। मुझे खुशी है कि झारखंड की जनता की हर जरूरत और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है।

## आजसू प्रतिनिधिमंडल ने रांची विवि के कुलपति का किया स्वागत



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ ( आजसू ) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के नए कुलपति डॉ डीके सिंह से मुलाकात कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कुलपति डॉ सिंह को छात्र हित एवं विश्वविद्यालय हित काम करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शहदेव, प्रताप सिंह, सौरभ शर्मा, राजेश सिंह, गौरव सिंह, रवि रोशन, प्रशांत महतो, अमन साहू, विद्यानंद राय, योगेश महतो, शिवम कुमार, नितेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अजय



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने अजय दुबे को किसान मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। पवन साहू ने अजय दुबे को उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए कहा कि, इनके उपाध्यक्ष बनने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि पीएम मोदी के द्वारा किसानों के हित में लागू किए गए योजनाओं को राज्य के किसानों तक पहुंचाने में सहयोग मिलेगी। वहीं अजय दुबे ने अपने मनोनयन पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष पवन साहू एवं महानगर के जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है एवं संगठन को मजबूत करने में अपनी कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए भूमिका निभाने की बात कही है। अजय दुबे ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने हम पर जो उम्मीद जताई है, हम उसे पूरी तन्मयता के साथ सहयोगी बनकर साथ निभाने का प्रयास करूंगा।

## हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है राजभाषा : एचएन मिश्र



**रांची।** सीसीएल के रांची स्थित मुख्यालय, दरभंगा हाउस में शनिवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र के साथ महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के प्रमुख, महाप्रबंधक, राजभाषा नोडल अधिकारी तथा सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। बैठक का शुभारंभ करते हुए महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और राजभाषा विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। इसके बाद राजभाषा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों और प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय संबोधन में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा, राजभाषा हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। इसका प्रभावी कार्यान्वयन न केवल कंपनी के लिए, बल्कि हमारे हितग्राहियों के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे राजभाषा नीति का अक्षरशः पालन करें और पत्राचार, टिप्पणियों आदि में हिंदी का अनिवार्य रूप से प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ई-ऑफिस में अनुवाद सुविधा जैसी तकनीकी सहायता उपलब्ध है, जिसका उपयोग कर टिप्पणियां हिंदी में भेजी जा सकती हैं। इस अवसर पर, विगत तिमाही में राजभाषा के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन के लिए विभिन्न विभागों और इकाइयों को पुरस्कृत भी किया गया। तकनीकी श्रेणी में नगर प्रशासन विभाग को, गैर-तकनीकी श्रेणी में कल्याण विभाग को तथा सामान्य प्रशासन को संयुक्त रूप से शील्ड प्रदान की गई। क्षेत्रीय एवं केंद्रीकृत इकाइयों की श्रेणी में यह पुरस्कार गांधी नगर अस्पताल को दिया गया। बैठक का सफल आयोजन राजभाषा विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम रहा।

### 79वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने की बैठक, कहा

# कोई भी गणमान्य व्यक्ति आमंत्रण पत्र और गेट पास से वंचित न रहे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक हुई।बैठक में 15 अगस्त 2025 को 79वें स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों- आमंत्रण पत्र, राष्ट्रगान, मंच-पंडाल की समुचित व्यवस्था, महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं माल्यार्पण, परेड रिहर्सल, चिकित्सा व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था, सड़कों की मरम्मती एवं साफ सफाई, विद्युतीकरण, सुरक्षा व्यवस्था आदि विषयों पर सम्बंधित विभागों के पदाधिकारियों की समीक्षा हुई।

## आज होगा फुल ड्रेस रिहर्सल

स्वतंत्रता दिवस समारोह पर राज्यपाल के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए झंडोत्तोलन कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही राज्यपाल की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। सभी गणमान्य व्यक्तियों को ससमय आमंत्रण पत्र, गेट पास आदि उपलब्ध करा दिया जाए तथा कोई भी व्यक्ति न छूटे, यह सुनिश्चित कर लिया जाए। आयुक्त ने नगर निगम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बिरसा मुण्डा समाधि स्थल के आस-पास के क्षेत्रों की पूरी तरह से साफ-सफाई करा लें। साथ ही शहर के मुख्य समारोह स्थल तक जाने वाली सभी सड़कों एवं पूरे शहर की साफ सफाई कराने का भी निदेश दिया।



## स्वतंत्रता दिवस के परेड समारोह में 14 सुरक्षा बलों की टुकड़ियां भाग लेंगी

बैठक में परेड कमांडर ने बताया कि इस बार परेड में 14 सुरक्षा बल की टुकड़ियां भाग लेंगी। फाइनल रिहर्सल यानि 13 अगस्त को किया जाएगा। सलामी मंच की समुचित व्यवस्था ससमय पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मंच की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई चूक होने की संभावना न रहे। इसके अतिरिक्त माइक सिस्टम की गुणवत्ता, वाहन की पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित करना, एम्बुलेन्स एवं अग्निशमन वाहन की समुचित व्यवस्था, बैरिकेडिंग, विद्युतीकरण एवं आवश्यकता अनुसार जेनरेटर की व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था आदि करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, उप प्रशासक रांची नगर निगम, नगर पुलिस अधीक्षक, रांची,पुलिस उपाधीक्षक, यातायात,रांची, आयुक्त के सचिव, उपनिदेशक सूचना एवं जनसंपर्क, जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची,अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, सार्जेंट मेजर पुलिस लाइन, कांके,जिला नजारत उप समाहर्त्ता, सिविल सर्जन, रांची कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पद प्रमंडल रांची, अग्निशमन पदाधिकारी, विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शिकायतों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

### रांची जिला के विभिन्न अंचलों में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिले के सभी अंचलों में मंलगवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में जन शिकायतों का लगातार समाधान हो रहा है। आज भी जिले के विभिन्न अंचलों में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें कई लोगों की शिकायतों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जनता दरबार में अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

जनता दरबार में मुख्य रूप से आवासीय, जाति, आय एवं स्थानीय प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन, दाखिल-खारिज एवं भूमि विवाद निवारण, पंजी-2 में सुधार एवं भूमि अभिलेख संबंधी कार्य, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए आवेदन, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन से जुड़ी शिकायतें, मनरेगा एवं कृषि ऋण माफी, केसीसी से संबंधित मामले, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लंबित भुगतान आदि से संबंधित शिकायतें आईं। इनमें कइयों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया, जबकि जटिल मामलों को संबंधित विभाग/कार्यालय को अग्रसारित किया गया। सोनाहातू अंचल की सुलोचना ने जाति प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन दिया था। आवश्यक कार्रवाई पूरी कर अंचल कार्यालय से उन्हें प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया। नामकुम अंचल में कई लोगों को जनता दरबार में ऑनलाइन रसीद निर्गत किया गया। आवेदकों द्वारा बताया गया कि वे पहली बार जनता दरबार में आए और उनका काम हो गया। अनगड़ा अंचल के गेतलसूद के रहने वाले आवेदक की शिकायत पर पंजी-2 में ऑन द स्पॉट सुधार कर दिया गया। शिकायत के शीघ्र समाधान पर आवेदक द्वारा धन्यवाद दिया गया। साथ ही, अन्य अंचलों में भी कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि जनता दरबार जनता और प्रशासन के बीच प्रत्यक्ष संवाद का सशक्त माध्यम है। इससे प्रशासनिक कार्यवाही में पारदर्शिता आती है और आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल पाता है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक मंगलवार को अपने निकटतम अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में अपने आवेदन/शिकायत से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं, ताकि कार्यवाही में किसी प्रकार की देरी न हो।



### बिचौलियों के चंगुल में न फंसे : डीसी

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने एक बार फिर लोगों से अपील की है कि बिचौलियों के चंगुल में न फंसें। सीधे अंचल एवं प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारियों व कर्मियों से मिल अपनी समस्या के समाधान के लिए आवेदन दें। उन्होंने कहा कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में बिचौलिए दिखते हैं, तो नजदीकी थाना को इसकी शिकायत करें या अबुआ साथी-9430328080 पर इसकी जानकारी दें।

# 15 अगस्त को बंद रहेंगी मांस मछली की दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- रांची नगर निगम ने जारी किया सूचना

रांची नगर निगम के उप प्रशासक ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर वधशालाएं और मांस, मछली, मुर्गा की दुकानों के लिए बंद रखने की सूचना जारी की गई। इसके साथ ही खरीद बिक्री पर भी रोक रहेगी। सूचना में कहा गया है कि यदि कोई दुकानदार या विक्रेता 15 अगस्त को इन सामग्रियों की बिक्री करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मोरहाबादी वेंडर्स को मिला नया ठिकाना, ई-लॉटरी में हुई आवंटन प्रक्रिया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम ने मोरहाबादी इलाके के वेंडर्स को एक जगह पर व्यवस्थित करने के लिए बिजली ऑफिस के पास 1.36 करोड़ रुपए की लागत से नया वेंडर मार्केट तैयार किया है। पहले चरण में यहां 161 वेंडर्स को जगह मिल चुकी थी। आज दूसरे चरण में भी आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो गई। नगर निगम कार्यालय के आठवें तल पर उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की मौजूदगी में ई-लॉटरी के जरिए वेंडर्स को उनके ठिकाने आवंटित किए गए।लॉटरी पूरी होने के बाद उप प्रशासक ने खुद अलॉटमेंट लेटर बांटे और वेंडर्स को बधाई दी। वहीं वेंडर्स ने भी खुशी जाहिर करते हुए निगम के अफसरों और कर्मचारियों को पारदर्शी प्रक्रिया के लिए धन्यवाद दिया।इस मौके पर सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, सूरज प्रकाश सिंह, नगर अभियान प्रबंधक, आईटी शाखा, एनयूएलएम शाखा के कर्मचारी और मोरहाबादी क्षेत्र के चुने गए वेंडर्स मौजूद थे।

### एनएचआई का काम हो रहा नाकाम

# पहली बारिश में ही मुर्गू पुल धंसा

**मनोज मिश्रा**




**रांची।** रांची, डालटनगंज, लातेहार, गढ़वा और लोहरदगा की तरफ से आने वाली गाड़ियां या इस रूट की जाने वाली गाड़ियां एनएच 39 में मुर्गू पुल से होकर गुजरती है। यहां मुर्गू में पुल का निर्माण कराया जा रहा है, निर्माण पूरे होने से पहले ही यह पुल धंस रहा है। सड़क से गुजरने के क्रम में स्पष्ट देखा जा सकता है कि पुल नीचे की ओर झुक रहा है पुल पर गड्ढे पड़ रहे हैं। वही डिवाइडर भी नीचे की ओर झुकी है। आते जाते लोग अपनी गाड़ियों से उतर कर पुल के झुके होने की चर्चा कर रहे हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने स्थानीय लोगों से बात की जिसपर लोगों ने कहा कि एनएचआई ने रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जिसके काम की तारीफ चारों ओर हो रही है। वहीं मुर्गू पुल के निर्माण कि गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग गए हैं। पुल धंस रही है और विभाग मौन है। वर्षों से लोग पुल बनने का इंतजार कर रहे हैं और जब निर्माण समाप्ति के कगार पर पहुंचा तो पहली बारिश ने ही निर्माण की पोल खोल दी है। अब अगर विभागीय लीपा-पोती होगी तो भी वह गुणवत्ता नहीं हो सकती है जो होनी चाहिए थी। नाम नहीं छापने की सूरत में लोगों ने आरोप लगाया है कि पिलर का निर्माण सही से होता तो सड़क नहीं झुकती और ना डिवाइडर झुकता। एनएचआई का काम नाकाम हो रहा है और इसे देखने वाला कोई नहीं है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने एनएचएआई की जीएम एकता कुमारी से बात करने कि कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## सीसीएल में कर्मचारियों के रिकॉर्ड होंगे डिजिटल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में अब कर्मचारियों की सर्विस फाइलें कंप्यूटर पर रखी जाएंगी। इसके लिए आज स्पंदन सभागार में एक कार्यशाला हुई, जिसकी अध्यक्षता निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्रा ने की। कार्यशाला में महाप्रबंधक (मानव संसाधन/श्रमशक्ति) कविता गुप्ता, सभी क्षेत्रों और इकाइयों के स्टाफ अधिकारी, ईआरपी अधिकारी और नोडल अधिकारी शामिल हुए। बैठक में तय हुआ कि तय समय सीमा के भीतर सभी कर्मचारियों की सर्विस शीट्स को अपडेट कर डिजिटल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सर्विस शीट किसी भी कर्मचारी की पूरी नौकरी का रिकॉर्ड रखने का अहम दस्तावेज होता है। इसे डिजिटल करने से रिकॉर्ड में गड़बड़ियां खत्म होंगी और पेंशन, प्रमोशन, सीएमपीएफ जैसे मामलों का समाधान जल्दी और आसानी से होगा। इस मौके पर श्रमशक्ति टीम ने बताया कि यह काम कैसे किया जाएगा। वहीं एक्सेंचर टीम ने ईआरपी/एसएपी सिस्टम में डेटा अपलोड करने पर सहमति जताई। इससे सभी कर्मचारियों के रिकॉर्ड सुरक्षित, अपडेटेड और आसानी से उपलब्ध रहेंगे।

### आज / कल




## समर्पण शाखा ने किया दीपोत्सव मेला 2025 का पोस्टर विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को दिगंबर जैन भवन में दीपोत्सव मेला 2025 के पोस्टर का विमोचन किया गया। यह मेला 4 और 5 अक्टूबर 2025 को दिगंबर जैन भवन हरमू रोड में लगेगा। मेले में कैंडल, कुर्ती, बेडशीट, होम मेड आइटम वगैरह के स्टॉल रहेंगे। मेले में शॉपिंग के अलावा फूड स्टॉल एवं गेम्स भी रहेंगे। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि स्टॉल की बुकिंग शुरू हो गई है। कई स्टॉल बुक भी हो गए हैं। मीडिया प्रभारी ने कहा मेले से रिलेटेड कोई भी जानकारी के लिए संयोजिका से संपर्क किया जा सकता है।कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, सचिव शुभा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष मीनू अग्रवाल, सरिता बथवाल, कविता सोमानी, वर्षा धानुका एवं अन्य सदस्य उपस्थित थीं।




**मेले से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए संयोजिका का फोन नंबर**

1. मीनू अग्रवाल : 9334018767
2. सरिता बथवाल : 9430733658
3. कविता सोमानी : 7549043770
4. रोजी खंडेलवाल : 7992248634



## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में हुआ श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 166वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया। अरुण खूंटेटा ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़-चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। अरुण खूंटेटा ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक-ढपली के स्वर के साथ श्रीगणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती की गई और इसके बाद भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

### लोगों ने ली राहत की सांस

# तिलता चौक में नहीं लगा जाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पिछले कई महीने से तिलता चौक में एक भी ट्रैफिक सिपाही की तैनाती नहीं थी जिससे यहां प्रतिदिन जाम लगता था और घंटों लोगों को जाम में फंसे रहना पड़ता था। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र ने तिलता चौक में प्रतिदिन लगता है जाम शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर का असर हुआ है और तिलता चौक में पुलिस वाहन और वायरलेस से युक्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। यहां तैनात पुलिसकर्मियों ने तिलता चौक में मंगलवार को जाम होने ही नहीं दिया जिससे लोगों में राहत की सांस ली। गाड़ियां बड़ी सुगमता से आ जा रही थी वहीं स्थानीय चर्चा थी कि चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती रहेगी तो जाम देखने को नहीं मिलेगा, प्रेशर हॉर्न और गाड़ियों से उगलते जहरीले धुएं से स्थानीय लोगों की बचाव होगी ।


एक भी ट्रैफिक सिपाही नहीं रहते हैं तैनात
तिलता चौक में प्रतिदिन लगता है जाम
जाम में दम तोड़ती व्यवस्था, तिलता चौक पर हर दिन अफरा-तफरी




### बेड़ो भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

# पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो भाजपा मंडल के तत्वावधान मंगलवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत साथ ही आजादी के 79 वर्षगांठ के अवसर पर बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर तिरंगा यात्रा के दौरान प्रभारी के रूप में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते प्रखंड मुख्यालय में समाप्त हो गई. यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय के नारों के साथ भ्रमण कर मुख्यालय स्वतंत्रता सेनानी शिलालेख तक पहुंच कर समाप्त हो गई। वहीं हाथों में तिरंगा लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों को याद किया गया । कार्यक्रम में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, नेहा सिंह, प्रदेश एसटी मोर्चा के भीखा उरांव, नकुल राम महथा, रंजन गुप्ता, आनंद साहु, मिडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु, आदित्य ताम्रकार, गणेश महथा, कमलेश महतो, कमलेश लाल, मोनु सिंह, मनोज सिंह, सत्यनारायण साहु, सुरेन्द्र लोहरा, धनेश्वर साहु, फागु मुंडा, शंकर बड़ाइक, धनेश्वर राम, मनोज बड़ाईक, शक्ति राम, जगतपाल, सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सैकड़ों लोग शामिल थे।

## वंदेभारत ट्रेन चलाने की प्रक्रिया शुरू

**रांची।** रांची-पुरी वंदेभारत एक्सप्रेस चलाने को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। रेलवे बोर्ड से क्षेत्रीय रेलवे कार्यालय को पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया कि हटिया से चल रही तपस्विनी एक्सप्रेस में होने वाली भीड़, समय सारणी सहित अन्य तकनीकी चीजों पर अध्ययन के उपरांत आगे की प्रक्रिया पूरी होगी। वहीं, यात्री संघों ने रांची-पुरी के लिए स्लीपर वंदेभारत एक्सप्रेस देने की मांग कर रहे हैं, ताकि यात्रियों को लंबा सफर आसानी से पूरा हो जाए। ज्ञात हो कि जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी, सांसद खीरु महतो सहित अन्य लोगों के द्वारा रांची से पूरी वंदेभारत एक्सप्रेस चलाने की मांग की गई थी। यह मांग 2024 और फरवरी 2025 में भी की गई थी। रांची से हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग रांची से हरिद्वार-देहरादून के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग की गई है। यह मांग उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य सतीश सिन्हा ने की है।

# कक्षा 11वीं के नए छात्रों का किया गया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** एसीसी हाई स्कूल, खलारी में कक्षा 11 के नए छात्रों को फ्रेशर पार्टी के साथ स्वागत किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नवागंतुक छात्रों को विद्यालय परिवार में आत्मीयता और सहजता का अनुभव कराना था। शुभारंभ विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी, उप प्रधानाध्यापिका अर्चना उपाध्याय व एसीसी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल रवि गिरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों के संबोधन के बाद कक्षा 12 के छात्रों ने स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। कविता पाठ, संगीत, कामेडी स्किट और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में 'मिस्टर फ्रेशर' और 'मिस फ्रेशर' का चुनाव किया गया। इस कार्यक्रम से पुराने व नए छात्रों के बीच आपसी जुड़ाव भी स्थापित हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन के अलावा श्रीकांत शर्मा, प्रकाश चौधरी, दीपा गिरी व शर्मिला पात्रा की सराहनीय भूमिका रही।

# न्यूज बॉक्स

## मेरा रेशम मेरा अभिमान कार्यक्रम उपयोगी : इंद्रपाल चौधरी




**रांची।** सीतापुर उत्तर प्रदेश में मेरा रेशम मेरा अभिमान के तहत जागरुकता कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया. जिसमें रेशम कृषकों सहित कुल 52 लोगों ने सहभागिता किया. इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य इंद्रपाल चौधरी जिला पंचायत सदस्य ने सहभागिता किया. इस अवसर पर सीएसबी बीटीएसएसओ बिलासपुर के वैज्ञानिक डॉ जयप्रकाश पांडेय, सतीश कुमार, एएसडीओ राज्य रेशम विभाग उत्तर प्रदेश व बीरेन्द्र कुमार रेशम सहायक ने कृषकों की जागरूकता हेतु व्याख्यान दिया. साथ ही इस टीम ने तकनीकी के प्रदर्शन के लिए सीतापुर के राजकीय रेशम फार्म परसेंडी एवं आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया, रेशम कृषकों से चर्चा किया एवं रेशम से जुड़े लोगों से जानकारी एकत्र किया एवं रेशम कीटपालन के विषयों पर चर्चा किया। इसके साथ ही राज्य रेशम विभाग के अधिकारियों से "मेरा रेशम मेरा अभिमान" के तहत सीतापुर जनपद में रेशम उद्योग को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया।

## जनता दरबार में 71 आवेदन आए



**रांची।** मांडर प्रखंड में जनता दरबार अंचल अधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में आयोजन किया गया, जिसमें अंचल कर्मी/राजस्व उपनिरीक्षक/अंचल निरीक्षक एवं अंचल अमीन उपस्थित थे। उक्त शिविर से कुल 71 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें परिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र से 1 आवेदन निष्पादन, जाति प्रमाण-पत्र से 1 आवेदन निष्पादन, आवासीय प्रमाण-पत्र से 2 निष्पादन, पंजी-2 में सुधार से 2 निष्पादन 2 प्रक्रियाधीन, दाखिल-खारिज से 4 निष्पादन भूमि विवाद से 1 प्रक्रियाधीन, भूमि सीमांकन से 1 आवेदन प्रक्रियाधीन, केसीसी से 3 आवेदन सत्यापन, आपदा से (मकान क्षति) 1 आवेदन प्रक्रियाधीन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से 53 आवेदन सत्यापन किया गया। पंजी-2 सुधार से संबंधित प्रयागो के जल्हा उराँव एवं मलती के महम्मद अजमुद्दीन ने कॉफी दिनो से परेशन थे जिसे आज जनता दरबार में दोनों का आवेदन को निष्पादन किया गया निष्पादन के उपरान्त शिविर आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं उपायुक्त महोदय को दोनों ने धन्यबाद किया ।

## महिला समूहों की हुई बैठक




**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के पेंडाईडीह पंचायत में आम सभा वार्षिक लेखा जोखा में 5 पंचायत के महिला समूहों की बैठक हुई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ, विशिष्ट अतिथि मुखिया अनिता देवी, साथ में बैंक के मैनेजर सुरेश कुमार एवं जेएसपीएल के शशि महतो, रानी परवीन और सैकड़ों समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## चान्हो पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार, पिस्टल और कारतूस बरामद





**चान्हो।** थानाक्षेत्र के बरहे गांव में पिस्टल दिखाकर ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी देने वाले दो युवकों को सोमवार को चान्हो पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों युवकों के पास से एक पिस्टल और 3 कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान काली लोहरा और आनंद महली के रूप में हुई है। दोनों युवक बरहे गांव के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार करने के बाद उनके पास से बरामद पिस्टल और कारतूस को जब्त कर लिया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है और दोनों युवकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगी।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 16 व 17 को



रांची। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा अलबर्ट एक्का चौक पर 16 व 17 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि समिति के द्वारा 14 बार यह महोत्सव मनाया जा चुका हैं। हम 15 वे वर्ष में प्रवेश कर रहे है। प्रथम दिन 16 अगस्त को संध्या 4:00 बजे श्री कृष्ण के बाल गोपाल प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसमें श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बाल गोपाल बच्चे ,बच्चियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। श्री कृष्ण बाल रूप झांकी का उद्घाटन रांची की धार्मिक व सामाजिक सहित व्यापारिक संस्था के अध्यक्ष व सचिव सहित विशिष्ट अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। दूसरे दिन 17 अगस्त को संध्या 4:00 बजे नमो दही हांडी- फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाट्य के मंचन सहित देश भक्ति के गीत का आयोजन रखा गया है। नमो दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष व महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। दही हाडी प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन के साथ कुछ नियम और शर्तें भी रखी गई है। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया पुरुष गोविंदा को 1 लाख एक रुपए का प्रथम पुरस्कार वहीं 41 हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। साथ ही महिला गोविंदा को 51हजार रुपये प्रथम पुरस्कार साथ ही 21हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। एक से ज्यादा टीमों के गोविंदा द्वारा हांडी फोडे जाने पर कम समय में हांडी फोड़ने वाले गोविंदा टीम को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार दिए जाएंगे। बाल गोपाल झांकी में भाग लेने वाले बच्चे और बच्चियों की उम्र 12 वर्ष से कम होनी चाहिए।

# मजदूर नेता ने मृतका के स्वजनों को दी खाद्य सामग्री



**खलारी।** खलारी प्रखंड पियारटांड़ निवासी निरंजन कुमारी की कुछ दिनों पहले बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी मंगलवार को मृतका के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर परिस्थिति में साथ रहने का भरोसा दिलाया। अब्दुल्ला अंसारी ने परिवार की तत्काल जरूरत को देखते हुए 50 किलो आटा, 50 किलो चावल और 5 किलो तेल सहित आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान की। उन्होंने कहा कि ऐसी मुश्किल घड़ी में सभी को मिलकर एक-दूसरे का सहारा बनना चाहिए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी परिवार को हर संभव सहायता दी जाएगी।

## खेल निदेशक से मिले वुशु के पदक विजेता

**रांची।** हाल ही में बाटुमी इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटे झारखंड के दो युवा खिलाड़ी एल प्लेटोदीप सिंह और तनुश्री ने मंगलवार को खेल निदेशक शेखर जमुआर से उनके मोरहाबादी स्थित कार्यालय में मिले। रांची खेल निदेशक ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभागियों की कमी कमी नहीं सिर्फ उन्हें तराशने की जरूरत है जिसस वह आगे बढ़ेंगे और राज्य का नाम रौशन करेंगे।

यह प्रतियोगिता 1 से 6 अगस्त तक हुई थीं, जिसमें 39 सदस्यों वाले भारतीय दल ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में एल प्लेटोदीप सिंह ने ताऊलु स्पर्द्धा में दो रजत पदक और तनुश्री ने एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया था। मौके पर अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड वुशु एसोसिएशन के उदय साहू, शैलेंद्र दुबे, विभूति भूषण अमर, शिवेंद्र दुबे आदि मौजूद थे।

# जेल से बाहर निकलते ही पुलिस ने पूर्व पार्षद को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हिंदपीढ़ी भट्टी चौक के पास दो दिन पहले साहिल गद्दी उर्फ कुरकुरे की गोली मारकर हत्या के मामले में पूर्व पार्षद मो असलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। असलम से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि हिंदपीढ़ी के अप्पू उर्फ इरशाद को बुरी तरह से पीटने के मामले में पूर्व पार्षद समेत उसके सभी भाई आरोपी बनाए गए थे। पुलिस की दबिश के बाद आरोपी असलम ने 26 जून को न्यायालय में सरेंडर किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। इस मामले में आठ अगस्त को हाईकोर्ट ने असलम को जमानत दी थी। मंगलवार को रिलीज ऑर्डर पहुंचने के बाद दिन के एक बजे असलम को जेल से बाहर निकला था। हालांकि, हिंदपीढ़ी पुलिस को इसकी जानकारी मिल गई थी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम पहले से ही जेल के बाहर थी। असलम को लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग जेल के बाहर थे। जैसे ही असलम जेल से निकला, मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है। बता दें कि पूर्व पार्षद के भाई मो आसिफ को पुलिस ने सोमवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कम्युनिटी हॉल को सील करने पर नहीं हुई थी चर्चा ऑल इंडिया गद्दी बिरादरी के साहेब अली और गद्दी पंचायत के अध्यक्ष मेराज गद्दी ने बयान दिया है कि कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के साथ सोमवार को हुई बैठक में अमन कम्युनिटी हॉल को सील करने पर चर्चा नहीं हुई। कम्युनिटी हॉल में ड्रग्स का कारोबार चलता है, इस पर भी कोई चर्चा नहीं हुई थी। अफरोज और असलम द्वारा ड्रग्स का कारोबार किया जाता है या नहीं, इस पर भी बैठक में कोई बात नहीं हुई थी। 10 को भट्टी चौक पर हुई थी कुरकुरे की हत्या हिंदपीढ़ी भट्टी चौक के पास बाइक सवार अपराधियों ने कुरकुरे की रविवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया था। पूर्व पार्षद मो असलम का अमन कम्युनिटी हॉल और मुख्य आरोपी अरमान के घर पर हमला कर दिया। दोनों जगहों पर आक्रोशित भीड़ ने न सिर्फ तोड़फोड़ की, बल्कि बुलेट बाइक समेत कई सामानों को आग के हवाले कर दिया।

# किता नहर मरम्मती को लेकर जल पथ प्रमंडल को लिखा पत्र



**सिल्ली।** मंगलवार के दिन झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रांची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत में स्थित किता नहर बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी नहर है। यह किता और धुंधाजरा के बीच में करीब सात - आठ जगह टूट गया है, जिससे पानी खेतों में न जा कर गड्ढे में चला जाता है। सबसे ज्यादा तेलचिपा - धुंधाजरा के सामने खाई बन चुका है। पूरी नहर की स्थिति जर्जर है। नहर की खराब स्थिति को देखते हुए कार्यपालक अभियंता जल पथ प्रमंडल सिंचाई भवन रांची को पत्र लिख कर किता नहर को अतिशीघ्र मरम्मत करने की मांग की है। ताकि किसानों के खेत में पानी जा सके। उक्त जनकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति को दी है।

# सीएफएल का तृतीय वार्षिक आम सभा का हुआ आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार को बंता आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड में तृतीय वार्षिक आम सभा संपन्न हुआ। इसमें महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस सम्मेलन से महिलाओं को काफी लाभ होगा और इससे आगे बढ़ने की पूरी संभावनाएं होती है। इस अवसर पर रांची जिला परिषद उपाध्यक्षा वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप मुखिया सीमा देवी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जे.एस . एल . पी . एस . अमिता राहिल टुटी,सीसी पंचमी देवी,आईपीआरपी मोहन महतो,जीआरसी को ऑर्डिनेटर धर्मेंद्र महतो,सीएलएफ की अध्यक्ष शीला देवी, सचिव सावित्री देवी, कोषाध्यक्ष रामनवमी देवी,सभी कैडर तथा सभी ग्राम संगठन की पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# तीन साहित्यकारों को मिला सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**

- **वाईबीएन यूनिवर्सिटी के सभागार में हुआ तुलसी जयंती सह सम्मान समारोह का आयोजन**



**रांची।** झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के तत्वावधान में मंगलवार को वाईबीएन यूनिवर्सिटी के सभागार में स्थापना दिवस, तुलसी जयंती सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन और रिंकू बनर्जी के सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंच के सचिव विनोद सिंह गहरवार ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य (डॉ) धर्मेंद्र मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि वाईवीएन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ सत्यदेव पोद्दार एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य (हिंदी विभाग) डॉ नंद जी दुबे थे। वाईवीएन के चेयरमैन रामजी यादव विशेष अतिथि एवं रांची विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडे मुख्य वक्ता थे। वक्ताओं के महाकवि तुलसीदास के कृतित्व एवं उनके महाकाव्य रामचरितमानस पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर शहर के तीन साहित्यकारों को हिंदी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। हिमकर श्याम एवं अनिता रश्मि को 'साहित्य संस्कृति सम्मान' से सम्मानित किया गया। अहिंदी भाषी डॉ सुरिंदर कौर नीलम को 'हनुमान सरावगी हिंदी साहित्य सम्मान' से अलंकृत किया गया। सम्मानित साहित्यकारों को सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न, शॉल और पौधा प्रदान किया गया। मंच के संरक्षक विनय सरावगी ने बताया कि उनके पिता के नाम पर यह सम्मान प्रत्येक वर्ष मंच से जुड़े अहिंदी साहित्यकार को 5100 रुपए के साथ दिया जाएगा।

डॉ माया प्रसाद एवं रामजी यादव ने सम्मानित सदस्यों को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव की।

## क्षेत्र की समस्या को लेकर बीडीओ से मिला जिप सदस्य

**चान्हो।** जिला परिषद सदस्य आदिल अज़ीम ने मंगलवार को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बीडीओ वरुण कुमार से मुलाकात की। उन्होंने बीडीओ वरुण कुमार के साथ बैठक कर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों पर चर्चा की। आदिल अज़ीम ने बीडीओ को बताया कि जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नागरिकों को कई बार अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जैसे कि लंबी प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की कमी, और विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाना। जिस पर बीडीओ ने कहा कि हम आपकी बातों पर गौर करते हुए यकीन दिलाते है कि किसी को भी जन्म प्रमाण पत्र बनाने में अनआवश्यक भागदौड़ नहीं करना पड़ेगा। कोई एक प्रमाण पत्र जिसमें उसका डेट ऑफ बर्थ साफ लिखा हुआ हो, तो फिर मेरे तरफ से कोई दिक्कत नहीं होगी।

## गुमशुदा बच्चा पिठौरिया थाने में पहुंचा परिजनों से अपील- पहचान करें और संपर्क करें



**पिठौरिया** । पिठौरिया चौक से एक गुमशुदा बच्चा पिठौरिया थाने में पहुंचा है, जो अपना नाम और पता नहीं बता पा रहा है। थाना प्रशासन ने बच्चे को अस्थायी रूप से थाने में रखा है और परिजनों से अपील किया है कि वे बच्चे की पहचान करें और संपर्क करें। बच्चे की उम्र लगभग 8-10 साल है और वह हिंदी भाषा में बात कर सकता है, लेकिन अपने बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहा है। थाना प्रशासन ने बच्चे की तस्वीर जारी की है और लोगों से अपील की है कि वे बच्चे की पहचान करें और परिजनों को संपर्क करने में मदद करें। यदि किसी के पास कोई जानकारी है, तो पिठौरिया थाने में संपर्क करें और बच्चे को उसके परिजनों से मिलाने में मदद करें।

**आत्मनिर्भर** सखी मंडल से आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही महिलाएं

# बुकबुका आजीविका महिला संकुल का वार्षिक आम सभा में सम्मानित हुई दीदीयां

**नवीन मेल संवाददाता**

- **आम सभा में बड़ी संख्या में विभिन्न सखी मंडलों की दीदियां सम्मिलित हुईं। शुरुआत स्वागत भाषण व अतिथियों के सम्मान से हुई**



**खलारी।** बुकबुका आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि मोनु रजक, बीपीएम रामअवतार महतो, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, गीता देवी के अलावा सीएलएफ की अध्यक्ष आशा खलखो, सचिव पूर्णिमा देवी, कोषाध्यक्ष मुगिया देवी व लेखापाल किरण मिंज मौजूद थी। आम सभा में बड़ी संख्या में विभिन्न सखी मंडलों की दीदियां सम्मिलित हुई। शुरुआत स्वागत भाषण व अतिथियों के सम्मान से हुई। इसके बाद समिति के एक वर्ष के लेखा-जोखा और कार्य प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्षभर में महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाने, समूह आधारित गतिविधियों को मजबूत करने और आयवर्धन योजनाओं में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। वहीं कार्यक्रम के दौरान वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 'बेस्ट केडर' और 'बेस्ट वीओ' को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य समूह की अन्य सदस्याओं को भी प्रेरित करना था, ताकि वे अपने कार्य में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। सभा का समापन धन्यवाद ज्ञापन और भविष्य में बेहतर कार्ययोजना बनाने के संकल्प के साथ किया गया। इस मौके पर संगीता नाग, आरती मुंडा, बेबी देवी, सुनीता सिन्हा, अलीना बानो, कांता केरकेट्टा, सुनिशा केरकेट्टा, मीना देवी, सरिता देवी, सुभांति देवी, रूबी देवी, नगीना देवी, ममता देवी सहित सभी 14 ग्राम संगठनों की सदस्याएं उपस्थित थी।

### ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 208 वी जयंती मनाई गई

## ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने देश को स्वतंत्रता दिलाई : अजय नाथ शाहदेव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 208 वी जयंती मनाई गई। मौके पर ठाकुर निवास बडकागढ़ जगन्नाथपुर में अमर शहीद के अदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । समारोह के मुख्य अतिथि जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव का स्वागत अमर शहीद के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने पुष्पगुछ देकर किया । सर्वप्रथम स्मारक स्तंम्भ मे जाकर शहीद की प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक सहाय, अतिथि के रूप में परमेश्वर सिंह, अनिल कुमार, निरंजन कुमार, मुख्तार अंसारी, अरुण कुमार, आशुतोष द्वेदी, बेबी कच्छप, चंदन कविराज ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। जगन्नाथपुर, मोसीबारी, हटिया, सिंहमोर, तुपुदाना एवम आदि से आए लोगों का बारी-बारी से स्वागत किया। ठाकुर साहब बड़कागढ़ इस्टेट श्री ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही शहादत स्मारक स्तंभ के सुंदरीकरण की मांग की।

### डाय केयर सेंटर फोर कैंसर कीमोथेरेपी का हुआ उदघाटन

# सदर अस्पताल में कैंसर कीमोथेरेपी केंद्र खुलने से लोगों को मिलेगा लाभ : सिविल सर्जन

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** नेशनल प्रोग्राम फोर प्रेवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ नन कम्युनिकेबल के अंतर्गत कैंसर रोगियों के लिए कीमोथेरेपी की निरंतरता प्रदान करने के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ में 04 बेड वाला आवश्यक उपकरण सहित डाय केयर सेंटर फोर कैंसर कीमोथेरेपी का उदघाटन बुधवार को जिले के सिविल सर्जन डॉ महलक्ष्मी प्रसाद द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिले के डीएलओ सह नोडल पदाधिकारी एनपी-एनसीडी डॉ तूलिका रानी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ हरेन चन्द्र महतो, डीपीएमयू टीम एवं अस्पताल प्रबंधन के सभी सदस्य भी मौजूद थे जिनकी उपस्थिति में डाय केयर सेंटर फोर कैंसर कीमोथेरेपी का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिले के सिविल सर्जन डॉ महलक्ष्मी प्रसाद कहा कि सदर अस्पताल ने कहा कि कैंसर कीमोथेरेपी केन्द्र खुलने से लोगों को लाभ मिलेगा। ज्ञात हो कि प्रारम्भ में झारखंड के आठ जिलों चतरा, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, जामताड़ा, रामगढ़, साहेबगंज एवं पश्चिमी सिंघभूम में डाय केयर सेंटर फोर कैंसर कीमोथेरेपी स्थापिता किया जाना था। साथ ही डाय केयर सेंटर फोर कैंसर कीमोथेरेपी कार्यरत होने से टीसीसीसी में पहले से ही उपचार करा रहे कैंसर रोगियों सहायता प्रदान की जा सकेगी एवं अन्य कैंसर रोगियों को भी इससे लाभ होगा। जिले में सदर अस्पताल मे डाय केयर सेंटर फोर कैंसर कीमोथेरेपी के संचालन से अन्य कैंसर जैसे ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसरआदि रोगों का भी इलाज कीमोथेरेपी द्वारा किया जा सकेगा।

### अल्पसंख्यक महाकल्याण मोर्चा के अध्यक्ष ने अपनी वाहन से दुर्घटनाग्रस्त को पहुंचाया अस्पताल

**बरही ।** ग्राम पंचायत मलकोको के मलकोको रोड पर दो बाईक सवार आपस मे टकरा गए. जिसमें दोनो बाईक सवार मो शहजाद पिता सराज अंसारी व मो जाविद बेहोश होकर गिर गए थे. जिसकी नजर अल्पसंख्यक महाकल्याण मोर्चा के अध्यक्ष कयूम अंसारी की पड़ी. मो कयूम ने बिना देर किए दोनो घायलों को ग्रामीणों की मदद से अपनी वाहन में लेते हुए अनुमंडलीय अस्पताल लाया और ईलाज भी करवाया. जहां दोनों युवकों का प्राथमिक ईलाज के बाद रांची रेफर कर दिया गया. घायलों में मो शहजाद को माथा में चोट होने के कारण स्थिति गंभीर बताई गई है. इस कार्य में उनके साथ मौजूद समाजसेवी पप्पू खान ने सार्थक भूमिका निभाई. अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ने सभी दुपहिया चालकों से हेलमेट के साथ निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन चलाने की अपील किया. उन्होंने कहा की जीवन अनमोल

## मानपुर की टीम बनी फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

- **खिलाड़ियों के उत्साहवर्द्धन के लिए डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो कल विष्णुगढ़ के सारुकुदर पहुंचेंगे**

**विष्णुगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर कोनार डैम मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट की शुरुआत झारखंड के जननायक सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू, बाबा तिलका मांझी समेत झारखंड के कई वीर नायकों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में मानपुर की टीम ने गझंडी टीम को हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महासचिव महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल तथा विशिष्ट अतिथि बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने ट्रॉफी, मेडल तथा मुर्गा देकर सम्मानित किया। सेमीफाइनल में पहुंची टीमों में गोंदलीटांड़ और अलकीलवा की टीमों को भी ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूती मिलती है। कहा कि खिलाड़ियों के उत्साहवर्द्धन के लिए जेएलकेएम केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो 14 अगस्त को विष्णुगढ़ के सारुकुदर पहुंचेंगे। बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर हमें अपने आंदालनकारी पूर्वजों को याद करने और प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर साहेबराम हेंब्रम, मनोज बेसरा, बबलू बेसरा, टुनटुन हेंब्रम, अरुण बेसरा, भेखलाल हेंब्रम समेत कई लोग शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### भारतीय जनता पार्टी कैंट मंडल ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर चलाया स्वच्छता अभियान



**रामगढ़ ।** 12 अगस्त 2025 को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल में नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रदेश द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के निमित स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के तहत सुभाष चौक पर महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही थाना चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की भी साफ सफाई कर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से जिला के उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी,महामंत्री विजय जयसवाल, वरीय नेता प्रो संजय प्रसाद सिंह,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, राजेश ठाकुर,ओबीसी मोर्चा हजारीबाग क्षेत्र के प्रभारी दीपक सोनकर,प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के सुरजीत सिंह छाबड़ा, कैंट मंडल के सुशांत पांडेय, ब्रजेश पाठक, ऋषिकेश सिंह, मिथलेश मण्डल, अजित गुप्ता, विजय पाठक, सुरेंद्र शर्मा, नवरंजन राम, सत्यजीत सिंह, अरविंद सिंह, भगवान प्रसाद, सत्यजीत चौधरी, अमित ठाकुर, महेश सिन्हा, शशिकांत सिंह शामिल थे।

### विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया




**रामगढ़।** बुधवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बी.एन. साह ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान की आत्मा होती है। डॉ. एस. आर. रंगनाथन का पुस्तकालय विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार , पुस्तकालयाध्यक्ष श्वेता कुमारी, व्याख्याता शंकर प्रसाद, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### शिक्षा को गति देने में साइकिल योजना मील का पत्थर सिद्ध हो रही है : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड मुख्यालय में 12 अगस्त को साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता सुधीर मंगलेश एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी जॉर्ज टुडू उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुल 35 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी और उत्साह झलक उठा। मौके पर मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कहा कि बच्चों को साइकिल प्रदान करना केवल एक साधन देना नहीं है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने, समय की बचत करने और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह योजना न सिर्फ शिक्षा तक पहुंच आसान बनाती है, बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर और प्रेरित भी करती है। उन्होंने झारखंड सरकार की इस पहल को ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण और सराहनीय प्रयास बताया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी जॉर्ज टुडू ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साइकिल का उपयोग केवल स्कूल आने-जाने के लिए ही नहीं, बल्कि समय का सही प्रबंधन और अनुशासन सीखने के लिए भी करें। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय जाने और पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस योजना से बच्चों की पढ़ाई में आने वाली दूरी और समय की बाधा काफी हद तक दूर हो गई है।

### सरकारी चालक के साथ मारपीट करने वाला दो युवक गिरफ्तार, एक फरार

# वाहन में रखे डोडा की हुई थी लूट



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** चौपारण थाना के चालक आरक्षी मो जावेद खान के साथ मारपीट करने व वाहन तोड़ने मामले सोमवार को बरही पुलिस ने बरही के दो युवक अमन कुमार व अंकित कुमार दोनों के पिता विनय साहू को हिरासत में लिया था. जिससे पुछ ताछ के बाद पुलिस ने चालक के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए हिरासत में लिए गए दोनो भाई को जेल भेज दिया है. वहीं तीसरा भाई आरोपी गोलू कुमार फरार है. जिसकी पुलिस की तलाश है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार घटना 11 अगस्त की संध्या करीब 4:30 बजे अनुमंडलीय अस्पताल बरही के पास की है. चालक मो. खान स्विफ्ट डिजायर कार जेएच 01 इपी 4454 में करीब 90 किलो डोडा लेकर पुलिस दल के साथ हजारीबाग कोर्ट जा रहे थे. जाम होने के कारण चालक गाड़ी को बाईपास जीटी रोड से होते हुए अनुमंडलीय अस्पताल तक पहुंचा था. इसी क्रम में काले रंग की पल्सर पर सवार दो युवक वाहन को रोकने की कोशिश किया. गाड़ी रुकते हीं दोनों बाईक सवार चालक के साथ मारपीट कर घायल कर दिए. साथ हीं गाड़ी में रखे गए डोडा व पोस्ता लूटने का प्रयास किया. इस दौरान भीड़ में शामिल लोगों ने पुलिस वाहन को भी पत्थरबाजी कर क्षतिग्रस्त कर दिया. बरही पुलिस के पहुंचते ही तीसरा युवक आरोपी गोलू कुमार फरार हो गया. जबकि अंकित कुमार व अमन कुमार पकड़े गए. जिन्हे थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ किया गया. जिसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया है. तीनों आरोपी धनबाद रोड निवासी होटल क्वालिटी इन के संचालक विनय साव के पुत्र हैं. इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि फरार आरोपी का तलाश जारी है.

### बिजली चोरी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई जारी दर्जनों लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही ।** विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ जेबीवीएनएल का लगातार छापामारी अभियान जारी है. बावजूद लोगों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है. बीते दिन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर दर्जनों लोगों को विद्युत ऊर्जा चोरी करते पाया. जिनके खिलाफ बरही थाना में प्राथमिक की दर्ज करवाई गई है. छापेमारी अभियान का नेतृत्व करनी है विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद कर रहे थे. जानकारी के अनुसार बिल बकाया होने के कारण सभी उपभोक्ताओं के विद्युत विच्छेद कर बिजली बिल जमा कर वैध कनेक्शन लेने के निर्देश दिए गए थे. बाबजूद सभी चोरी छिपे टोका लगाकर विद्युत उपभोग कर रहे थे. मामले के संबंध में जेई (विद्युत) थाना में आवेदन देते हुए रसोइया धमना निवासी रामप्रवेश साव पिता बिदल साव, सुरेश साव पिता स्व. महादेव साव, मो. महबूब अंसारी पिता मो. मोबिन, पुरहारा निवासी उपेन्द्र यादव पिता स्व. शोभरन यादव, मिथिलेश यादव पिता प्रभु यादव, गया रोड बरही निवासी युधिष्ठिर प्रसाद केशरी पिता महावीर प्रसाद केशरी, नरेश राम पिता बधन राम, लोकेश कुमार पिता स्व. रामचन्द्र राम तथा सतीश कुमार पिता गेंदों राम पर विद्युत चोरी का आरोप लगाया है. जेई ने लोगों से अपील किया है कि सभी कोई वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपभोग करें।

### स्कूटी की डिक्की से 49 हजार ले उड़े चोर



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा के समीप स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के सामने से एक स्कूटी से 49 हजार चोरी का मामला सामने आया है। इस बाबत चंदन कुमार पिता दामोदर मंडल शिलाडीह निवासी ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया से 49 हजार की राशि निकासी की। जिसके बाद स्कूटी संख्या जेएच 02बी डी 0872 की डिक्की में रखकर ग्रामीण बैंक गए। करीब 10 मिनट के बाद बाहर आया तो देखा कि स्कूटी की डिक्की का लॉक टूटा था। साथ ही डिक्की में रखे पैसा गायब थे। घटना की सूचना बरकट्ठा पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में आवेदन नहीं दिया गया।

### खूबसूरत बभनवै पहाड़ को पत्थर कारोबारियों ने किया खोखला



**हजारीबाग।** एनएच-33 किनारे स्थित बभनवै पहाड़ कभी घने हरियाली और ठोस चट्टानों से भरा एक खूबसूरत प्राकृतिक धरोहर था। लेकिन पत्थर कारोबारियों की अंधी लूट ने इसकी जड़ों को इस कदर खोखला कर दिया कि अब पहाड़ का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। सोमवार को इसका खामियाज़ा भूस्खलन के रूप में सामने आया, जब अचानक सैकड़ों टन मिट्टी और पत्थर भरभराकर नीचे गिरे और पूरे इलाके में धूल का गुबार छा गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक,वर्षों तक यहां अवैध खनन और पत्थर तोड़ने का सिलसिला चलता रहा। भारी मशीनों ने पहाड़ के निचले हिस्से को काटकर इसकी मजबूती छीन ली। जड़ कटने के कारण ऊपर का भार संभालना अब पहाड़ के लिए मुश्किल हो गया है। यही वजह है कि बरसात या हल्की सी हलचल में भी मिट्टी और पत्थर नीचे गिरने लगे हैं। बभनवै पहाड़ सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं,बल्कि आसपास के गांवों की आस्था से भी जुड़ा है। यहां ग्रामीण जल देवता की पूजा करते हैं, ताकि समय पर वर्षा हो और फसलें लहलहा सकें। ग्रामीणों का कहना है कि पत्थर कारोबारियों की लालच ने इस ऐतिहासिक पहाड़ को विनाश की कगार पर ला खड़ा किया है।

### बारिश से मुख्य सड़क सहित अन्य जगहों पर जल जमाव

**रामगढ़।** रामगढ़ में लगातार बारिश से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। कई सड़कें कीचड़ से खराब हो गई है। इससे पैदल चलने में लोगों का काफी फजीहत हो रही है। खासकर पुराना एनएच-33 के मुर्रामकला, बिजुलिया ओवरब्रिज और एनएच-23 के कोठार ओवरब्रिज के नीचे के अलावे सहित अन्य स्थानों में लगातार बारिश के कारण कई जगह जल जमाव और उसके कारण गड्ढे भी हो गए हैं। इसके अलावे पीटीपीएस,रोड नम्बर एक, रामगढ़-हजारीबाग मुख्य मार्ग से केदला नगर जाने वाला मुख्य सड़क, कुजु स्थित श्रीराम चोक के पास और पीटीपीएस रोड़ नंबर-1 सहित कई ऐसे ग्रामीण सड़क जहां कीचड़ जमा होने के कारण लोगों का चलना वहां मुहाल हो गया है। कीचड़ और पानी के कारण फिसलन बढ़ गई है। आए दिन ऑटो चालक दोपहिया चालक फिसल कर घायल हो जा रहे हैं।

### बीएमएस का संयोजक बनाए जाने पर मनोज का हुआ स्वागत



**रामगढ़।** रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में 12 अगस्त को भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ बीएमएस संगठन पोस्टल यूनियन जीआरसी रामगढ़ शाखा का संयोजक रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर मनोज कुमार को बनाए जाने पर डाक कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ बीएमएस संगठन पोस्टल यूनियन जीआरसी झारखंड परमंडल के परमंडलीय सचिव प्रभात रंजन ने कहा कि हमारा संगठन देश का सबसे अधिक कर्मचारियों का बना संगठन है। इसका विस्तार सबसे पहले ग्रामीण डाक सेवक के सभी सदस्यों को बीएमएस में शामिल कर किया गया जिसका सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह और अध्यक्ष संजय कुमार महतो को बनाया गया। अब रामगढ़ जिले में भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ बीएमएस संगठन ग्रुप सी का विस्तार करने के लिए परमंडलीय सचिव प्रभात ने कहा कि इसके लिए संयोजक रामगढ़ प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर मनोज कुमार सह संयोजक बरकाकाना एनटीएस के पोस्टमास्टर राकेश कुमार, शंभू दत्त सिंह और राजकपूर कुमार को बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप सहायक पोस्टमास्टर रविशंकर राय, देवेंद्र कुमार रवि समेत अन्य डाक कर्मचारी एवं ग्रामीण डाक कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मनोज कुमार को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रहित, विभागहित,कर्मचारी हित में काम करने वाली भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ बीएमएस संगठन का विस्तार बहुत जल्द होने पर सभी कर्मचारियों की समस्या का समाधान होगा।

### छात्राओं ने हॉकी में शानदार प्रदर्शन कर क्लस्टर में खिताब किया अपने नाम

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यालय की उन छात्राओं का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया, जिन्होंने सीबीएसई ईस्ट जोन क्लस्टर में हॉकी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करके प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस टूर्नामेंट में छात्राओं की इस कामयाबी पर विद्यालय ने धूमधाम और गाजे बाजे के साथ सोमवार को उनका शानदार स्वागत किया। छात्राओं की माताओं को भी मंच पर आमंत्रित किया गया और माताओं ने फूल माला पहनाकर छात्राओं को उनकी जीत पर बधाई दी। ज्ञातव्य है कि छात्राओं ने सीबीएसई ईस्ट ज़ोन क्लस्टर हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 , अंडर 14 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कड़ी स्पर्धा के बाद छात्राओं ने बलिया में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल, कानपुर को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस टीम में कैप्टन सुजाता और खिलाड़ी के तौर पर रिया सिंह, राफिया, अलीना, शालू, श्रेया, आराध्या, प्रसिद्धि, राज नंदिनी, हर्षा एवं स्नेहल थी।

### पूर्ववर्ती छात्रों ने कॉलेज को आरओ भेंट किया

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग के पूर्ववर्ती छात्रों ने सोमवार को उपहार स्वरूप वॉटर प्यूरीफायर कॉलेज के प्राचार्य डॉ बसुंधरा कुमारी को भेंट किया। पूर्ववर्ती छात्रों ने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए कहा कि यहां का प्रशिक्षण हमेशा याद रहेगा। पूर्ववर्ती छात्रों और महाविद्यालय के बीच समन्वय को लाभदायक बताया। कहा कि पहले भी पूर्ववर्ती छात्र संघ की ओर से कॉलेज को कई सामग्री भेंट की गई हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। महाविद्यालय के विकास में हमलोगों का सहयोग सदैव रहेगा। इससे पूर्व उज्जवल भारत ट्रस्ट के बैनर तले बनहा गांव में छाता, रैनकोट, कंबल आदि का वितरण मुखिया मो. सलाउद्दीन के हाथो ग्रामीणों को कराया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा संचालित गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से गांवों में समय समय पर कार्यक्रम चलाया जाता है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक एसएस मैती, वर्षा कुमारी, डॉ अजय कुमार गुप्ता, पूर्ववर्ती छात्र राम सागर कुशवाहा, उपेंद्र कुमार दांगी, कुंदन रजक, उज्ज्वल कुमार, पवन कुमार, प्रियम, सुनेश गंझू, दशरथ गंजू मौजूद थे।

### कार्यशाला संस्कृत सप्ताह के समापन पर समारोह का हुआ आयोजन

# वेद मंत्रों में संस्कृत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है : पूर्व कुलपति

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** बुधवार को डीएवी भरेचनगर में संस्कृत सप्ताह समापन समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा के डॉ चंद्रकांत शुक्ल व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुनील कुमार कश्यप (प्रदेश प्रभारी संस्कृत भारती झारखंड) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व स्वागत गान के साथ किया गया। पूर्व कुलपति ने कहा कि वेद मंत्रों में संस्कृत की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस कार्यक्रम में बच्चे संस्कृत के प्रति काफी उत्साहित दिखे। बच्चों द्वारा संस्कृत पर बहुत सारे चित्र बनाए गए थे व श्लोक लिखकर भी दिखाएं गए थे। वेद मंत्रों से संबंधित चित्रांकन मनमोहक रहे। मुख्य अतिथि ने वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी उपयोगिता को समझाया तथा वैदिक गणित के विषय में भी बताया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ सुनील कुमार कश्यप ने भी संस्कृत की उपयोगिता व महत्व को काफी सराहा व जीवन में धारण करने की बात कही। विद्यालय के सेकंड मैन सुधीर कुमार मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है। यह हमारी संस्कृति को भी दर्शाती है। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सह पर्यवेक्षक मौसमी बनर्जी ने भी अपने विचार रखे और कहां कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं बल्कि हमारी सभ्यता की आत्मा है। हमारे संस्कारों की धड़कन है। इस भाषा ने ज्ञान- विज्ञान, साहित्य और आध्यात्मिक सभी क्षेत्रों में स्वर्णिम इतिहास रचा है। कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय के संस्कृत शिक्षक परीक्षित बेहेरा के द्वारा तैयार किया गया था।

### पीडीआई पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित पांच मुखिया सम्मानित



**बरही ।** नगर भवन बरही में पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला बीडीओ जयपाल महतो को अगुवाई में आयोजित हुई. जिसमे बतौर मुख्यातिथि एसडीओ जोहन टुडू शामिल हुए. इस दौरान करियातपुर, दुलमहा, धनवार, रसोईया धमना, पूर्वी बरही, करसो, बरसोत, बेंदगी, पंचमाधव, केदारुत आदि पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव इत्यादि शामिल हुए. बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि कार्यशाला में उपस्थित मुखिया और सचिव को पंचायत पीडीआई के ऐप के माध्यम से पंचायत विकास योजनाओं के चयन संबंधित जानकारियां दी गई. उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार कुछ मुख्य बिंदुओं को पंचायत विकास से जोड़ा जाना है. कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक एसडीओ व बीडीओ मौजूद थे. एसडीओ ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को योजना चयन में सावधानी बरतने, सभी 9 सूचकांकों में से लक्षित सूचकांक के लिए टाइड और अन टाइड योजना के तहत योजनाओ का प्रमुखता से चयन करने की जानकारी दिया. कार्यशाला के अंत में उन्नत कार्य करने वाले प्रखंड के पांच पंचायत के मुखिया व सचिव को सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वाले मुखिया में करियातपुर पंचायत के मनोज कुमार, बेंदगी के सिकंदर कुमार राणा, बसरिया की नीलम देवी और रसोईया धमना के गोविंद साव शामिल थे.

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा, शहीदों को किया नमन

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गिद्दी ए में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। यह तिरंगा यात्रा गिद्दी दुर्गा मंडप से निकल कर गिद्दी अस्पताल चौक पहुंचा। जहां अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद और डॉ भीमराव ऑबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारा लगा कर राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया इस यात्रा के साथ प्रखंड अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया। इस दौरान प्रत्येक घर और दुकान में तिरंगा लगाया जाएगा। इस तिरंगा यात्रा में प्रभारी मुरारी सिंह, सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय, राजू रंजन तिवारी, बसंत प्रजापति, वकील महतो, करुण सिंह, गुंजन साव, बृजकिशोर पाठक, सुरेंद्र करमाली, शंभूनाथ महतो, रोहित महतो, रविंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, दिखा लोगों में उत्साह



नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। कोलेबिरा में भाजपा मंडल द्वारा मंगलवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने किया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रण बहादुर सिंह चौक से होकर थाना चौक तक किया गया। इसके बाद बिरसा मुंडा कॉम्प्लेक्स में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से माल्यार्पण किया। तत्पश्चात रण बहादुर सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर यात्रा का समापन हुआ।यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता "भारत माता की जय", "वंदे मातरम" और "इंकलाब जिंदाबाद" के नारों के साथ तिरंगा लेकर चल रहे थे।मौके पर मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे देश की स्वतंत्रता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने आम लोगों से 15 अगस्त को अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की।इस अवसर पर कोलेबिरा मंडल प्रभारी अनूप केसरी, भाजपा पूर्व सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार, जनेश्वर बिल्हौर, दिलेश्वर सिंह, अशोक ठाकुर, अमरनाथ सिंह, मनोज केसरी, संजय मिश्रा, लक्ष्मण राम मिस्त्री, रूपधर सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश प्रेम की भावना विकसित करना : ओमप्रकाश साहु

● राष्ट्र निर्माण व देशहित सर्वोपरि : राकेश रविकांत



सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिमडेगा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे देशभक्ति के नारे लगा रहे थे।तिरंगा यात्रा गांधी मैदान से प्रारंभ होकर प्रिंस चौक होते हुए, झूलन सिंह चौक पर संपन्न हुई। समापन के पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश साहु ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर वर्ष 15 अगस्त के अवसर पर भारतीय सैनिकों के साहस और शौर्य को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा आयोजित करती आ रही है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश प्रेम की भावना को विकसित करना है और यह प्रयास है कि आजादी का उत्सव हर भारतीय नागरिक मनाए।तिरंगा यात्रा में शामिल होते हुए एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश रविकांत प्रधान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम है। आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा यात्रा के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि राष्ट्र निर्माण एवं देशहित सर्वोपरि है।इस अवसर पर महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, तिरंगा यात्रा के सह-संयोजक रवि वर्मा एवं हीरा राम, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, पिंकी प्रसाद, हंसा रानी, पुष्पा देवी, जयंती देवी, दीपनारायण दास, नवीन सिंह, संजय शर्मा, कृष्ण ठाकुर, सुरेंद्र प्रसाद, सुदर्शन सिंह, ईश्वर साहु, मुकेश मिश्रा, सत्यनारायण प्रसाद, सुभाष महतो, वसंत नारायण मांझी, करण सिंह, चंदन प्रसून सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उपायुक्त ने किया पार्कों और स्टैंड का निरीक्षण

# पार्क के सौंदर्यीकरण व कार्ययोजना तैयार करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



सिमडेगा। उपायुक्त कंचन सिंह ने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अटल पार्क, स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क एवं टैक्सी-सह-ऑटो स्टैंड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अटल पार्क के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संचालित कार्यों की जानकारी ली और पाया कि पार्क एवं सड़क किनारे की नाली बंद होने से पानी की निकासी बाधित है। उन्होंने तुरंत पानी निकासी सुनिश्चित करने और पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही, संचालित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने, पार्क के रखरखाव और सफाई में सुधार, तथा बच्चों के प्ले उपकरणों की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क का निरीक्षण किया। सिटी मैनेजर ने जानकारी दी कि बंदोबस्ती न होने से पार्क का संचालन रुका हुआ है। उपायुक्त ने साफ-सफाई सुनिश्चित करने, बिना बंदोबस्ती के संचालित कैफेटेरिया को तुरंत बंद करने और संचालक पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, पार्क की बंदोबस्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा।टैक्सी-सह-ऑटो स्टैंड के निरीक्षण में उपायुक्त ने सड़क किनारे लगने वाली दुकानों और ठेलों को वेंडिंग जोन में स्थानांतरित करने, अतिक्रमण हटाने, मार्किंग करने और दुकानों को सुव्यवस्थित ढंग से लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित दुकानों से आमजन के आवागमन में बाधा होती है, जिसे दूर करना आवश्यक है।उपायुक्त ने बस स्टैंड के पीछे बन रही पानी टंकी के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, नजारा उप समाहर्ता-सह-सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो, सिटी मैनेजर आकाश डेविड सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## एसएस हाई स्कूल बानो के सभागार में प्राथमिक शिक्षक समन्वय समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

बानो। प्रखंड मुख्यालय स्थित एस.एस. हाई स्कूल बानो के सभागार में प्राथमिक शिक्षक समन्वय समिति, बानो की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत झारखंड आंदोलन के प्रणेता, आदिवासी अस्मिता के प्रतीक और पूर्व मुख्यमंत्री दिशुम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए हुई। उपस्थित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके योगदान को याद किया।समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार भगत ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन संघर्ष, त्याग और समाज सेवा के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनके द्वारा झारखंड के अधिकार, पहचान और संस्कृति की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे समाज में जागरूकता फैलाने और शिक्षा के माध्यम से बच्चों के भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका मजबूती से निभाएँ।बैठक में बीपीएम विकास शरण, बूढ़ेश्वर सिंह, जेमन मड़की, प्रबोध बागे, प्रेम प्यारे लाल, जकरियस सुरीन, शिवशंकर सिंह, परमानंद ओहदार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान समिति ने शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आपसी समन्वय और सहयोग पर बल दिया।

## आयुष हेल्थ कैंप आयोजित, ग्रामीणों को मिला निःशुल्क उपचार और दवाएं



नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। प्रखंड के सदर पंचायत प्रांगण में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय आयुष हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच की गई और संबंधित रोगों की दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं। ग्रामीण बड़ी संख्या में कैंप में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं विशिष्ट अतिथि मुखिया संगीता मिंज और डॉ. एहसान फातिमा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस हेल्थ कैंप का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यहां आयुष पद्धति की कई प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं और सरकार आम जनता के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रही है। उन्होंने लोगों को जागरूक रहते हुए इन सुविधाओं का लाभ लेने की सलाह दी।उन्होंने यह भी कहा कि सांप के काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें, तुरंत मरीज को अस्पताल लेकर जाएं, ताकि उसकी जान बचाई जा सके।कैंप में मुख्य रूप से आयुष डॉक्टर एहसान फातिमा, डॉ. मिरिनमय ससमल, डॉ. नेहा तिर्की, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सफलता की कहानी मेहनत, नवाचार व आत्मनिर्भरता की मिसाल : लाली देवी

नवीन मेल संवाददाता



सिमडेगा। कोलेबिरा प्रखंड के ग्राम पंचायत डोमटोली, गांव तैसेरा की रहने वाली लाली देवी अपने परिश्रम, आत्मनिर्भरता और नवाचार के दम पर क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी हैं। मात्र 1 एकड़ भूमि पर पारंपरिक खेती करने वाली लाली देवी का जीवन वर्ष 2014 में एक नया मोड़ लिया, जब वे ईश्वर आजीविका महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं।समूह में शामिल होने के बाद लाली देवी नियमित रूप से बैठकों में भाग लेने लगीं और जेएसएलपीएस कैडर से गुणवत्तापूर्ण सब्जी उत्पादन की तकनीकें सीखीं। समूह से विभिन्न अंतरालों में कुल 2 लाख रुपये का ऋण लेकर उन्होंने स्थानीय बाजार में एक सब्जी की दुकान खोली। मेहनत और ईमानदारी से काम करते हुए उन्होंने दुकान को सफलतापूर्वक चलाया और धीरे-धीरे पूरा ऋण चुका दिया।जेएसएलपीएस के सहयोग से भूमि संरक्षण विभाग द्वारा उन्हें अनुदान पर एक मिनी ट्रैक्टर उपलब्ध कराया गया। खास बात यह है कि लाली देवी स्वयं ट्रैक्टर चलाती हैं। वे अपने खेत की जुताई के साथ-साथ अन्य किसानों के खेतों में भी ट्रैक्टर सेवा देती हैं। इस दौरान सब्जी की दुकान का संचालन उनके पति संभालते हैं।आज लाली देवी सब्जी व्यवसाय से लगभग 12 हजार रुपये प्रतिमाह की स्थिर आय अर्जित कर रही हैं, जबकि ट्रैक्टर सेवा से सीजन के दौरान 15 हजार रुपये प्रतिमाह की अतिरिक्त आय होती है।लाली देवी का यह सफर दर्शाता है कि इच्छाशक्ति, परिश्रम और सही मार्गदर्शन से आर्थिक सशक्तिकरण संभव है। वे न केवल अपने परिवार के लिए मजबूती का आधार बनी हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए यह संदेश भी दे रही हैं कि छोटे संसाधनों से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

## सिमडेगा डेली मार्केट क्षेत्र में आज भी बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। शहर का व्यस्ततम इलाका डेली मार्केट आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। डेली मार्केट के यूरिनल स्थान पर सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई है। यही नहीं, पेयजल की समुचित सुविधाएं भी उपलब्ध न होने के कारण न केवल यहां के व्यापारियों को बल्कि खरीदारी के लिए आए ग्राहकों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि वे सुबह से लेकर देर शाम तक अपनी दुकान संभालते हैं, लेकिन शौच के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। यह न सिर्फ समय की बर्बादी है, बल्कि बरसात या गर्मी के दिनों में और भी मुश्किलें बढ़ा देता है।कई दुकानदार मजबूरी में इधर-उधर जाकर खुले में ही शौच करने को मजबूर होते हैं। डेली मार्केट में पेयजल की व्यवस्था भी बेहद कमजोर है। दुकानदारों एवं ग्राहकों को खरीद कर पानी पीना पड़ता है। लोगों की मानें तो वर्षों से यह मुद्दा उठाया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।व्यापारियों का कहना है कि समय-समय पर दावा किया गया कि डेली मार्केट में शौचालय और पानी की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा, लेकिन अब तक इस समस्या पर कोई स्थायी हल नहीं निकाला गया है।

## सर्पदंश से युवक घायल, सीएचसी में उपचार के बाद सिमडेगा रेफर

नवीन मेल संवाददाता



कुरडेग। प्रखंड के झुमकाछापर गांव में मंगलवार सुबह मवेशी को चारा देने के दौरान एक युवक को जहरीले करैत सांप ने डस लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घायल युवक की पहचान मनीष बारला (28 वर्ष), पिता मिखाईल बारला, निवासी झुमकाछापर थाना कुरडेग के रूप में हुई।परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए मनीष को ऑटो से कुरडेग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार बेहरा ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।डॉ. बेहरा ने बताया कि मनीष को समय रहते अस्पताल लाया गया, जिससे उनकी जान बच गई और फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं।

उद्घाटन मैच | बानो में चार दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# 15 अगस्त को खेला जाएगा टूर्नामेंट का फाइनल

● खेल भावना और अनुशासन पर मुख्य अतिथि ने दिया ज़ोर

नवीन मेल संवाददाता



बानो। प्रखंड के साहूबेड़ा पंचायत स्थित आरसीएम स्कूल मैदान में चार दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच कोनाप और कैनबांकी के बीच खेला गया, जिसमें कोनाप की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में फादर विमल जोजो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मसीह बडींग, मार्शल भेंगरा, कामिल डांग, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तुरतन गुड़िया और पतरस डांग उपस्थित थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें और अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने आश्वासन दिया कि पंचायत में खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है।मैच के रेफरी की भूमिका तुरतन गुड़िया ने निभाई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 15 अगस्त को खेला जाएगा।प्रतियोगिता को सफल बनाने में साहूबेड़ा खेल समिति के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### फुटबॉल महाकुंभ 2025 की तैयारी, समिति का पुनर्गठन

कोलेबिरा: प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ स्थित बहुद्देशीय भवन में समाजसेवी एवं 15 सूत्रीय कार्यक्रम जिला सदस्य क्लेमेंट टेटे की अध्यक्षता में लचरागढ़ फुटबॉल कमिटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी फुटबॉल महाकुंभ 2025 – स्व. सूरजमल अग्रवाल, स्व. रघुनंदन साव एवं स्व. स्कॉलास्टिका डांग फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए नई समिति का पुनर्गठन किया गया।सर्वसम्मति से कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के नेतृत्व में टूर्नामेंट आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पुनर्गठित समिति में संरक्षक क्लेमेंट टेटे, फुलकेरिया डांग, सुरेश द्विवेदी, अध्यक्ष संजू साहू, उपाध्यक्ष आशीष साहू समेत कई सदस्य शामिल हैं।टूर्नामेंट का आयोजन 3 से 7 सितंबर 2025 तक होगा। विजेता टीम को ₹2,31,000 व शिल्ड, जबकि उपविजेता टीम को ₹1,51,000 व शिल्ड प्रदान की जाएगी। इंट्री फीस ₹15,000 तय की गई है।इच्छुक टीमें पंजीकरण के लिए 9334282892, 7859006105, 9631348725, 7320016050 पर संपर्क कर सकती हैं। आयोजन समिति ने इस आयोजन को फुटबॉल प्रेमियों का महापर्व बताते हुए अधिक से अधिक टीमों से भागीदारी की अपील की है।

## न्यूज बॉक्स

### 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट में ओडिशा फाइनल में

सिमडेगा। एक्का स्टेडियम में जारी 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को खेले गए मुकाबले में जयदुर्गा फुटबॉल क्लब, सुंदरगढ़ ओडिशा ने जय श्री राम फुटबॉल क्लब, सरगुजा को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। खेल के मुख्य अतिथि बेजू उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा थे। उनका स्वागत टूर्नामेंट आयोजक राजेश कु. सिंह ने किया। परिचय प्राप्ति और उद्घाटन की अगुवाई आयोजक राजेश कु. सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, समसुल अफजल, कंचन कबीर व समुलाह ने की।टूर्नामेंट के तहत कल शाम 4 बजे दूसरा सेमीफाइनल सिमडेगा पुलिस टीम (झारखंड) और एस.ए. ब्रदर्स, सबडेगा (ओडिशा) के बीच खेला जाएगा।टूर्नामेंट के सफल संचालन में आयोजक राजेश कु. सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, उपाध्यक्ष अजित नवरंगी, रिंकू अग्रवाल, प्रताप बड़ा, कमल शर्मा, विकास बेसरा, अभिषेक कुमार, शंभु केशरी, शम्मीउल्लाह, संदीप मिंज, कोषाध्यक्ष कुलदीप किंडो, उपसचिव विकास साहू, खेल प्रभारी कंचन कबीर, डेनियल मिंज, निषित टोप्पो, मुख्तार खलीफा, सिंहासन डुंगडुंग, कृष्णा बड़ाईक, मीडिया प्रभारी सुभाष महतो, माइक संचालक श्याम सुंदर मिश्रा की अहम भूमिका रही।खेल के रेफरी राजकुमार पाणिग्रही (टाटा), सूचित टोप्पो (राउरकेला) और राकेश किस्कु (जमशेदपुर) रहे, जबकि मेडिकल टीम में विवेक कुमार और हेमलता कुमारी शामिल थे।

### सांसद आदर्श ग्राम योजनाओं की समीक्षा लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

सिमडेगा। उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को सांसद आदर्श ग्राम, आदर्श ग्राम एवं प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति पर चर्चा करते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में विद्युत प्रमंडल को ग्राम हेठमा के 32 टोलों में से शेष 5-6 टोलों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए 3 माह की समय सीमा दी गई। ग्रामीण कार्य विभाग को हेठमा पंचायत की 14 प्रस्तावित सड़कों में शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश मिला।पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित 3 ग्रामों का डीपीआर दो दिन में उपलब्ध कराने को कहा गया। पंचायती राज विभाग को 15वें वित्त आयोग की अधूरी 3 योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए।प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्राक्कलन तैयार कर ग्राम सभा से अनुमोदन के बाद एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। वहीं जेएसएलपीएस को नई योजनाओं का चयन कर 15 अगस्त के बाद 2-3 दिनों में डीपीआर उपलब्ध कराने का निर्देश मिला।कृषि विभाग को फसल बीमा योजना में पंजीकरण की स्थिति और लंबित योजनाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करें और ग्रामों में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंच सके।

### सिमडेगा सदर अस्पताल में 5 वर्षों बाद हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग में सर्जरी प्रारंभ

सिमडेगा। 5 वर्षों के अंतराल के बाद सिमडेगा सदर अस्पताल के हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग में सर्जरी की सुविधा पुनः शुरू हो गई है। मंगलवार को इस विभाग में पहली बार सफल शल्य चिकित्सा की गई।मरीज मेरी टेटे का दाहिना पिंडली की हड्डी टूट गया था। वह इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल आईं, जहां नव-नियुक्त अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद रंजन देव से उनकी मुलाकात हुई। चिकित्सक ने उन्हें भर्ती कर लिया और सिविल सर्जन डॉ सुंदर मोहन सामद एवं उपाधीक्षक डॉ आनंद खाखा के मार्गदर्शन व सहयोग से शल्य चिकित्सा सफलता पूर्वक संपन्न हुई।ऑपरेशन थियेटर के सभी कर्मचारी एवं संबंधित चिकित्सक इस उपलब्धि से उत्साहित हैं। शल्य दल में मुख्य रूप से डॉ. आनंद रंजन देव ऑर्थोपेडिक, डॉ. पी. केशव एनेस्थीसिया, बजरंग एवं शिबू कुमार सर्जरी सहायक, मनीषा मिंज ऑपरेशन थियेटर प्रभारी तथा अन्य सहयोगी शामिल रहे।डॉ. आनंद रंजन देव ने बताया कि आगे भी क्षेत्र के मरीजों को हड्डी एवं जोड़ से संबंधित रोगों का उपचार यहीं सिमडेगा में उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि शल्य कक्ष को और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा अपने जिले में ही मिल सके और उन्हें बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता न पड़े।इस सफल शुरुआत से सिमडेगा जिला एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि अब अस्थि रोगों का उच्च स्तरीय इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। सिविल सर्जन डॉक्टर सुंदर मोहन सामद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सदर अस्पताल में अब हड्डी टूटने और एक्सीडेंट होने पर ऑपरेशन की सुविधा शुरू होगी इससे कि यहां के लोगों को लाभ मिलेगा।

### महिला हॉकी चैंपियनशिप में हरियाणा को 2-1 से हराकर झारखंड बना विजेता




सिमडेगा। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सिमडेगा की बेटियों ने पूरे झारखंड को स्वर्ण पदक का तोहफा दिया। 1 अगस्त से 12 अगस्त तक आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में झारखंड टीम ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी हरियाणा को 2-1 से पराजित कर लगातार दूसरी बार खिताब जीता।झारखंड टीम की जीत में सिमडेगा की स्टार खिलाड़ी स्वीटी डुंगडुंग ने 10वें मिनट में पहला गोल कर बढ़त दिलाई। स्वीटी इस प्रतियोगिता में पाँच गोल के साथ सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बनीं। इसके बाद 12वें मिनट में शांति कुमारी ने दूसरा गोल दागकर बढ़त को 2-0 कर दिया। हालांकि 52वें मिनट में हरियाणा ने पेनाल्टी कॉर्नर से एक गोल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन सिमडेगा और झारखंड की बेटियों ने मजबूत रक्षा करते हुए जीत सुनिश्चित की।यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि 2025 में झारखंड महिला हॉकी टीम ने सीनियर, सब-जूनियर और जूनियर – तीनों वर्गों में चैंपियन बनकर रिकॉर्ड बनाया। साथ ही, 2024, 2019 और 2018 के बाद यह चौथी बार है जब झारखंड ने जूनियर वर्ग का खिताब जीता है।सिमडेगा से जुड़ी खिलाड़ियों की शानदार भूमिका पर हॉकी सिमडेगा, हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे राज्य और खासकर सिमडेगा के लिए गौरव का क्षण है।

### झुंड से बिछड़े हाथी का आतंक जारी कई घरों को तोड़ा रखे अनाज को खाया

सिमडेगा। जिला के ठेठईटांगर और बानो प्रखंड में इन दिनों झुंड से बिछुड़ा एक हाथी ग्रामीणों के लिए कहर बनकर टूट रहा है। बरसात के मौसम में यह हाथी गरीबों के कच्चे घरों को तोड़ने के साथ उनमें रखे अनाज को भी खा रहा है, जिससे ग्रामीणों की बरसात और त्योहार के लिए की गई सालभर की मेहनत बर्बाद हो रही है। पिछले कुछ दिनों में हाथी ने कई गांवों में दर्जनों घर क्षतिग्रस्त कर दिए और राष्ट्रीय राजमार्ग 143 पर भी देखा गया, जिससे राहगीरों में भी दहशत फैल गई है।दिन में मजदूरी कर लौटने वाले ग्रामीण शाम को घर आते समय रास्ते में हाथी से टकराने के डर से सहमे रहते हैं, जबकि रात में जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। बरसात में घर टूटने और अनाज नष्ट होने से कई परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद समय पर मदद नहीं मिल पाती।कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि यह संघर्ष मानव और हाथी के भोजन के बीच का है। ग्रामीणों के घरों में अनाज होने के कारण हाथी बार-बार हमला कर रहा है। उन्होंने सरकार से प्रत्येक पंचायत स्तर पर पक्का गोदाम बनाने की मांग की, ताकि अनाज सुरक्षित रह सके। साथ ही हाथी कॉरिडोर में भोजन और पानी की व्यवस्था करने का सुझाव दिया, जिससे हाथी अपने प्राकृतिक आवास में ही विचरण करें।ग्रामीण नेता और सामाजिक कार्यकर्ता भी मानते हैं कि हाथी-मानव संघर्ष का स्थायी समाधान केवल अस्थाई खदेड़ने से संभव नहीं है। इसके लिए विशेषज्ञों की टीम बनाकर हाथियों के आवागमन मार्ग, भोजन की आवश्यकता और ग्रामीण सुरक्षा पर आधारित ठोस योजना बनानी होगी।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो आने वाले महीनों में स्थिति और भयावह हो सकती है।

### ऐसा गांव जहां आज तक नहीं बनी सड़क, ग्रामीणों का आरोप

# नक्शे में सड़क है पर जमीन पर नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**खूंटी।** जिला के तोरपा में एक गांव ऐसा है जहां सड़क कभी बनी ही नहीं. सड़क नहीं होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर पैदल आना जाना करते हैं. इस गांव में किसी के घर में गाड़ी नहीं है क्योंकि मुख्य सड़क से गांव से तक जाने के लिए सड़क नहीं है. बरसात के दिनों में बीमार और गर्भवती महिलाओं को बांस के सहारे कंधों से ढोकर दो किमी पैदल चलकर मुख्य सड़क पहुंचते है तबजकर उन्हें गाड़ी मिलती है. गांव वाले कई बार माननीयों से लेकर अधिकारियों को आवेदन दिया लेकिन नहीं सड़क अब तक नहीं बनी. ग्रामीणों का यहां तक कहना है कि सरकारी फाइलों में सड़क बनी है लेकिन धरातल पर रोड है ही नहीं. यह गांव पूर्व विधायक कोचे मुंडा के गांव ममरला से सटा हुआ है. तोरपा प्रखंड के दियांकेल के चुरगी आमटली के ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक आने के लिए सड़क तो है लेकिन सिर्फ नक्शा में दिखता है. जमीन में वो रास्ता कहां है इसकी जानकारी किसी को नहीं है. इस बाबत कई बार जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को सड़क की मांग के लिए आवेदन दिया गया है पर कोई कारगर उपाय अब तक नहीं किया जा सका है. बरसात के अलावा दूसरे मौसम में रैयती भूमि को ही रास्ता बनाया जाता है लेकिन बारिश के समय रैयत अपनी जमीन पर खेती करता है तो उसे राते के लिए उपयोग करना संभव नहीं होता है. ग्रामीणों को अब मीडिया पर ही भरोसा है कि मीडिया वाले कुछ समाधान करा दें ताकि चलने लायक सड़क बन जाए. जेएलकेएम के महामंत्री विश्वकर्मा उरांव ने आमटोली जाकर ग्रामीणों की समस्या सुनीं और उन्हें ग्रामीणों ने सड़क नहीं होने की शिकायत की. विश्वकर्मा उरांव ने गांव जाकर देखा तो उन्हें यकीन हुआ कि गांव वाले बरसात के दिनों में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं.

## साइबर अपराधियों ने निकाले 80 हजार

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड के होसिर निवासी मो अजहर का साड़म बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया के बैंक खाता से यूपीआई के जरिए 80000 रुपये की निकासी साइबर अपराधियों ने कर लिया। गोमिया थाना में दर्ज सूचना के अनुसार भुक्तभोगी ने बतलाया कि 8, 9 एवं 10 अगस्त को क्रमशः 10, 20 व 50 हजार रुपए की निकासी कर ली गई है। गोमिया थाना ने आगे की कार्रवाई के लिए साइबर थाना बोकारो को सूचना प्रेषित कर दिया है। दूसरी तरफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सह झारखंड आंदोलनकारी इफ्तिखार महमूद ने बैंक से ऑनलाइन निकासी को भारी असुरक्षित बतलाया है। कहा कि बैंक खाता से साइबर अपराधियों द्वारा पैसा निकासी की निरंतर हो रही घटनाओं के बावजूद भारतीय रिजर्व

# विधायक की मांग, सूर्या हांसदा एनकाउंटर की हो सीबीआई जांच

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** जेएलकेएम प्रमुख सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग की है. विधायक जयराम महतो ने धनबाद के सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के क्रम में यह मांग की है. उन्होंने कहा कि पूर्व में सूर्या हांसदा बीजेपी में थे और उन्होंने 2019 के चुनाव में 45 हजार वोट लाया था. उनके पूर्व के प्रदर्शन के आधार पर 2024 के चुनाव में जेएलकेएम ने उन्हें प्रत्याशी बनाया था. विधायक जयराम महतो ने कहा कि आज समाज के प्रबुद्ध लोगों को इस बात पर चिंतन करने की जरूरत है कि कैसे आदिवासी समाज से आने वाले सूर्या हांसदा जैसे नेता को एनकाउंटर का सामना करना पड़ रहा है और वह भी अपने राज्य में. उन्होंने कहा कि आज देश की राष्ट्रपति और राज्य के मुख्यमंत्री भी आदिवासी समाज से हैं. ऐसे में हमें लगता है कि एक बार विचार-विमर्श करने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि अगर गिरफ्तारी हो गई थी, फिर एनकाउंटर हुई तो इस पर जांच की आवश्यकता है. उन्होंने सूर्या हांसदा की एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग की है, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए. उन्होंने सूर्या हांसदा के परिजनों के आरोपों और एनकाउंटर पर उठ रहे सवाल पर कहा कि यदि आदिवासी राज्य में एक आदिवासी एनकाउंटर के नाम पर मारा जाएगा, तो सवाल तो खड़ा होगा ही.

## 2025 में 2,800 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण का लक्ष्य

**धनबाद।** कोयला मंत्रालय सतत कोयला खनन पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय की रिपोर्ट में इस बात का संकेत दिया गया है। कोयला कंपनियों में उन्नत टिकाऊ तकनीकों को अपनाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए, कोल इंडिया लिमिटेड ने विस्फोट-मुक्त (ब्लास्ट फ्री)खनन तकनीकों का उपयोग करके खुली खदानों से 537.92 मिलियन टन और भूमिगत खदानों से 23.63 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके अतिरिक्त 2,800 हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। कोयला और लिग्नाइट सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), अर्थात् कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल), और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल), ने सतत खनन पद्धतियों को अपनाया है।

# जोबा माझी ने पीएम को लिखा पत्र शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

- समाज के उत्थान के लिए, गरीबों को शोषण से मुक्ति के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करने वाले मसीहा का जाना अपूरणीय क्षति है



**चक्रधरपुर।** सिंहभूम की झामुमो सांसद जोबा माझी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की है। इसे लेकर जोबा माझी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सांसद जोबा माझी ने कहा है कि गुरु जी को भारत रत्न देना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पत्र में जोबा माझी ने कहा है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन अब हमारे बीच नहीं रहे और इस समय पूरा राज्य आहत है और विचलित है। समाज के उत्थान के लिए, गरीबों को शोषण से मुक्ति के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करने वाले मसीहा का जाना अपूरणीय क्षति है। उनका जीवन देश के लिए समर्पित रहा बाल्यकाल शोषण को समझने में बीता, युवावस्था महाजनों के साथ संघर्ष में और प्रौढ़ावस्था झारखण्ड के रूप में अलग राज्य के लिए आन्दोलन और अदालती लड़ाइयों में बीता, उन्हें सर्वदा सत्य का साथ मिला, विजयी मिली। बाल्यावस्था में पिता को महाजनों के शोषण की भेंट चढ़ते देखकर गुरु जी के जीवन की दिशा और लक्ष्य निर्धारित हो गई। संघर्ष के दिनों में अपने अनेक प्रियजनों और अपने ज्येष्ठ पुत्र को खोने के बावजूद कभी भी सत्य और गरीबों के लिए संघर्ष के मार्ग से विचलित नहीं हुए। यही कारण है कि उन्हें झारखण्ड का प्रणेता कहा जाता है, राज्य की जनता 'दिशोम गुरु' मानती है। राजनीतिक रूप से अनेक उतार-चढ़ाव के बावजूद देश व समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण उनका कद और सम्मान का पूरे देश में एक खास मुकाम है। अब समय है कि महान् भारत देश अपनी परम्पराओं के अनुसार सच्चे समाज-सुधारक, समाज के पिछड़े, गरीब व आदिवासी समाज के मसीहा, संघर्ष का पर्याय बन चुके दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और अपने इस वीर सपूत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" से सम्मानित करने की कृपा जाए।

## महिला कॉलेज चाईबासा से निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा




**चाईबासा।** महिला कॉलेज चाईबासा राष्ट्रीय सेवा योजना बीएड यूनिट की तरफ से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाली गई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को प्रकट करना था। मौके पर प्राचार्या डॉ प्रीतिबाला सिन्हा ने हर घर तिरंगा के महत्व को बताया और हरी झंडी दिखा कर रैली की शुरुआत की। यह तिरंगा रैली महिला कॉलेज से आरंभ हुई और पोस्ट ऑफिस चौक तक पहुँची।यहाँ छात्राओं ने झंडे के सम्मान में नारे लगाए। इस अवसर पर महिला कॉलेज के सभी प्राध्यापक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित हुए इसके तत्पश्चात सीआरपीएफ 194 बटालियन में कमांडेंट मनोज डांग, सेकंड इन कमांडेंट जितेंद्र कुमार ,डिप्टी कमांडेंट डीएन सिंह, असिस्टेंट कमांडेंट शांति किस्कू और अन्य पदाधिकारियों और जवानों को वॉलंटियर के द्वारा बनाए गए हैंडमेड कार्ड ससम्मान दिए गए। इस अवसर पर कमांडेंट श्री मनोज ने कहा कि देशभक्ति के लिए किसी विशेष दिन की आवश्यकता नहीं है। हमें प्रतिदिन अपने देश के सेवा के लिए तत्पर रहना है। उन्होंने वॉलंटियर्स द्वारा बनाए गए हैंडमेड कार्ड्स की बहुत सराहना की। मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ दारा सिंह गुप्ता ने हर घर तिरंगा मानने के उद्देश्य को बताया। महिला कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अर्पित सुमन टोप्पो

## दुकानदारों से रंगदारी मांगने वाले जाएंगे जेल: डीएसपी



**धनबाद।** वासेपुर के आरा मोड़ के दुकानदार और फुटपाथ पर ठेला लगाने वालों से रंगदारी मांगने की सूचना के बाद बैंक मोड़ पुलिस ने सोमवार को आरा मोड़ के कारोबारियों के साथ बैठक की। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम और थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने भरोसा दिया कि उनसे कोई रंगदारी नहीं मांगेगा। यदि कोई रंगदारी मांगता है तो फौरन इसकी सूचना पुलिस को दें, पुलिस उसे गिरफ्तार करेगी। डीएसपी ने बताया कि पिछले दिनों कारोबारियों से मारपीट के मामले में पुलिस ने मोनटी कुरैशी उर्फ जहांगीर कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस मोनटी के भाई जुम्मन कुरैशी की भी तलाश कर रही है। सभी दुकानदारों से अपनी-अपनी दुकान के बाहर और अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। इसके अलावा सक्रिय अपराधियों के संबंध में पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। दुकानदारों से कहा गया कि वे निर्भीक होकर दुकान चलाएं। दुकानदारों से अपील की गई कि वे ट्रैफिक व्यवस्था का ख्याल रखें। सड़क पर गाड़ी खड़ी कर अतिक्रमण नहीं करें।

## साप्ताहिक जन शिकायत दिवस में 15 आवेदन, 4 का त्वरित निस्तारण

**बिशुनपुर।** अंचल कार्यालय बिशुनपुर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत दिवस में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 4 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 11 आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई जारी है। प्राप्त आवेदनों में अतिवृष्टि से मकान क्षति का 1, तत्काल प्रमाण पत्र निर्गत हेतु 3, पारिवारिक सदस्यता से संबंधित 5, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 2, वज्रपात से पशु क्षति का 1, भूमि विवाद संबंधी 1, ऑनलाइन पंजी-2 सुधार का 1 और ऑनलाइन दाख़िल-खारिज शुद्धिपत्र निर्गत का 1 आवेदन शामिल था। तत्काल प्रमाण पत्र निर्गत से जुड़े सभी आवेदनों का उसी समय निपटारा कर दिया गया। भूमि विवाद संबंधी मामले को जांच हेतु अग्रसारित किया गया है। अंचल प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि शेष लंबित आवेदनों का निस्तारण शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर अंचलाधिकारी शेखर वर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी समेत अंचल एवं प्रखंड के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गोड्डा एक्सप्रेस का तीन बार समय बदलने से टाटानगर में भड़के यात्री

नवीन मेल संवाददाता

- गोड्डा एक्सप्रेस के टाटानगर से खुलने का समय दोपहर में 2.05 बजे है। बताया जाता है कि मालगाड़ी दुर्घटना के बाद चांडिल की लाइन से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया है




**जमशेदपुर।** गोड्डा एक्सप्रेस का तीन बार समय बदलने से सोमवार शाम टाटानगर स्टेशन पर हंगामा हो गया। भड़के यात्रियों की भीड़ स्टेशन मास्टर कक्ष में एकत्र होकर तत्काल ट्रेन रवाना करने की मांग करने लगी, लेकिन ट्रेन रात नौ बजे तक टाटानगर में खड़ी थी। गोड्डा एक्सप्रेस के टाटानगर से खुलने का समय दोपहर में 2.05 बजे है। बताया जाता है कि मालगाड़ी दुर्घटना के बाद चांडिल की लाइन से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया है, लेकिन सिस्टम को पूरी तरह दुरुस्त करने में अभी एक-दो दिन और लगेंगे। सोमवार को दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने 5 घंटे का ब्लॉक लेकर लाइन, सिग्नल व प्वाइंट को सुचारु करने का कार्य किया है। इससे टाटानगर स्टेशन से धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस, टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस और टाटानगर-गोड्डा एक्सप्रेस को देर से रवाना करने का आदेश हुआ था। वहीं, संतरागाछी स्टेशन से आनंद विहार एक्सप्रेस भी लेट से खुली। भुवनेश्वर से दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस समय पर रवाना हुई, लेकिन चांडिल ब्लॉक के कारण एक घंटे के लिए किसी स्टेशन पर रोकने का आदेश था।

इधर, पटना-टाटानगर वंदे भारत ट्रेन को बदले मार्ग पर चलाया गया। जानकारी के अनुसार, रैक के अभाव में कटिहार से टाटानगर के लिए ट्रेन नहीं खुली। इधर, धनबाद, हटिया, गोड्डा और आनंद विहार की ट्रेनें लेट होने से टाटानगर स्टेशन पर सैकड़यों यात्रियों की भीड़ से अफरातफरी का माहौल रहा और शाम को हंगामा हो गया। इससे दर्जनों यात्री प्लेटफॉर्म नंबर एक के हेल्पडेस्क, स्टेशन मास्टर कक्ष और पूछताछ केंद्र पर ट्रेन खुलने का सही समय जानने के लिए परेशान थे लेकिन गोड्डा एक्सप्रेस खुलने का सही समय नहीं बताने से आक्रोश भड़क उठा। ये है मामला दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के आद्रा मंडल स्थित चांडिल स्टेशन के पास शनिवार सुबह मालगाड़ी के 22 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण टाटानगर में 70 से ज्यादा एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों का परिचालन 30 घंटे तक प्रभावित हुआ था।

कई ट्रेनों को रद्द किया गया, जबकि कुछ को बदले मार्ग से चलाया गया और परिचालन दूरी में कटौती की गई। हालांकि, रेलवे ने आपात स्थिति में दुर्घटनाग्रस्त लाइन से परिचालन शुरू करा दिया, लेकिन सामान्य करने के लिए लाइन ब्लॉक जारी है।

## कोयला प्रभावित क्षेत्रों के 120 अभ्यर्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**धनबाद।** बीसीसीएल और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट) रायपुर के बीच बुधवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। इसके तहत बीसीसीएल के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के 120 अभ्यर्थियों को बीसीसीएल सीएसआर पहल के तहत कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चार माह के प्रशिक्षण में अभ्यर्थियों को मशीन ऑपरेटर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो मोल्डिंग, प्लास्टिक एक्सट्रूजन, टूल रूम, मशीन ऑपरेटर, प्रोग्रामर–सीएनसी मिलिंग व सीएनसी लेथ जैसे विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया जाएगा। कोयला भवन मुख्यालय में आयोजित समारोह में बीसीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया, महाप्रबंधक (सीएसआर) कुमार मनोज व सीएसआर टीम उपस्थित रही। सीपेट रायपुर के प्रबंधक (तकनीकी) रवींद्र रेड्डी व सहायक तकनीकी अधिकारी एस पृथ्वीराज ने भाग लिया। मौके पर निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया ने कहा कि परियोजना का उद्देश्य चयनित अभ्यर्थियों को केवल तकनीकी प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाना है, जो उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर के साथ उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला सके।

### आज कई इलाकों में 3 घंटे बिजली बंद रहेगी

**रांची।** रांची के पॉलिटेक्निक बिजली उपकेंद्र में बुधवार को पावर ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरणों की मरम्मत का काम होगा। इसके चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इन फीडरों की बिजली बंद रहेगी। बसारटोली, मेन रोड, चर्च रोड, सुजाता व पत्थलकुदवा है। इस दौरान मेन रोड, सुजाता एरिया, कर्बला एरिया, गोस्सनर कॉलेज, सीरम टोली, फातुल्लाह रोड, रेडिसन ब्लू, चर्च कॉम्प्लेक्स, सैनिक मार्केट, उर्दू लाइब्रेरी जैसे इलाकों में लाइट नहीं रहेगी। बिजली विभाग ने लोगों से अपील की है कि जरूरी काम पहले ही निपटा लें, ताकि परेशानी न हो।

### पिठोरिया में तिरंगा पद यात्रा निकाली गई

**रांची।** पिठोरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो और तिरंगा यात्रा के संयोजक अशोक राम, मंडल के मंत्री और प्रभारी दीपक दास, युवा अध्यक्ष श्रवण गोप , महामंत्री शंकर महतो, महामंत्री लखन उरांव, रामनाथ नायक, रविंद्र प्रसाद, मोती राम महतो, बबलू मिश्रा, अखिलेश पाठक, अरविंद साहू, मुंडे मुंडा, मीरा देवी ,उषा देवी और स्कूल के छात्र छात्रों एवम् महिला, पुरुष और दूर दराज से ग्रामीण उपस्थित थे।

### हर घर तिरंगा अभियान को ले निकाली रैली

**बोकारो।** भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में मंगलवार को 26वीं वाहिनीं, केरिपुबल आईटीआई मोड़ चास में राजीव रंजन कमाण्डेंट 26वीं वाहिनीं के निर्देशानुसार मोटरसाइकिल रैली आयोजित की गयी। रैली को अरविंद कुमार सहायक कमाण्डेंट ने हरी झंडी दिखाकर 26वीं वाहिनीं मुख्यालय चास से रवाना किया। यह मोटर साईकल रैली जोधाडीह मोड़, महावीर चौक, धर्मषाला मोड़, बाईपास रोड, एयरपोर्ट रोड, झारखण्ड पुलिस लाईन होते हुए वापस 26वीं वाहिनीं मुख्यालय तक आकर समाप्त हुई। मोटर साईकिल रैली का उद्देष्य 9 अगस्त से 12 अगस्त तक आयोजित किये जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के बारे में सभी नागरिकों को जागरूक करना रहा। उनको प्रेरित करना कि वो अपने घर पर तिरंगा फहराकर आजादी का उत्सव धूमधाम से मनाण्। जिससे पूरे देश में देशभक्ति की भावना का संचार हो।

### शपथ पत्र



मैं बलराम सिंह पिता कमख्या सिंह, धर्म हिन्दू , पेशा विद्यार्थी, राष्ट्रीयता भारतीय, ग्राम कुरूम, पो०-कुरूम, थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि मेरा सही वो वास्तविक नाम बलराम सिंह एवं सही जन्म तिथि 12/11/1998 है जो मेरे मतदाता पहचान पत्र सं० MGK7645625 एवं मैट्रिक के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज है। मेरे नाम से निर्गत आधार कार्ड सं0 6432 3749 2790 में मेरा नाम मुकेश सिंह दर्ज हो गया है जो गलत है। मेरा नाम बलराम सिंह है जो सत्य एवं सही है।

**शपथ पत्र संख्या : 04/57, दिनांक : 02/08/2025**

## कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी में हुआ डिबेट का आयोजन

# यूरेनस हाउस बना विजेता मार्स हाउस उपविजेता

नवीन मेल संवाददाता

- निर्णायक मंडल के सदस्यों ने डिबेट में भाग लेने वाले बच्चों की प्रशंसा की



**रांची।** ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल परिसर स्थित सभागार में शनिवार को स्कूल स्तरीय डिबेट कंपटीशन का फाइनल राउंड संपन्न हुआ। डिबेट कंपटीशन में कुल 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें मार्स हाउस के 6 प्रतिभागी तथा यूरेनस हाउस के 6 प्रतिभागी शामिल थे। डिबेट का विषय 'वन नेशन वन इलेक्शन' था। 'वन नेशन वन इलेक्शन' के पक्ष में मार्स हाउस के बच्चे तथा विपक्ष में यूरेनस हाउस के बच्चों ने अपने वक्तव्य दिए तथा रिव्यूटल राउंड में प्रश्न उत्तर किया गया। सभी छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन के आधार पर यूरेनस हाउस को विजेता तथा मार्स हाउस को उपविजेता घोषित किया गया। दोनों टीमों के बीच काफी करीबी मुकाबला था। अंतिम रूप से मार्स हाउस से प्रशंसा झा तथा यूरेनस हाउस से सुनिधि सिंह को उत्कृष्ट वक्ता घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उसके बाद कलकत्ता पब्लिक स्कूल के वाइस प्रेसिडेंट प्रभाष कुमार झा ने डिबेट कार्यक्रम के शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। रेक्टर मिथिलेश कुमार मिश्रा ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। डिबेट प्रतियोगिता की खूबसूरती यह थी की समस्त प्रतिभागियों ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' से संबंधित 129वें संविधान संशोधन विधेयक के संबंध में समस्त बारीक बिंदुओं को काफी मजबूती से रखा। इस क्रम में भारत के संविधान के विभिन्न अनुच्छेद की चर्चा करते हुए उसके प्रावधानों में किस प्रकार के संशोधन की आवश्यकता है, इसका जिक्र किया गया। रिव्यूटल राउंड में बहुत गंभीर प्रश्नोत्तर किए गए। उपस्थित निर्णायकों में से द पायनियर के संपादक अनुपम शशांक ने कहा कि हर एक छात्र इतनी सुंदर ढंग से एक-एक बिंदु का उपस्थापनकर रहे थे, जैसे लगता है कि भारत के संविधान की जो जटिलताएं हैं, उनके लिए एकदम सहज हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों द्वारा रेफरेंडम और राइट टू रिकॉल पर भी डिबेट कराया जा सकता है।

संत जेवियर कॉलेज रांची के राजनीति शास्त्र विज्ञान के प्राध्यापक डॉ आशुतोष कुमार पांडे ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा, मैं राजनीति शास्त्र का अध्यापक हूं और मैं पूरी तैयारी के साथ आया था कि आज मुझे बहुत वक्तव्य देना है, लेकिन इन बच्चों द्वारा संविधान के बारीक बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## आदर्श मध्य विद्यालय बड़ाजामदा में बच्चों को जागरुक कर खिलाई फाइलेरिया की दवा




**गुवा ।** मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आदर्श मध्य विद्यालय बड़ाजामदा में जिला स्वास्थ्य समिति पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के सौजन्य से बड़ाजामदा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने IVR की गोलियां छात्र छात्राओं को खिलाया गया ताकि इस लाईलाज बीमारी को रोका जा सकें। साथ ही बच्चों को जागरुक करते हुए कहा कि हाथी पाव (फाइलेरिया) एक लाइलाज बीमारी है। इसके बचाव के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने एक मुहिम चलाते हुए सभी को दवा खिलाई जा रही है। जिससे ऐसी लाइलाज बीमारी किसी का ना हो। यह अभियान 10 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक चलाई जा रही है।

इस दौरान बड़ाजामदा स्वास्थ्य विभाग टीम की ओर से में श्रीमती ममता देवी, श्रीमती कुंतल विश्वाल,श्रीमती बामनी पूर्ति और आदर्श मध्य विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती अमीना चातोम्बा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग ।

**सर्वसाधारण के लिये सूचना।**



फोटो–रिया कुमारी

बड़कागांव थाना कांड सं0–195/25, दि0–26.07.2025, धारा–96 बी0एन0एस0 के आलोक में पिडिता –रिया कुमारी, पिता–सुनील कुमार साव, ग्राम–महुगाँईकलां, थाना–बड़कागांव, जिला–हजारीबाग दिनांक–24.07.2025 अपनी छोटी बहन के साथ +2 उच्च विद्यालय हरली पढ़ाई करने के निकली थी तथा स्कूल गेट के पास से फोटो कॉपी करने की बात अपनी बहन से बोल कर गई उसके बाद से अभी तक वापस घर नहीं पहुँची है। प्रेम प्रसंग में भोपाल साहु उर्फ पिन्टु कुमार, पिता–स्व0 अर्जुन साव, ग्राम–पूरनी पेटो, थाना–केरेडारी, जिला–हजारीबाग के विरूद्ध प्रेम प्रसंग में भगाने के आरोप में काण्ड अंकित किया गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। **हुलिया:– लम्बाई–5फीट,रंग–गोरी, बाल–काला, चेहरा–गोल, पहनावा–स्कूल ड्रेस, सफेद रंग का कुर्ती एवं हरा रंग का पजामा एवं दुपट्टा पहनी हुई है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बड़कागांव/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः–

अनु0पु0पदा0 बड़कागांव, हजारीबाग :– 9430336100
थाना प्रभारी बड़कागांव, हजारीबाग :– 9431706313, 8210710802

PR 359447 (Police) 25-26 (D)

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने समाज और देश के प्रति जागरूक रहे। उसे अपने समाज और देश की समस्याओं के बारे में सोचना चाहिए और उनका समाधान खोजने का प्रयास करना चाहिए।" - **हजारी प्रसाद द्विवेदी**

## संपादकीय

# पाक के साथ अमेरिका बेनकाब

व्यापार के लिए सब जायज नीति वाले ट्रंप के अमेरिका की वैश्विक स्थिति हास्यास्पद हो गई है।पाकिस्तानी आतंकी ढांचे को बेनकाब करने के अपने अभियान में भारत ने एक महत्वपूर्ण और दुर्लभ कूटनीतिक जीत हासिल की है। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय निगरानी से बचने के लिए बार-बार खुद को नया नाम दिया है। पहलगाम आतंकी हमले (जिसे पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तोइबा की एक छद्म शाखा, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने अंजाम दिया) ने दुनिया को झकझोर दिया है। नतीजतन अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र, दोनों ने टीआरएफ का नाम लेकर पाकिस्तान को शर्मिंदा किया, तथा इसे सीधे तौर पर इस्लामाबाद की जम्मू और कश्मीर में प्रॉक्सी के जरिए जेहाद छेड़ने की नीति से जोड़ा है। यह संयुक्त रुख न केवल भारत की खुफिया जानकारी की स्वीकृति है, बल्कि पाकिस्तान की दशकों पुरानी इस नीति पर सार्वजनिक अभियोग भी है, जिसमें वह अपनी संलिप्तता से इन्कार करते हुए नए नामों के तहत आतंकवादी समूहों को बढ़ावा देता है। नई दिल्ली के लिए यह एक दुर्लभ क्षण था, जब अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान के कपट के खिलाफ कदम उठाया। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कदम वाशिंगटन में भारत की गहन कूटनीतिक पहल के बाद उठाया गया। भारत ने तकनीकी प्रमाणों के साथ विस्तृत डोजियर प्रस्तुत किया है, जो टीआरएफ के डिजिटल पदचिह्नों, वित्तपोषण और नेतृत्व को पाकिस्तान के डीप स्टेट और लश्कर-ए-ताइबा से जोड़ते हैं। यह भारत की खुफिया जानकारी में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दर्शाता है। भारत ने पश्चिमी सहयोगियों को दी गई जानकारी में पहलगाम आतंकी घटना को प्रमुखता से उठाया और इसे स्थानीय कानून-व्यवस्था का मुद्दा न मानकर, बल्कि जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने की आईएसआई की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा बताया। फिर भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रत्याशित यू-टर्न लेते हुए अपनी नवीनतम टिप्पणियों और नीतिगत संकेतों में पाकिस्तान को असाधारण प्राथमिकता दी है, जिससे अमेरिकी मंशा पर गंभीर संदेह पैदा हो गया है। दबाव बनाए रखने के बजाय, ट्रंप का झुकाव एक ऐसे मुल्क को पुरस्कृत करने का जोखिम उठाता है, जो आतंकवादियों की फैक्टरी के रूप में काम करता है। भारत के लिए स्थिति स्पष्ट है: वाशिंगटन द्वारा टीआरएफ की सार्वजनिक निंदा के बाद अब व्हाइट हाउस ने इस्लामाबाद को खुश करने की इच्छा दिखाई है, चाहे वह अल्पकालिक सामरिक लाभ पाने के लिए हो या अन्य भू-राजनीतिक सौदों की तलाश के लिए। यह दोहरा मापदंड न केवल अमेरिका के आतंकवाद-रोधी रुख की विश्वसनीयता को कमजोर करता है, बल्कि पाकिस्तान को अपने छद्म युद्ध को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित भी करता है। इससे पता चलता है कि वैश्विक कूटनीति के उच्च मंच पर रणनीतिक सुविधा अक्सर नैतिक स्पष्टता पर भारी पड़ती है। भारत को दृढ़ता और प्रमाण, दोनों के साथ इसका मुकाबला करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र की कार्रवाई से पाकिस्तान की कूटनीतिक चुनौती बढ़ गई है। हाल ही में एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर आने के बाद, इस्लामाबाद अब नए सिरे से निगरानी का जोखिम उठा रहा है। ये कदम वैश्विक निगरानी संस्थाओं को आतंकवाद के वित्तपोषण पर पाकिस्तान के रिकॉर्ड की फिर से जांच करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, लेकिन ट्रंप एक बार फिर पाकिस्तान के रक्षक साबित हो सकते हैं। पिछले दो वर्षों में, भारत ने चुपचाप और लगातार टीआरएफ और उसके सहयोगी संगठनों जैसे पीएएफएफ, यूएलएफजेके और गजनवी फोर्स के खिलाफ मामला बनाया है।

*भारत ने तकनीकी प्रमाणों के साथ विस्तृत डोजियर प्रस्तुत किया है, जो टीआरएफ के डिजिटल पदचिह्नों, वित्तपोषण और नेतृत्व को पाकिस्तान के डीप स्टेट और लश्कर-ए-ताइबा से जोड़ते हैं।*

# बाबाओं की फिसलती जुबान आए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास


एआई जेनरेटेड

देश की करोड़ों बेटियां चिकित्सा अभियांत्रिकी सैना पुलिस शिक्षा स्वास्थ्य न्याय स्वरोजगार क्षेत्रों में धरती से लेकर अंतरिक्ष तक देश के लिए अपनी सेवाएं दे रही है क्या एक दो फीसदी पथ से भटकी लडकियों की वायरल रील को देश की तमाम नारी जगत के चरित्र के आकलन का मापदंड माना जा सकता है? लेकिन स्वयंभू बाबा इन दिनों देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रावणी अपराध कर रहे हैं हाल ही में एक कथावाचक का युवतियों को लेकर बेहद आपत्ति जनक बयान वायरल हुआ। जिसमें यह कथावाचक अनिरुद्धाचार्य कहता है कि पच्चीस साल की लड़की कई जगह मुंह मार चुकी होती है। क्या किसी कानून या सरकार ने अब इन बहरुपिए कथा वाचको को देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगाने का अधिकार दे दिया है? कथा के नाम पर यह मात्र छठी कक्षा पढ़ा कथा वक्ता पिछले कुछ समय से जिस तरह की प्रश्नोत्तरी सोशल मीडिया पर वायरल कर प्रचार पा रहा है वह बेहद भौंडी और धर्म संस्कृति संस्कार सदाचरण से कोसो दूर है। अभी इस कथा वाचक का बयान समाज विशेषकर महिलाओं बच्चियों को मर्माहत कर रहा था कि इसी बीच पिछले कुछ समय में सोशल मीडिया पर छाकर अपनी पहचान बनाने वाले प्रेमानंद महाराज का बेहद आपत्तिजनक बयान वीडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में प्रेमानंद महाराज लड़के और लड़कियों के चरित्र पर टिप्पणी कर रहे हैं। महाराज ने एक वायरल वीडियो में कहा है कि, 'आज के समय में 100 में से मुस्किल से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती हैं, बाकी सभी ब्वॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड के चक्कर में लगी हुई हैं.' प्रेमानंद महाराज का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। महाराज ने आगे कहा था, 'अगर कोई युवक 4 लड़कियों से संबंध बनाता है, तो वह अपनी पत्नी से संतुष्ट नहीं रह पाएगा, क्योंकि उसे व्यभिचार की आदत लग चुकी होती है. इसी तरह, जो लड़की चार पुरुषों से संबंध बना चुकी है, उसके अंदर एक पति को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं रहती.' इसके अलावा उन्होंने कहा कि 100 में से मुश्किल से दो-चार कन्याएं ही ऐसी होती हैं, जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती हैं। समझ से परे की बात है कि इस तरह का बयान उन्होंने क्यों दिया? उनके पास इस देश की नारी शक्ति की पवित्रता मापने का कौन सा मापदंड है? समूचे देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रहे महाराज मात्र आठवीं तक की स्कूली शिक्षा पाए हैं सोशल मीडिया पर उनके एकांत वार्ता की हजारों रील प्रसारित है गुरू महिमा का बखान करने वाले एक बालक सक्षम की करुणा भरी आवाज़ में पार्श्व संगीत के साथ बजने वाले वायरल भजन ने बड़ी तादाद में लोगों को उनके प्रति आकर्षित किया है। कभी भक्तों की ओडी और महंगी गाड़ियों में कभी पैदल रात के दो तीन बजे अपने आवास से आश्रम की यात्रा के दौरान हजारों भक्तो के जमघट और जयकारे की रील खूब प्रचारित की जाती रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत क्रिकेट प्लेयर विराट अनुष्का या कुछ अन्य माननीय उन से भेंट करने आ चुके हैं यह उन्हें सर्वमान्य होने का अहसास कराता है लेकिन ख्याति को पचा पाना सब के वश की बात नहीं है उनके साथ भी यही हुआ है इसे मतिभ्रम की स्थिति ही कहा जाए कि इस सबके बावजूद उन्होंने भाषा और शालीनता की तमाम मर्यादाओं को तोड़कर जिस तरह की टिप्पणी देश की बेटियों की अस्मिता पर की है वह वास्तव में एक संत के मुख से शोभा नहीं देती है। न यह सच्चे संत की भाषा या विचार हो सकता है। दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर सैकड़ों पथ से भटक गयी युवतियों की अवांछनीय हरकतों की रील तरह तरह से वायरल कर इस तरह का वातावरण तैयार किया जा रहा है जिसमें युवतियों लड़कियों को आचरण हीन और मर्यादाहीन जीवन में रत होने का प्रचार किया जा रहा है। लेकिन इस तरह के अमर्यादित वस्त्र और व्यवहार मात्र एक दो प्रतिशत लड़कियां या युवतियां करती है ये सोशल मीडिया पर वायरल रील समूचे समाज की बानगी नहीं है यदि कोई इन रील के आधार पर समाज के चरित्र का आकलन करता है तो वह निरा मूर्ख है। अल्पशिक्षित कथा वक्ता इसी तरह का काम कर रहे हैं। महाराज बयान कर रहे हैं कि सौ में से दो चार ही कन्याएं ही ऐसी होती है जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती है। यह बयान निसंदेह एक संत का नही हो सकता है। यदि उनके अपने बेटी होती तो भी वह ऐसा असभ्यता अशालीन और अतार्किक बयान शायद नहीं करते। इस तरह की बयानबाजी समाज में नर नारी के बीच आपसी विश्वास और संबंधों में दरार और संदेह उत्पन्न करेगी। खासकर ऐसे समय में जब भारतीय समाज नीले ड्राम वाली मुस्कान और हनीमून पर पति का कत्ल कराने वाली सोनम के दुराचरण से आहत हैं और युवाओं में विवाह के प्रति आकर्षण उतार पर है संदेह और अविश्वास को बढ़ाने वाले बयान देना समूचे समाज की मानसिकता में महिलाओं लड़कियों के प्रति संदेह और अविश्वास का बीजारोपण कर सकता है। हर शहर कस्बे में इन कथा वक्ता और महाराज के बयानों को लेकर महिलाओं खास कर लड़कियों में गहरी नाराजगी है लेकिन इन लोगों ने अपने बयान पर शर्मिंदगी जताने की इंसानियत भी नही दिखाई है। इनका ऐसा रवैया इनके दम्भ को दर्शाता है। आपकों बता दें कि भारत के पुरातन वेदों शास्त्रों में नर नारी को न सिर्फ समान सम्मान और आदर से प्रतिष्ठित किया गया है वैदिक ऋचाओं में विश्ववारा गोधा सरमा अपाला घोषा शची लोपामुद्रा भारतीय नारी ऋषियों का बेहद सम्मान पूर्ण स्थान रहा है इतना ही नहीं शास्त्रों में वर्णित सप्तऋषियों में भी एक अरूंधती महिला सप्तऋषि स्थान पर पदस्थ की गयीं जिस सनातन संस्कृति में नारी का इतना उच्च व गौरवशाली स्थान रहा है सीता सावित्री गार्गी के चरित्र अनुपम हैं देश की युवा पीढ़ी की बच्चियों को भारतीय नारियों के गौरवशाली अतीत को स्मरण कराने की जरूरत है न कि उन के चरित्र हनन करने की। इस तरह के अतिरंजित घृणा भरे बयान भारतीय युवा पीढ़ी की बच्चियों के हृदय में सुधार के स्थान पर कुंठा और अवसाद को जन्म देगा। जिन वेदों की ऋचाओं को स्वयं नारी ऋषियों ने गढ़ा कालांतर में मध्ययुगीन काल में महिलाओं को ही वेदों के पठन पाठन का अधिकारी नहीं होने का शिगूफा कुछ तत्कालीन धर्म के स्वयंभू ठेकेदारों ने छोड़ा आज भी इस तरह के कथा वक्ता और महाराज कालनेमियो की तरह नारी के प्रति बेहद घृणास्पद चरित्र हनन करने वाली बदजुबानी कर नारी सम्मान और अस्मिता पर लांछन लगा रहे हैं। रील के प्रचार प्रसार के बूते पर समाज में दबदबा बनाने वाले इन लोगों को जानना चाहिए ऋग्वेद में नारी के लिए लिखा है 'स्त्री हि ब्रह्मा वभुविथ' यानि नारी ब्रह्मज्ञान की अधिष्ठाता है वह स्वयं विदुषी होती है संतान को सुशिक्षित बनाती है। भारतीय नारी आज भी संसार में अपने उज्जवल चरित्र के लिए पहचान रखती है देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर एक महिला सुश्री द्रोपदी मुर्मू देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के राज्यपाल पद पर महिला सुश्री आनंदी बेन कुशलता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहीं हैं तो देश की बेटी विंग कमांडर सोफिया कुरैशी आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सीमा पर जबाव देती है तो सुप्रीम कोर्ट में महिला न्याय मूर्ति बी बी नागरत्ना देश की नारी जगत की गरिमा को अभिवृद्धि कर रहीं हैं। भारत सरकार का महत्वपूर्ण वित्त मंत्रालय भी एक महिला निर्मला सीतारमन बखूबी संभाल रही हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की **बात**


**मनोज कुमार अग्रवाल**

## किसी भी कीमत पर समझौता नहीं

सारे देश को धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिए ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ आंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन-यापन का भी प्रश्न है। अब पीएम मोदी ने ट्रंप द्वारा अतार्किक टैरिफ बढ़ाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने देश के किसानों को आश्वस्त किया है कि उनके हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। भारत में हरित क्रांति के सूत्रधार, प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के मौके पर उनका यह बयान और महत्वपूर्ण व प्रासंगिक हो जाता है। कृतज्ञ राष्ट्र स्वीकार करता है कि स्वामीनाथन के हरित क्रांति में योगदान से भारत खाद्यान्न की कमी से उबरकर आज खाद्यान्न अधिशेष वाला राष्ट बन गया है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिए खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है। हालांकि, इस दृढ़ संकल्प की परीक्षा ट्रंप शासन द्वारा ली जाएगी। जो भारत द्वारा रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीदने के मुद्दे को लेकर लगातार दबाव बना रहा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय राजनीति में किसान उत्पादक व उपभोक्ता से इतर बड़ा राजनीतिक घटक भी है। ऐसे में जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी कृषक समुदाय को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं करना चाहेंगे। इसमें दो राय नहीं कि विगत में भी किसान असंतोष को राजनीतिक हथियार बनाने में विपक्ष ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। खासकर केंद्र सरकार ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ वर्ष 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले किसान आंदोलन से कड़वा सबक सीखा है। आज अमेरिकी दबाव का सामना करने के लिये विभिन्न हितधारकों को एकजुट होने की आवश्यकता है। बहरहाल, अमेरिका के खतरनाक मंसूबे अब उजागर होने लगे हैं। वह भारत के बाजार को अपने डेरी उत्पादों के लिए डंपिंग ग्राउंड बनाने पर आमादा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की **बात**


**राकेश दुबे**

# परिवर्तन प्रगति की सांस है

परिवर्तन उस सवेरे की पहली किरण की तरह है, जो चाहे बादलों में छिप जाए, पर हर दिन आती है। यह नदी के प्रवाह की तरह है-रुक जाए तो सड़ांध पैदा होती है, बहता रहे तो जीवन को सिंचता है। प्रकृति हमें हर पल यही सिखाती है कि "सदा एक समान रहना संभव नहीं।" ऋतुओं का चक्र हो या पेड़ पर पत्तों का झरना—सब हमें याद दिलाते हैं कि परिवर्तन ही स्थायी है। चार्ल्स डार्विन का प्राकृतिक चयन सिद्धांत (Origin of Species, 1859) स्पष्ट करता है कि "जो समय के अनुसार ढलता है, वही जीवित रहता है।" यानी, जीवन वही है जो बदलता है; ठहराव, मृत्यु का दूसरा नाम है। मुझे हमेशा लगता है, प्रकृति ने जीवो को पैर इसलिए दिए ताकि वह खड़ा न रहे- रेंगता रहे, चलता रहे , भागता रहे । पर हम हैं कि अक्सर वहीं खड़े रह जाते हैं। हम सोचते हैं कि ऊपर से कुछ मलहम लगाकर सब बदल जाएगा। लेकिन सच्चाई यह है कि पुदीना के पत्ते पर हल्दी का लेप देने से वो सोना नहीं बन जाता। असली बदलाव भीतर से आता है, ऊपर से चिपकाई गई परतों से नहीं। भारत की आध्यात्मिक चेतना भी इसी नियम पर टिकी है। गौतम बुद्ध ने कहा-"सभी संस्कार अनित्य हैं।" उन्होंने जीवन को "जागृति का सतत् प्रयास" माना। जब कपिलवस्तु के महल में वे सुरक्षित जीवन जी सकते थे, तब भी वे निकले-सत्य की खोज में। यह बताता है कि आत्म-जागरण तभी संभव है जब मनुष्य अपने भीतर परिवर्तन को जगह दे। बुद्ध का यह निर्णय वैसा ही था जैसे अभी कोई अमीरजादा अचानक अपनी एसी कार छोड़ कर पैदल निकल पड़े (यहाँ निर्धनता में रहते हुए धन त्याग की बात निरर्थक है , धन सम्पति रहते हुए उसका त्याग कर स्वयं की खोज में निकलना दुर्लभ देखा जाता है)महात्मा गांधी भी परिवर्तन की जीती-जागती मिसाल हैं। उनकी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' इसका प्रमाण है। उन्होंने लिखा-"मैंने जीवन को प्रयोगशाला बनाया और अपनी गलतियों को स्वीकार किया।"अर्थात् गांधी के लिए जीवन एक निरंतर संशोधन की प्रक्रिया था। दक्षिण अफ्रीका में अन्याय का अनुभव, भारत में किसानों की पीड़ा-इन सबने उनके विचार बदले और उन्होंने सत्याग्रह और अहिंसा को गढ़ा। सच कहूँ, अगर गांधी अपने विचार बदलने को तैयार न होते तो शायद वे भी 'एक और नेता' बन कर रह जाते, 'महात्मा' नहीं। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं जहाँ विचारधारा का बदलाव युगांतकारी साबित हुआ। अकबर शुरुआत में अन्य मुग़ल शासकों की तरह कठोर और कुछ हद तक असहिष्णु था। लेकिन धीरे-धीरे जब वह विद्वानों-अबुल फ़ज़ल, बीरबल, टोडरमल, फैज़ी, राजा मान सिंह जैसे नव रत्नों, जैन आचार्य हरिविजयसूरी, हरिदास, शेख मुबारक और अनेक संतों-साधुओं की संगति में आया, तो उसकी दृष्टि बदली। उसने "सुलह-ए-कुल" नीति अपनाई, जहाँ सब धर्मों को सम्मान मिला। उसकी राजपूत नीति ने भी इस परिवर्तन को और सशक्त किया-राजपूतों से मित्रता और विवाह संबंधों के माध्यम से उसने एक नई एकता की शुरुआत की। अगर अकबर यही सोचता रहता-"मैं निति क्यूँ बदलूं, खुद को क्यूँ बदलूं तो शायद उसका नाम भी बाबर एवं अन्य मुग़ल शासकों की तरह रह जाता। लेकिन अकबर ने विचार बदले, और इतिहास ने उसे "महान" लिख दिया। विचारों में बदलाव दरअसल वही है जो कुम्हार की मिट्टी को सुंदर घड़े में बदलता है। जितना थपथपाओ, उतना आकार बनता है। कबीर की वाणी चेतावनी है-बदलाव को टालने वाला, जीवन से कट जाता है। अगर समय पर अपने विचार, अपने व्यवहार और अपनी आदतें न बदलीं तो हम जड़ हो जाएंगे। आज भारत में एक समस्या यह भी है कि कुछ विचारधाराएँ अपने जमे हुए मत को ही "सत्य" मानकर दूसरों पर थोपने की कोशिश करती हैं। यह वैसा ही है जैसे कोई पुराना कुआँ हो-जिसका पानी अगर नहीं बदलेगा तो वह जहरीला हो जाएगा। कभी-कभी तो लगता है, हमारा समाज नए विचारों से उतना ही डरता है जितना एक बूढ़ा आदमी नए मोबाइल मॉडल से। गांधी ने लिखा था-"मेरे लिए सत्य स्थायी है, लेकिन सत्य तक पहुँचने के मार्ग बदलते रहेंगे।" यानी विचार को जीता-जागता बनाए रखने के लिए परिवर्तन आवश्यक है। परिवर्तन दो पहियों वाली गाड़ी की तरह है-एक पहिया परंपरा, दूसरा नवाचार। अगर एक भी पहिया रुक गया तो गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकती। और सच कहूँ, मुझे खुद को भी बदलना पड़ा है। एक गाँव का लड़का होने के नाते जो आसपास जो देखता हूँ , वो बहुत सीमित केवल कामचलाऊ। लेकिन जैसे-जैसे किताबें पढ़ीं, विद्वानों से मिला, सोचा, व्यक्तित्वों को पढ़ा-सुना-देखा-खुद में टटोला-तो समझ आया कि "पुराना पन्ना पलटने से ही नई कहानी लिखी जाती है।" **(यह आलेख स्वतंत्र दृष्टिकोण पर आधारित है-एक नौसिखिए की सोच, जो सुधार के लिए खुली है।)**

> **कबीर ने कहा-**
> *"काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।*
> *पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब?"*

आपकी **बात**


**बोधार्थी रौनक**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

गूंज़ेगी किलकारियां यही सोचकर आप।
सन्नाटा बुनते रहे कानों में चुपचाप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# कुएं की आत्मा व सरकारी फाइल

वह अपनी फटी धोती और टूटी चप्पल पहनकर जन सेवा केंद्र पहुँचा। वहाँ एक मोटा-सा बाबू, जिसका नाम 'श्रीमान आलस प्रसाद' था, अपनी कुर्सी पर ऐसे पसरा था जैसे कुर्सी पर नहीं, स्वर्ग के किसी बादल पर लेटा हो। उसकी तोंद इतनी विशाल थी कि मेज और कुर्सी के बीच से निकलना भी एक राष्ट्रीय समस्या प्रतीत होता था। घसीटाराम ने अपनी अर्जी पेश की। आलस प्रसाद ने बिना देखे ही, अपनी आँखें बंद रखते हुए कहा, "फॉर्म नंबर 42-बी भरिए और साथ में 17 दस्तावेज़ों की फोटोकॉपी लगाइए। और हाँ, एक 'सेवा शुल्क' भी लगेगा।" घसीटाराम ने माथा खुजाया, "सेवा शुल्क?" आलस प्रसाद ने आँखें मटकाते हुए कहा, "हाँ, वही जो सरकार की सेवा में लगता है। आजकल हवा भी मुफ्त नहीं मिलती, यह तो कागजी कार्यवाही है। फाइल को एक मेज से दूसरी मेज तक ले जाने के लिए भी तो ऊर्जा लगती है, और ऊर्जा के लिए 'ईंधन' चाहिए।" घसीटाराम ने जैसे-तैसे फॉर्म भरा, गाँव के मुखिया से लेकर पटवारी तक के दस्तखत करवाए। हर जगह 'चाय-पानी' के नाम पर उसकी जेब हल्की होती गई। उसकी कुएं में भले पानी न हो, लेकिन सरकारी दफ्तरों में 'पानी' की कमी नहीं थी, बस वह सही जगह बहना चाहिए। किसी ने कहा, "यह तो सरकारी गंगा है, इसमें डुबकी लगाने से पहले दक्षिणा देनी पड़ती है।" घसीटाराम ने सोचा, डुबकी तो लग गई, अब मुक्ति कब मिलेगी? दस्तावेज़ पूरे हुए तो उसे कृषि विभाग भेजा गया। वहाँ एक और बाबू, 'श्रीमान टालमटोल सिंह', अपनी मेज पर पैरों पर पैर रखे बैठा था। उसके सामने फाइलों का एक पहाड़ खड़ा था, जिस पर धूल की मोटी परत ऐसे जमी थी जैसे किसी प्राचीन सभ्यता के अवशेष हों। घसीटाराम ने अपनी फाइल उसके सामने रखी। टालमटोल सिंह ने फाइल को ऐसे देखा जैसे कोई एलियन वस्तु हो। "ओह! कुआँ? लेकिन यह तो भूजल विभाग का मामला है। हम सिर्फ खेती-बाड़ी देखते हैं। कुआँ तो पानी से संबंधित है न?" घसीटाराम ने समझाया, "सर, कुआँ खेती के लिए ही तो है।" टालमटोल सिंह ने नाक सिकोड़ी, "नियम नियम होता है। आप भूजल विभाग जाइए। हमारा काम तो बीज और खाद देखना है, पानी तो भगवान का काम है, या फिर भूजल विभाग का।" भूजल विभाग में 'श्रीमान ज्ञानचंद' मिले, जो अपनी मेज पर दुनिया भर की भूजल रिपोर्टें फैलाए बैठे थे। उन्होंने घसीटाराम की फाइल को गंभीरता से देखा। "हम्म... कुआँ सूखा है? यह गंभीर विषय है। क्या आपने भूजल स्तर का अध्ययन करवाया है? क्या आपके पास 'जल-स्तर-मापन-प्रमाण-पत्र' है?" घसीटाराम ने गिड़गिड़ाया, "सर, मैं तो बस कुआँ ठीक करवाना चाहता हूँ।" ज्ञानचंद ने चश्मा ठीक करते हुए कहा, "बिना वैज्ञानिक आधार के कोई काम नहीं होता। पहले प्रमाण-पत्र लाओ, फिर बात बनेगी। क्या पता आपकी कुएं में पानी इसलिए न हो क्योंकि उसके नीचे डायनासोर का कंकाल हो, या फिर कोई प्राचीन सभ्यता का खजाना?" जल-स्तर-मापन-प्रमाण-पत्र बनवाने में घसीटाराम के पसीने छूट गए। एक और बाबू, 'श्रीमान निरीक्षण कुमार', उसके गाँव कुएं का निरीक्षण करने आए। उन्होंने कुएं में झाँका, फिर आसमान में देखा, फिर घसीटाराम की हथेली पर देखा। "हम्म... कुआँ तो सूखा है। लेकिन इसमें पानी क्यों नहीं है? यह भी तो एक सवाल है।" घसीटाराम ने कहा, "सर, इसलिए तो सब्सिडी चाहिए।" निरीक्षण कुमार ने सिर हिलाया, "ठीक है, रिपोर्ट लगा देंगे। लेकिन रिपोर्ट लगाने का भी एक 'नियम' होता है।" और उन्होंने एक और 'चाय-पानी' की माँग रख दी, इस बार 'विशेष निरीक्षण शुल्क' के नाम पर। कई महीने बीत गए। घसीटाराम ने दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते अपनी चप्पलें घिस डालीं और अपनी आत्मा को भी घसीट लिया। एक दिन उसे पता चला कि उसकी फाइल 'अदृश्य' हो गई है। यानी, गायब हो गई है। किसी ने कहा, "फाइल को मोक्ष मिल गया होगा।" किसी ने कहा, "फाइल को स्वर्ग में सब्सिडी मिल गई होगी।" एक चपरासी ने फुसफुसाते हुए कहा, "साहब, आपकी फाइल तो 'फाइल-भक्षक' नामक राक्षस खा गया है, जो इस दफ्तर में घूमता रहता है।" घसीटाराम रात को अपनी सूखी कुएं के पास बैठा था। अचानक उसे कुएं के भीतर से एक धीमी, कराहती हुई आवाज़ सुनाई दी। "घसीटाराम... मैं तुम्हारी कुएं की आत्मा हूँ। मैं तुम्हारी फाइल में फँसी हुई हूँ। जब तक फाइल को मुक्ति नहीं मिलेगी, मुझे पानी नहीं मिलेगा।" घसीटाराम ने पूछा, "तो क्या करूँ?" कुएं की आत्मा ने कहा, "जाओ, उस दफ्तर में जहाँ फाइल खोई है, वहाँ एक 'विशेषज्ञ' बैठा है, जिसका नाम 'श्रीमान फाइल-मोक्ष-दाता' है। वह तुम्हारी फाइल को मोक्ष दिला सकता है, लेकिन उसके लिए उसे 'विशेष चढ़ावा' चाहिए।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**


**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## अलीगढ़ में जन्माष्टमी पर सांप्रदायिक एकता की मिसाल

# मुस्लिम कारीगर बना रहे लड्डू गोपाल की मूर्तियां

**एजेंसी। अलीगढ़**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नजदीक है। यह पर्व मूर्तिकारों के लिए काफी खास होता है, जो महीनों से इसका इंतजार करते हैं। उत्तर प्रदेश का अलीगढ़ जिला इस उत्सव में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश कर रहा है, जहां मुस्लिम भाई-बहन जन्माष्टमी के लिए श्री कृष्ण की मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। अलीगढ़ मूर्ति कारोबार के लिए भी अपनी पहचान बना रहा है। शहर के मूर्तिकार महीनों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी में जुटे हैं। खास बात यह है कि इस हिंदू पर्व में मुस्लिम कारीगर भी उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्तियां बनाने में मुस्लिम कारीगरों का योगदान कारोबार को बढ़ावा दे रहा है।

मूर्ति कारोबारी कपिल गुप्ता ने आईएएनएस को बताया, "श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है, और इस दौरान लड्डू गोपाल की मूर्तियों की मांग सबसे ज्यादा होती है। उनका परिवार सौ साल से अधिक समय से इस कारोबार में है, और अब न केवल भारत बल्कि विदेशों से भी ऑर्डर आ रहे हैं।उन्होंने कहा, "यह एक हस्तशिल्प है, जिसमें कुशल हाथों की जरूरत होती है। इस काम में हिंदू, मुस्लिम और सिख कारीगर एक साथ मिलकर मूर्तियां तैयार करते हैं। खासकर मुस्लिम कारीगरों का योगदान इस पर्व को और भी खास बनाता है। मूर्तियों को बनाना, सजाना और बेचना, यह सभी समुदायों के सहयोग से संभव हो पाता है, जो अलीगढ़ की सांस्कृतिक एकता को दर्शाता है। अकील ने बताया कि उन्हें इस काम में गर्व महसूस होता, क्योंकि इससे उनका परिवार चलता है और उनके बच्चे भी यही काम सीख रहे हैं। जन्माष्टमी के इस पर्व में मूर्तियां बनाकर वे न केवल अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी बनाए रखते हैं।



### मुस्लिम कारीगरों की रोज़ी-रोटी का साधन बना काम



मूर्तियां तैयार करने वाले कारीगर अकील खान ने बताया कि वे 25 साल से इस काम में हैं और पीतल की मूर्तियों पर वेल्डिंग का काम करते हैं। उन्होंने कहा, "जन्माष्टमी के लिए लड्डू गोपाल की मूर्तियां बनाना उन्हें बहुत अच्छा लगता है। कई मुस्लिम भाई इस कारोबार में लगे हैं, और यह उनकी रोजी-रोटी का साधन है। हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग, बिना किसी भेदभाव के एक साथ मिलकर काम करते हैं।"

# संसद : बिहार एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग पर अड़ा विपक्ष

## सदन की कार्यवाही स्थगित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के दोनों सदनों में मंगलवार को जमकर नारेबाजी हुई। दरअसल दोनों सदनों यानी राज्यसभा व लोकसभा में विपक्ष के सांसद बिहार में चुनाव आयोग द्वारा करवाए जा रहे गहन मतदाता सूची रिव्यू (एसआईआर) को लेकर चर्चा की मांग कर रहे थे। विपक्षी सांसदों ने अपनी इस मांग को लेकर दोनों सदनों में नारेबाजी की, जिसके बाद राज्यसभा व लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद विपक्ष द्वारा चर्चा की मांग उठाई गई। दरअसल सदन को जानकारी देते हुए उपसभापति हरिवंश नारायण ने बताया कि उन्हें 12 अगस्त को चर्चा के लिए 21 नोटिस प्राप्त हुए हैं।

विपक्षी सांसदों द्वारा ये नोटिस नियम 267 के अंतर्गत दिए गए थे। नियम 267 के अंतर्गत सदन की पहले से तय अन्य सभी चर्चा व कार्यवाही को स्थगित कर दिया जाता और नियम 267 के अंतर्गत दिए गए नोटिस पर चर्चा कराई जाती है। इस चर्चा के अंत में मतविभाजन भी होता है। उप सभापति ने राज्यसभा को जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें चार अलग-अलग विषयों पर चर्चा के कुल 21 नोटिस प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही, उपसभापति ने कहा कि अधिकांश विपक्षी सांसदों द्वारा दिए गए नोटिसों में नोटिस देने संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं किया गया है। उपसभापति ने कहा कि सांसदों ने कई ऐसे विषयों पर भी चर्चा के लिए नोटिस दिया है जिनकी सुनवाई अदालत में चल रही है। उपसभापति ने कहा कि अदालत में लंबित मामलों पर सदन में चर्चा नहीं कराई जाती है। नियमों का हवाला देते हुए, उपसभापति ने सभी नोटिसों को अमान्य घोषित कर दिया। इसके बाद राज्यसभा में विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा व नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी सांसदों ने सदन में चर्चा कराए जाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। उपसभापति ने सभी सांसदों से सदन की कार्यवाही चलाने के लिए अनुरोध किया, लेकिन विपक्षी सांसदों का विरोध जारी रहा। सदन में लगातार नारेबाजी और हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं लोकसभा में तो सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही सदन में हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के सांसद चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। थोड़ी ही देर में विपक्षी सांसद अपनी सीटों से उठकर आगे आ गए। सदन में प्रश्नकाल चल रहा था। हंगामे बढ़ता देख लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों से अपनी सीट पर जाकर बैठने का आग्रह किया। विपक्षी सांसद लगातार नारेबाजी करते रहे तो सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। गौरतलब है कि संसद में सोमवार को भी जबरदस्त हंगामा हुआ था। इस हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा और लोकसभा, की कार्यवाही बाधित हुई थी। दोनों ही सदनों में विपक्ष ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। विपक्ष के कई सांसदों का कहना है कि वे बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन रिव्यू समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा चाहते हैं। विपक्ष ने राज्यसभा में अन्य सभी संसदीय कार्यों को रोककर सबसे पहले इन मुद्दों पर चर्चा कराने का नोटिस दिया था।

- **राज्यसभा में विपक्ष ने दिए 21 नोटिस :** उपसभापति हरिवंश नारायण ने बताया कि उन्हें 12 अगस्त को चर्चा के लिए नियम 267 के तहत 21 नोटिस मिले हैं।
- **उपसभापति हरिवंश नारायण ने कहा :** जिन मामलों की सुनवाई अदालत में हो रही है, उसकी चर्चा सदन में नहीं हो सकती

### संसद के बाहर विपक्ष का प्रदर्शन चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** चुनावों में कथित धांधली, वोट चोरी और एसआईआर प्रक्रिया पर राजनीतिक हंगामा बरकरार है। इसी क्रम में मंगलवार को विपक्ष के सदस्यों ने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे समेत 'इंडिया' ब्लॉक के लगभग सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। विपक्ष '124 साल की मिंता देवी' की टी-शर्ट पहनकर आया, जिनका कथित तौर पर फर्स्ट वोटर में नाम दर्ज है। विपक्ष का आरोप है कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं, जनता के अधिकार छीन रहे हैं। एसआईआर पर कांग्रेस सांसद कार्ति पी. चिदंबरम ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, "यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। अगर चुनाव आयोग की पूरी बुनियाद ही संदेह के घेरे में है, तो चुनाव नतीजे भी संदिग्ध हैं और लोकतंत्र कमजोर होता है। इस मुद्दे को लगातार उठाया जाना चाहिए क्योंकि यह हमारी चुनावी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाता है।"




कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि 300 सांसद सड़क पर आए। सभी सांसद शांतिपूर्वक चुनाव आयोग के पास जा रहे थे, लेकिन उन्हें जाने नहीं दिया गया। विपक्ष के सांसदों को हिरासत में ले लिया गया और इधर, सरकार ने संसद में बिल पास कराया। यह एक तरीके की तानाशाही है। उन्होंने आगे कहा, "मतदाता सूची को लेकर शिकायतों पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए था। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भी मतदाता सूची के जरिए सबूत दिए थे। ऐसे में आयोग को स्वस्थ मतदान के लिए ब्योरा लेना चाहिए था।"कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा, "विपक्ष सरकार को जगाने की हर संभव कोशिश कर रहा है, लेकिन सरकार ने अपना मन बना लिया है, वह कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है और सदन को चलने नहीं देना चाहती है।" कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा का विभाग बन चुका है। फर्जी वोटर बनाना यह भाजपा का रेगुलर काम है। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में यह एकतरफा था कि भाजपा की सरकार नहीं बनेगी, लेकिन नतीजे बिल्कुल उलट आए। मिंता देवी जैसे मतदाताओं से स्पष्ट है कि ये भाजपा और चुनाव आयोग का पूरा प्लान है। कांग्रेस पार्टी इसको लेकर पूरे देश में आईना दिखाएगी।इसी तरह, समाजवादी पार्टी के सांसद आदित्य यादव ने कहा कि पिछले 10 दिनों से संसद में हमारी एक ही मांग रही है कि एसआईआर पर चर्चा हो।

## राहुल गांधी ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर फिर बोला हमला

# 'पिक्चर अभी बाकी है'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित 'वोट चोरी' को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'एक व्यक्ति, एक वोट' संविधान का आधार है और चुनाव आयोग की ड्यूटी है कि वे 'एक व्यक्ति, एक वोट' को लागू करें, मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया। राहुल गांधी ने बिहार की 124 साल की मिंता देवी का जिक्र करते हुए बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण (एसआईआर) की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे अनगिनत मामले सामने आए हैं। अभी पिक्चर बाकी है।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद भवन के बाहर मीडिया से बात करते हुए एसआईआर के मुद्दे पर कहा, "केवल एक सीट नहीं है, बहुत सारी सीटें हैं। यह राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है और व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। चुनाव आयोग जानता है और हम भी जानते हैं। पहले हमारे पास सबूत नहीं थे, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। 'एक मतदाता एक मत' संविधान का आधार है और चुनाव आयोग की ड्यूटी है कि वे 'एक व्यक्ति एक मत' को लागू करें, मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया। हम (विपक्ष) केवल संविधान की रक्षा कर रहे हैं और करते रहेंगे, रुकेंगे नहीं।" चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के दौरान बिहार में महिला मिंता देवी की उम्र 124 साल बताए जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "ऐसे बहुत अनगिनत मामले सामने आए हैं। अभी पिक्चर बाकी है।"वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हम वोट चोरी का विरोध कर रहे हैं। राहुल गांधी ने बताया है कि वोटर लिस्ट में सारे फर्जी नाम और पते हैं। बता दें कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडी ब्लॉक के संसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित 'वोट चोरी' को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।


## तेजस्वी का एसआईआर पर फिर हमला

### वोटर लिस्ट से नाम हटाना भाजपा की साजिश



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एसआईआर प्रक्रिया पर फिर सवाल उठाए हैं। मतदाता सूची से हटाए गए नामों को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि यह पूरी तरह से भाजपा की साजिश है, वे चुनाव आयोग को आगे करके काम करवा रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, "यह बिहार का दुर्भाग्य है, कई मतदाताओं के नाम लगातार हटाए जा रहे हैं। कई लोगों के पास दस्तावेज नहीं हैं और कई ऐसे व्यक्ति हैं, जो बिहार से बाहर रहते हैं, लेकिन बिहार में वोट देते हैं।" उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि राजद एसआईआर का विरोध नहीं कर रही है, बल्कि चुनाव आयोग की प्रक्रिया का विरोध कर रही है। लोगों के नाम कट गए, लेकिन कोई बताने वाला नहीं है कि नाम काटा तो क्यों काटा?तेजस्वी यादव ने कहा, "बिहार को विशेष पैकेज और विशेष राज्य का दर्जा चाहिए था, ताकि बिहार तरक्की कर सके। लेकिन एसआईआर लागू हो रहा है। एसआईआर का कोई विरोध नहीं कर रहा है, बल्कि इसकी प्रक्रिया का विरोध है।" उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का उदाहरण देते हुए तेजस्वी बोले, "डिप्टी सीएम ने खुद पूरा मामला (दोहरी वोटर आईडी) चुनाव आयोग पर डाल दिया है।

### संवैधानिक संस्था की छवि धूमिल और कमजोर करना चाहते हैं राहुल गांधी : जगदंबिका पाल



**नई दिल्ली।** एसआईआर मुद्दे पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सोमवार को 'इंडिया' ब्लॉक के नेताओं ने पैदल मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि, संसद भवन से निर्वाचन आयोग के कार्यालय तक निकाले जा रहे इस पैदल मार्च को पुलिस ने बीच में ही रोक लिया और नेताओं को हिरासत में ले लिया। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने मंगलवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन पर जानबूझकर आयोग की छवि को धूमिल और कमजोर करने का आरोप लगाया। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने एसआईआर को लेकर विपक्ष के प्रदर्शन पर कहा, "विपक्ष ने चुनाव आयोग पर जो आरोप लगाए हैं, उसको लेकर उनके पास कुछ कहने को नहीं है। चुनाव आयोग उन्हें बुला रहा था। आयोग उनके 30 सांसदों को आमंत्रित करके बैठक करने के लिए तैयार था। लेकिन, उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं था। विपक्ष हो या राहुल गांधी हो, वे झूठ बोलते हैं और भाग जाते हैं। उन्होंने कहा, "चुनाव आयोग उनसे सबूत मांग रही है, लेकिन वे सबूत देने के बजाय सड़क पर बैठ रहे हैं। अगर आप चुनाव आयोग से जवाब चाहते हैं तो आप सड़क पर क्यों बैठ रहे हैं? इससे साफ है कि आप अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ना चाहते हैं। अगर हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, तो यह इसी चुनाव आयोग के कराए चुनाव के कारण है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव खुद सांसद हैं, तो यह इसी चुनाव आयोग के कारण है।

### बीजापुर में नक्सलियों से भीषण मुठभेड़, दो जांबाज जवान घायल

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ जारी मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक बयान के अनुसार, डीआरजी की एक टीम ने 11 अगस्त को गंगलूर इलाके में नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया था। मंगलवार सुबह माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद कई घंटों तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है जिसमें जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान घायल हुए हैं उन्होंने बताया कि गंगालूर क्षेत्र में डीआरजी के दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए सोमवार को रवाना किया गया था और दल के मंगलवार को क्षेत्र में पहुंचने के बाद से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर लगातार मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवानों को मामूली चोटें आई है। उन्होंने बताया कि दोनों घायल जवानों की हालत सामान्य है तथा वे खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना है।

## ट्रंप-राहुल पर चंद्रबाबू नायडू का करारा जवाब

# मृत नहीं, सबसे तेज़ है भारत की इकोनॉमी

**एजेंसी। आंध्र प्रदेश**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की डेड इकोनॉमी वाली टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारतीय अर्थव्यवस्था में अपने विश्वास को दोहराते हुए ज़ोर दिया कि भारत वर्तमान में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसका मुकाबला नहीं कर सकता। विजयवाड़ा में सोमवार को 'हर घर तिरंगा रैली' अभियान को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी (भारत की) अर्थव्यवस्था मृत है। नहीं, यह दुनिया में तेज़ी से आगे बढ़ने वाली एकमात्र अर्थव्यवस्था है। कोई भी इसका मुकाबला नहीं कर सकता।

चंद्रबाबू नायडू ने आगे कहा कि हालाँकि शुरुआत में भारत को एक 'गरीब देश' माना जाता था जो किसी भी चीज़ में असमर्थ था, आज यह 'सबसे शक्तिशाली राष्ट्र' के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की तीव्र आर्थिक उन्नति की सराहना की और कहा कि "देश दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, तथा अनुमान है कि 2028 तक यह तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भारतीयों को नौकरी देने से इनकार कर रहे हैं।

### सीबीआई ने कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने त्रिपुरा चिटफंड केस में बड़ी कार्रवाई की है। गैर-जमानती वारंट जारी होने के बावजूद अदालत में पेश न होने पर चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने सोमवार को यह कार्रवाई की थी, जिसके संबंध में मंगलवार को आधिकारिक तौर पर जानकारी साझा की गई है। सीबीआई की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कई लोगों से धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद 14 मार्च 2023 को जांच एजेंसी ने चिटफंड कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कंपनी के खिलाफ लगातार कार्रवाई हुई। इसी क्रम में उन्हें त्रिपुरा चिटफंड मामले में कंपनी के डायरेक्टर पार्थ को वांछित घोषित किया गया था।

## लोकसभा ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पैनल की रिपोर्ट की समय सीमा बढ़ाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा ने मंगलवार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक' पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट की समय सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस विस्तार से समिति 2025 के शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकेगी। यह प्रस्ताव एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने पेश किया। उन्होंने सदन से आग्रह किया कि संयुक्त संसदीय समिति को संविधान (एक सौ उनतीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधियाँ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने और प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए। यह विधेयक पहली बार दिसंबर 2024 में लोकसभा में पेश किया गया था और बाद में विस्तृत जाँच के लिए दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया था। प्रस्ताव में कहा गया था: "यह सदन संविधान (एक सौ उनतीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधियाँ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाकर शीतकालीन सत्र, 2025 के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक करे। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जाँच के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म — पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'महाप्रसाद' की पवित्रता से समझौता नहीं

# सरकार ने किया ऑनलाइन बिक्री का प्रस्ताव खारिज

- **श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे महाप्रसाद पाने के लिए स्वयं पुरी मंदिर आएं**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्य सरकार ने सोमवार को कहा कि पुरी जगन्नाथ मंदिर के महाप्रसाद की ऑनलाइन बिक्री शुरू करने या उसका समर्थन करने की उसकी कोई योजना नहीं है और न ही वह डिजिटल फ़ूड प्लेटफ़ॉर्म की ऐसी किसी पहल का समर्थन करती है। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा, "महाप्रसाद का गहरा धार्मिक महत्व है और इसे सर्वोच्च सम्मान के साथ रखा जाना चाहिए। यह पारंपरिक रूप से केवल मंदिर परिसर में ही बेचा जाता है, और अगर इसे ऑनलाइन बेचा गया तो इसकी पवित्रता से समझौता हो सकता है।" उनका यह बयान एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म द्वारा महाप्रसाद बेचने के प्रयास के बाद सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाओं के जवाब में आया है।

**सरकार ऐसी किसी भी पहल का समर्थन या प्रचार नहीं करती :** उन्होंने कहा, ''हमें डर है कि अगर 'महाप्रसाद' को इस तरीके से श्रद्धालुओं तक पहुंचाया गया तो इसकी शुद्धता कायम रह पाएगी या नहीं।'' हरिचंदन ने कहा कि सरकार ऐसी किसी भी पहल का समर्थन या प्रचार नहीं करती है। उन्होंने कहा, ''न तो हमारे पास ऐसा कोई प्रस्ताव है और न ही हम किसी को 'महाप्रसाद' को ऑनलाइन बेचने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।''

कानून मंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 'महाप्रसाद' ग्रहण करने के लिए पुरी जगन्नाथ मंदिर आएं। उन्होंने कहा कि 'महाप्रसाद' के लिए संशोधित दर जल्द लागू की जाएगी। मंत्री का यह बयान मीडिया की उन खबरों के बाद आया है जिनमें भगवान जगन्नाथ के 'महाप्रसाद' की बिना अनुमति ऑनलाइन बिक्री का आरोप लगाया गया है।



### 'महाप्रसाद' की ऑनलाइन बिक्री के प्रस्ताव को नामंजूर किया

ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि राज्य सरकार ने पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'महाप्रसाद' की ऑनलाइन बिक्री के कुछ संगठनों के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है। हरिचंदन ने यहां सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि कुछ संगठनों ने हाल में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) से पुरी मंदिर के 'महाप्रसाद' और 'सूखा प्रसाद' को ऑनलाइन मंचों के माध्यम से श्रद्धालुओं तक पहुंचाने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, "दुनियाभर के श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध कराना एक अच्छा विचार था।

# वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए भारत 'ए' के खिलाफ खेल रही ताहलिया मैक्ग्राथ



*ऑस्ट्रेलिया 1 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में होने वाले मैच से अपने विश्व कप अभियान का आगाज करेगी। अब तक महिला वनडे विश्व कप के 12 एडिशन खेले गए हैं। ऑस्ट्रेलिया सात बार चैंपियन रहते हुए सर्वाधिक सफल टीम है। इंग्लैंड चार बार खिताब जीत दूसरे नंबर पर रही है। न्यूजीलैंड ने एक बार (2000) में खिताब जीता था।*

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला वनडे विश्व कप 2025 का आयोजन भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होना है। विश्व कप 30 सितंबर से शुरू हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज खिलाड़ी ताहलिया मैक्ग्रा ने विश्व कप की तैयारी के लिए भारत ए के खिलाफ होने वाले मैचों को अहम बताया है। ताहलिया मैक्ग्राथ ने क्रिकेट डॉट कॉम एयू से बातचीत में कहा कि भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के मैच वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए बेहद अहम है।

उन्होंने कहा, "पिछले कई वर्षों में मिला यह मेरा सबसे लंबा ब्रेक है। थोड़ी आराम के बाद मैं ऊर्जावान महसूस कर रही हूं। ब्रिस्बेन में लड़कियों के साथ कैंप में समय बिताना और ऑस्ट्रेलिया ए के साथ प्री-सीजन की समाप्ति एक विश्व कप के लिहाज से मेरी नजर में अच्छी तैयारी है।"

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की अधिकांश खिलाड़ी इस समय इंग्लैंड में खेली जा रही 'द हंड्रेड' में हिस्सा ले रही हैं, लेकिन ताहलिया मैक्ग्राथ सहित पांच ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया ए टीम को 13 से 17 अगस्त तक भारत ए के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। ताहलिया मैक्ग्राथ के अलावा ऑस्ट्रेलिया ए टीम में एलिसा हीली, ऑलराउंडर टेस फ्लिंटॉफ, और तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन और किम गार्थ को भी शामिल किया गया है।

ताहलिया मैक्ग्राथ एक ऑलराउंडर हैं। अब तक 46 वनडे मैचों की 34 पारियों में 5 अर्धशतक लगाते हुए वह 29.65 की औसत से 771 रन बना चुकी हैं। वहीं 25 विकेट भी उनके नाम हैं।

# स्टेफी ग्राफ : फैंस में ऐसी दीवानगी किसी और महिला टेनिस खिलाड़ी के लिए नहीं दिखी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेनिस दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय और रोमांचक खेलों में से एक है। इस खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता दिलाने में जिन खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही है, उनमें एक बड़ा नाम स्टेफी ग्राफ का है। चार साल की उम्र में टेनिस शुरू करने वाली ग्राफ ने सिर्फ 13 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में कदम रख दिया था। 17 साल लंबे अपने करियर के दौरान वह दुनिया की सर्वाधिक प्रभावशाली खिलाड़ियों में रहीं और टेनिस के प्रशंसकों के दिलों में अपने जोरदार खेल की बदौलत अमिट छाप छोड़ी। 14 जून 1969 को जर्मनी के मैनहेम में जन्मीं स्टेफी ग्राफ का करियर 1982 से लेकर 1999 तक था। 1982 से 1990 तक वह वेस्ट जर्मनी और 1990 से 1999 तक जर्मनी की तरफ से खेलीं। 17 साल के करियर में 377 सप्ताह तक लगातार वह दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रहीं। आठ बार उन्होंने कैलेंडर ईयर की समाप्ति नंबर वन रैंक के साथ की। ग्राफ दुनिया की एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं जिन्होंने सभी चार मेजर ग्रैंड स्लैम कम से कम चार बार जीते हैं।

# एशिया कप 2025 में भारतीय टीम को खलेगी इन तीन दिग्गजों की कमी






● टी20 फॉर्मेट में खेले गए एशिया कप में रोहित तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज हैं



● टी20 फॉर्मेट में एशिया कप में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भुवी के नाम है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होने वाला है। बीसीसीआई इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा 19 या 20 अगस्त को कर सकती है। इस बार एशिया कप में भारतीय टीम तीन दिग्गज खिलाड़ियों कमी महसूस करेगी, जो इस फॉर्मेट में सर्वाधिक सफल रहे हैं। एशिया कप 2025 में भारतीय टीम पूर्व कप्तान विराट कोहली की कमी निश्चित रूप से महसूस करेगी। विराट कोहली टी20 फॉर्मेट में हुए एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। विराट ने 2016 से 2022 के बीच 10 मैचों की 9 पारियों में 1 शतक और 3 अर्धशतक लगाते हुए 429 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 122 है। कोहली टी20 से संन्यास ले चुके हैं, ऐसे में भारतीय टीम उनकी कमी इस बार महसूस करेगी।

भारतीय टीम एशिया कप में रोहित शर्मा की कमी भी महसूस करेगी। टी20 फॉर्मेट में खेले गए एशिया कप में रोहित तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज हैं। रोहित ने 2016 से 2022 के बीच 9 मैचों की 9 पारियों में 271 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 83 है। रोहित शर्मा ने भी टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। इसलिए वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

भारतीय टीम जिस तीसरे खिलाड़ी की कमी महसूस करेगी वह भुवनेश्वर कुमार। टी20 फॉर्मेट में एशिया कप में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भुवी के नाम है। 2016 से 2022 के बीच 6 मैचों में उन्होंने 13 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट से संन्यास नहीं लिया है। लेकिन, नवंबर 2022 से वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। जसप्रीत बुमराह, सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी में भुवनेश्वर की टीम में एशिया कप के लिए वापसी मुश्किल है।

## क्या एशिया कप के लिए मिलेगा **कुलदीप यादव** को मौका?

**नई दिल्ली।** एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा 19 या 20 अगस्त को हो सकती है। कुलदीप यादव को मौका मिलेगा या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। इंग्लैंड में हाल ही में संपन्न पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में कुलदीप यादव को टीम में जगह दी गई थी, लेकिन उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। ऐसे में सवाल है कि क्या एशिया कप 2025 में कुलदीप यादव को मौका मिलेगा या नहीं। दरअसल, वनडे और टी20 फॉर्मेट में पिछले दो-तीन सालों में हुए हर बड़े इवेंट का हिस्सा कुलदीप यादव रहे हैं। उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। कुलदीप एशिया कप 2023, वनडे विश्व कप 2023, टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्हें भरपूर मौके मिले और उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा। लेकिन, इंग्लैंड दौरे पर उन्हें मौका न मिलने के अलावा वरुण चक्रवर्ती के उभार ने भी कुलदीप के लिए मुश्किल पैदा की है। चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण ने भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। इसी वजह से वरुण की दावेदारी भी मजबूत है। कुलदीप यादव बाएं हाथ के कलाई स्पिनर हैं। मौजूदा समय में वह विश्व के श्रेष्ठ स्पिनर्स में से एक हैं। बेशक उन्हें टेस्ट फॉर्मेट में अबतक उतने मौके नहीं मिले हैं, लेकिन वनडे और टी20 में उन्हें मौके मिले हैं और उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। उन्हें युजवेंद्र चहल पर तरजीह देते हुए टीम में बरकरार रखा गया है। यूएई की पिच स्पिन गेंदबाजों को सपोर्ट करती है। ऐसे में संभव है कि वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव दोनों को ही टीम में जगह मिल जाए। हालांकि, टीम की घोषणा होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कुलदीप को मौका मिलेगा या नहीं।

# अभी तय करना होगा लंबा रास्ता : क्लाइव लॉयड

**एजेंसी। नई दिल्ली**




वेस्टइंडीज क्रिकेट इस समय बाकी देशों के मुकाबले बराबरी के स्तर पर नहीं है। इसी कारण क्रिकेट वेस्टइंडीज ने आपात बैठक बुलाई। इसमें ब्रायन लारा, क्लाइव लॉयड, विव रिचर्ड्स, डेसमंड हेन्स, शिवनारायण चंद्रपॉल और मौजूदा कोच डैरेन सैमी जैसे दिग्गज शामिल हुए। बैठक में टीम को फिर से मजबूत बनाने के लिए शुरुआती रोडमैप तय किया गया, लेकिन सबने माना कि यह लंबी प्रक्रिया होगी और तुरंत नतीजे नहीं आएंगे। क्लाइव लॉयड के अनुसार, एक बड़ा कदम यह होगा कि आईसीसी से खास आर्थिक मदद मांगी जाए, ताकि वेस्ट इंडीज़ की क्रिकेट विरासत को बचाया जा सके। बैठक में कई सुझाव रखे गए।

# पीएसजी से जुड़ने वाले यूक्रेन के पहले खिलाड़ी बने इलिया जबार्नी

**एजेंसी। पेरिस**




फ्रांस के मशहूर फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन ने यूक्रेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इलिया जबार्नी के साथ करार किया है। 22 साल के जबार्नी पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से जुड़ने वाले पहले यूक्रेनी खिलाड़ी बन गए हैं। जबार्नी 63 मिलियन यूरो फीस पर पीएसजी से जुड़े हैं। वह छह नंबर की जर्सी पहनेंगे। क्लब से जुड़ने के बाद इलिया जबार्नी ने कहा, "मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्लब, पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं। मैं मैदान पर अपना सब कुछ देने के लिए यहां हूं और अपने पदार्पण और प्रशंसकों से मिलने के लिए उत्सुक हूं।" जबार्नी ने डायनेमो कीव अकादमी में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सेरही बेझेनार और आर्टेम याश्किन से ट्रेनिंग ली है।उन्होंने 2020 में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की और जल्द ही चैंपियंस लीग का अनुभव हासिल कर लिया, जहां उन्होंने जुवेंटस और बार्सिलोना जैसी टीमों के खिलाफ खेला। जबार्नी ने डायनेमो की सुपर कप जैसे इवेंट की जीत में अहम भूमिका निभाई। जनवरी 2023 में जबार्नी एएफसी बॉर्नमाउथ के साथ प्रीमियर लीग में शामिल हो गए।

# सिनसिनाटी ओपन : आर्यना संबालेका ने जीता महिला सिंगल्स खिताब


**एजेंसी। नई दिल्ली**



दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने 3 घंटे 9 मिनट तक चले सिनसिनाटी ओपन के संघर्षपूर्ण फाइनल में ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु को हराकर खिताब जीता। राडुकानु एक बार फिर से सबालेंका के खिलाफ लगातार हार के सिलसिले को तोड़ने में नाकामयाब रहीं। पहले सेट में राडुकानु ने शानदार खेल दिखाया और पहले नौ अंक जीतकर जोरदार शुरुआत की। लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, उनकी पकड़ कमजोर होती गयी। उनकी सर्विस कमजोर पड़ने लगी। वहीं, सबालेंका ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की और टाई-ब्रेक में पहला सेट 7-6 (3) से जीता। दूसरे सेट में एम्मा राडुकानु ने जोरदार वापसी की। उन्होंने सबालेंका को छकाते हुए सेट 4-6 से अपने नाम किया।. तीसरा सेट बेहद अहम और निर्णायक था। दोनों की तरफ से उनका सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिला। राडुकानु ने ताकतवर फोरहैंड और बैकहैंड का इस्तेमाल किया और सबालेंका के आक्रमण को रोकने में भी सफलता पाई। वहीं नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने भी अपनी क्लास से राडुकानु पर अपनी पकड़ बनाए रखी और सेट टाई ब्रेकर में 7-6 (5) से जीतकर खिताब अपने नाम किया।



## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद




**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 368.49 अंक या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,235.59 और निफ्टी 97.65 अंक या 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,487.40 पर था। गिरावट का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 467.05 अंक या 0.84 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 55,043.70 पर था। इसके साथ फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, एफएमसीजी, रियल्टी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स भी हरे निशान में बंद हुए। इसके अलावा मिडकैप और स्मॉलकैप में मिलाजुला रुझान देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 154.15 अंक या 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 56,324.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 6.40 अंक की मामूली तेजी के साथ 17,498.10 पर था। सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाइटन, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एचयूएल, एचडीएफसी बैंक, इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स थे।

# भारतीय रेलवे 6,115 रेलवे स्टेशनों पर दे रहा मुफ्त वाई-फाई सेवा : अश्विनी वैष्णव

● **इन नेटवर्क का उपयोग यात्री डेटा कनेक्टिविटी के लिए भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर अनुभव मिल रहा है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय रेलवे देश भर के 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधाएं प्रदान कर रहा है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को संसद को दी गई। रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी-ग्रामीण डिजिटल अंतर को समाप्त करना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया, "भारतीय रेलवे के लगभग सभी रेलवे स्टेशनों पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा 4जी/5जी कवरेज प्रदान किया जा रहा है। इन नेटवर्क का उपयोग यात्री डेटा कनेक्टिविटी के लिए भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर अनुभव मिल रहा है। इसके अलावा, रेलवे द्वारा 6,115 स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवाएं भी प्रदान की गई हैं।"

इन स्टेशनों पर यात्री मुफ्त वाई-फाई के माध्यम से एचडी वीडियो देख सकते हैं, मनोरंजन सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं और ऑफिस वर्क कर सकते हैं। वाई-फाई सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को अपने स्मार्टफोन पर वाई-फाई मोड चालू करना होगा और 'रेलवायर' वाई-फाई से कनेक्ट करना होगा। उन्हें एसएमएस ओटीपी के लिए अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा और इसके बाद यात्री की डिवाइस में वाई-फाई कनेक्टिविटी आ जाएगी। रेलवे की ओर से वाई-फाई की सुविधा नई दिल्ली, मुंबई सेंट्रल, चेन्नई सेंट्रल, पुणे, कोलकाता, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे सभी प्रमुख स्टेशनों के साथ कई टियर 2 और टियर 3 शहर में मौजूद स्टेशनों पर भी दी जा रही है। इसमें सूरत, वडोदरा, राजकोट, मेरठ, भोपाल आदि जैसे टियर 2 शहरों के साथ-साथ रोहतक और कटक जैसे टियर 3 शहर भी शामिल हैं। भारतीय रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई रेल मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम रेलटेल द्वारा अपने 'रेलवायर' ब्रांड के माध्यम से प्रदान किया जाता है।

## भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा में सरकार अभी भी शामिल : जितिन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद में मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार, सरकार अभी भी वाशिंगटन के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर चर्चा में शामिल है, जिसका उद्देश्य टैरिफ स्थिरता और दीर्घकालिक व्यापार पूर्वानुमान के माध्यम से व्यापार और निवेश का विस्तार करना है। भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 7 अगस्त से 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है। अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है। इसके अलावा, वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 27 अगस्त, 2025 से भारत से निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की एडिशनल शुल्क दर लागू की गई है। उन्होंने आगे कहा, "अभी तक अमेरिका को भारतीय निर्यात पर फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है।" राज्य मंत्री के अनुसार, उत्पाद विभेदीकरण, मांग, गुणवत्ता और कॉन्ट्रैक्चुअल अरेंजमेंट जैसे विभिन्न कारकों का संयोजन, कपड़ा क्षेत्र सहित भारत के निर्यात पर रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव को निर्धारित करेगा। राज्य मंत्री ने जोर देकर कहा, "सरकार अमेरिका द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव के आकलन पर प्रतिक्रिया लेने के लिए निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है।

# भारत में थोक महंगाई दर जुलाई में दो वर्ष के निचले स्तर पर पहुंचने का अनुमान : यूनियन बैंक

● **जुलाई में थोक महंगाई दर कम होकर सालाना आधार पर -0.45 प्रतिशत हो सकती है**

● **भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी अगस्त मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बनाए रखा था**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में थोक महंगाई दर जुलाई में घटकर दो वर्ष के निचले स्तर पर पहुंच सकती है। इसकी वजह खाद्य और ईंधन की कीमतों में गिरावट आना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जुलाई में थोक महंगाई दर कम होकर सालाना आधार पर -0.45 प्रतिशत हो सकती है। जून में यह -0.13 प्रतिशत थी। अगर जुलाई में थोक महंगाई का प्रिंट इस स्तर पर आता है, जो यह अगस्त 2023 के बाद सबसे निचला स्तर होगा।

रिपोर्ट में कहा गया, "जुलाई 2025 में थोक महंगाई दर -0.45 प्रतिशत के साथ दो साल के निचले स्तर पर रहने का अनुमान है।" रिपोर्ट में बताया गया कि थोक महंगाई दर, खुदरा महंगाई के ट्रेंड को भी दिखाती है, क्योंकि समीक्षा अवधि के दौरान खाद्य उत्पादों की कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट दर्ज की गई। मुख्य थोक महंगाई दर, जिसमें खाद्य वस्तुओं और ईंधन को शामिल नहीं किया जाता है, जुलाई में 1.50 प्रतिशत रह सकती है, जो कि जून के 1.06 प्रतिशत से ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई में खाद्य महंगाई दर कम होकर -1.72 प्रतिशत रह सकती है, जो कि जून में -0.26 प्रतिशत थी। जुलाई में ईंधन में महंगाई -4.90 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो कि जून में -4.23 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि वैश्विक बाजार में महंगाई का जोखिम बना हुआ है, लेकिन आने वाले महीनों में थोक महंगाई के रुझान को निर्धारित करने में घरेलू परिस्थितियां महत्वपूर्ण होंगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी अगस्त मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बनाए रखा था।

इसके साथ खुदरा महंगाई के अनुमान को घटा दिया था।

केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 26 के लिए अपने महंगाई के अनुमान को घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया, जबकि जून में खुदरा महंगाई दर 2.1 प्रतिशत रही थी।

# रेलवे के 3 टनल पर्यटकीय आकर्षण के केंद्र बने, नामकरण भीम करने की मांग

शंभू चौरसिया




**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के समीप के 3 रेलवे टनल को पर्यटकीय आकर्षण के केंद्र के रूप में देखा जाने लगा है। यूं कहा जाए कि तीनों झारखंड राज्य के आगमन और प्रस्थान के द्वार बन गए हैं, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। पर्यटक स्थल के गाइड सह पुजारी पंडित गंगा तिवारी का कहना कि भीमचुल्हा आए सैलानियों के लिए आकर्षण के अतिरिक्त केंद्र के रूप में इनकी पहचान बन गई है। इनके आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य और ट्रेनों की आवाजाही को दक्षिण दिशा में कादल गांव के पास टर्न लेते हुए देखना अद्भुत लगता है। खासकर, यात्री ट्रेन पर सवार होकर खिड़कियों से दृश्यावलोकन अलग ही अनुभूति प्रदान करती है। अव्वल, तो थर्ड लाइन के टनल को पर्यटकीय आकर्षण के केंद्र के रूप में उसकी दीवारों पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और बाघ की तस्वीर हुनर की कूंची से उकेर दिए गए हैं। जो बरबस ही किसी का ध्यान आकर्षित करते हैं। इससे झारखंडी संस्कृति व रंग-रूप जीवंत हो उठी है। इसी वजह से इन टनल को पर्यटकीय आकर्षण केंद्र के साथ ही झारखंड आगमन व प्रस्थान के द्वार के रूप में जाना जाने लगा है।

इसे देखते हुए दिसंबर माह में आकांक्षी जिला के रूप में चिन्हित होने के कारण इस क्षेत्र में रेलवे के विकास कार्यों का निरीक्षण करने आए केंद्रीय सूचना, प्रसारण संसदीय कार्य राज्य मंत्री डा. एल मुरुगन को ज्ञापन सौंपकर भीम टनल नामकरण करने की मांग की गई थी। जिसके पूरी हो जाने से पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत मोहम्मदगंज-सतबहिनी स्टेशनों के बीच निर्मित तीन सुरंगों की विशेष पहचान बन जाएगी। जिसकी प्रत्याशा लोगों को है। वैसे, भी ऐतिहासिक पर्यटक केंद्र भीम चूल्हा, जो महाभारत काल में पांडवों के अज्ञातवास के इतिहास से जुड़ा है, के पास की बोगदा पहाड़ी को तोड़ और खोदकर बने टनल को लोग भीम टनल के नाम से पुकारते भी हैं।

इसी वजह से तीनों को भीम टनल संख्या- 1, 2 और 3 के रूप में वर्गीकृत कर उनका नामकरण सुनिश्चित कराने की दिशा में कदम उठाने की जरूरत पर वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यनारायण सिंह, रामजन्म राम, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, नगीना सिंह उपप्रमुख सहित अन्य कई लोगों के बल दिया है।

## किसानों को उन्नत व डीसी खेती की जानकारी रखना जरुरी : बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों को उपयुक्त और उन्नत खरीफ फसल बेहतर उपज कर उत्पादन के लिए तकनीक प्रयोग को सुनिश्चित करने का कई तरीका बताया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकार राजेन्द्र सिंह ने उपस्थित किसान मित्रों से कहा कि खरीफ फसल, जैसे उन्नत बीज, मिट्टी की उर्वरता, कीट प्रबंधन और फसल रोगों से बचाव के बारे मे विस्तृत जानकारी रखने की जरूरत है। इससे उन्हें खेती कार्य में सुविधा और व्यर्थ पैसों के व्यय की क्षति से बचा जा सकेगा। इस समस्याओं को लेकर उन्होंने कई तरह की जानकारी किसानों और किसान मित्रों से साझा की है।

प्रखंड आपूर्ति पदाधकारी अमरेश कुमार ने कहा कि यह खरीफ कर्मशाला किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। बशर्ते कि उन्हें प्राप्त जानकारी का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। इससे किसान विभिन्न फसलों की उपज बढ़ाने में भी सक्षम होंगे। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि शमीम खान, किसान मित्र सह पैक्स अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार सिंह, राम सुंदर मेहता, प्रमुख प्रतिनिधि प्रेमतोष कुमार सिंह के अलावा अन्य कई पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं।

# अनराज डैम जलाशय में तैराकी कूदना व बोटिंग पर पूर्ण प्रतिबंध

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** अनराज डैम जलाशय में आए दिन डूबने की घटनाओं से जनहानि एवं गंभीर दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से अनुमंडल दंडाधिकारी, गढ़वा सदर संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत इस जलाशय को तत्काल प्रभाव से "तैराकी वर्जित क्षेत्र"/ "कोई स्विमिंग जोन नहीं" घोषित किया है। इस आदेश के तहत जलाशय में तैरने, कूदने, नहाने एवं अन्य खतरनाक गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध केवल स्थानीय कुशल गोताखोर, मत्स्यजीवी समिति के सदस्य एवं आपदा राहत कार्य से जुड़े विशेष दलों पर लागू नहीं होगा।

इस आदेश के अनुपालन एवं क्रियान्वयन हेतु जिला मत्स्य पदाधिकारी, लघु सिंचाई विभाग, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया गया है। साथ ही, पुलिस प्रशासन एवं अन्य इकाइयों को आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, ताकि आमजन को इसकी पूरी जानकारी समय पर प्राप्त हो सके।

जिला प्रशासन गढ़वा सभी नागरिकों एवं पर्यटकों से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा एवं जनहित में इस आदेश का पालन करें। आदेश का उल्लंघन करने पर दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**जारी आदेश के अनुसार**

- प्रतिबंधित क्षेत्र में चेतावनी संकेतक/बोर्ड लगाए जाएंगे।
- उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
- अगले आदेश तक पर्यटकों के लिए बोटिंग/स्टीमर सेवा भी बंद रहेगी।

# महुआडांड़ पुलिस टीम ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र मे महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में एसएसबी एवं आईआरबी के संयुक्त टिम द्वारा मोटरसाइकल से घूमकर हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्र के हामी, अम्बवाटोली, दीपाटोली, गुडगुटोली, कुरो मोड़, जरहाटोली, राजडंडा, रामपुर एवं अन्य स्थानों में अभियान के दौरान आमजनों से अपील की गई कि हर घर तिरंगा लगाना है। बाइकचालकों को रॉड सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियम के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही नशा का सेवन से हो रहे क्षति एवं नशा मुक्ति को लेकर भी आम जनता खास कर युवाओं को जागरूक किया गया।

## सीआरपीएफ 11 बटालियन ने शहर में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**लातेहार।** सीआरपीएफ 11वीं बटालियन द्वारा कमांडेंट याद राम बुनकर के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व मंगलवार की सुबह लातेहार शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की शुरुआत किना किनामांड़ कैंप प्रांगण से की गई। जो मेन रोड और विभिन्न चौक चौराहों होते हुए थाना चौक तक गई। फिर पुन: मेन रोड होते हुए ब्लॉक स्थित कैंप कार्यालय पहुंचकर समाप्त हो गई। इस दौरान राष्ट्र भक्ति म्यूजिक और भारत माता की जय से पूरा शहर राष्ट्र भक्ति से सराबोर हो गया। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी पदाधिकारी और सीआरपीएफ जवान हाथों में तिरंगा लिए आगे बढ़ रहे थे। जो काफी आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर कमांडेंट याद राम बुनकर ने तिरंगा यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और शहरवासियों को तिरंगा यात्रा के माध्यम से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हम हिन्दुस्तानियों की शान है। उन्होंने हर घर तिरंगा फहराने का संदेश देते हुए लोगों से अपील किया है। उन्होंने यह भी कहा कि हमेशा तिरंगा फहराना चाहते है। तो उसके लिए समुचित रौशनी होनी चाहिए। इसका लोग जरूर ख्याल रखे। मौके पर बड़ी संख्या मे जवान शामिल थे।

## दुर्घटना में घायल नर्सिंग कि छात्रा का इलाज के दौरान मौत

**चंदवा।** बीते 6 अगस्त को सड़क हादसे में घायल अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी की छात्रा अनिता कुमारी का इलाज के दौरान मंगलवार कि अहले सुबह रिम्स में मौत हो गई। बताते चले कि हुटाप से अनिता कुमारी (देवी मंडप, चंदवा) नर्सिंग का क्लास करके टेम्पो से अपने घर लौट रही थी। इसी क्रम में बोरसीदाग के समीप टेम्पू असंतुलित हुआ और वह सड़क पर गिर गई थी। जिससे उसके सिर पर गहरी चोट आई थी। मंगलवार को इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गई।

## कर्नल संजय ने किसान ब्रिगेड कार्यकर्ता के निधन पर जताया शोक

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत रामबीघा निवासी व किसान ब्रिगेड के सक्रिय सदस्य गणेश प्रजापति (72 वर्ष) का रांची रिम्स में इलाज कराकर लौटने के क्रम में मंगलवार की शाम को निधन हो गया। मृतक के पुत्र ने बताया कि वे पिछले पांच महीनों से किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने मृतक व उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है उन्होंने कहा कि गणेश चाचा मृदुभाषी एवं समाजिक व्यक्ति थे वे किसान ब्रिगेड के एक मजबूत स्तंभ थे तथा संगठन के हर व्यक्ति के दिल में उनके प्रति विशेष सम्मान था। उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि चार दिन पहले ही रांची रिम्स में उनसे मिले थे और उनके स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह आश्वस्त थे। उन्होंने इस कठिन समय में उनके परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिया है।

# हुसैनाबाद एग्री क्लिनिक सेंटर में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन


नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** मंगलवार को हुसैनाबाद एग्री क्लिनिक सेंटर में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया ।कर्मशाला का आयोजन कृषि विभाग के बीटीएम जयगोविंद यादव के द्वारा आयोजित की गई ।जिसमें किसान मित्र ,पैक्स अध्यक्ष ,पंचायत प्रतिनिधि एवं किसानों ने भाग लिया। कर्मशाला में बीटीएम जयगोविंद यादव के द्वारा कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही सभी तरह की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जैसे टपक प्रणाली सिंचाई योजना, पीएम कुसुम योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड योजना ,केसीसी ऋण माफी योजना आदि शामिल है। वहीं हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह किसान मित्र संघ के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि खरीफ फसल कर्मशाला के आयोजन होने से किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी एवं नई तकनीक की जानकारी मिलती है। जिससे किसानों को फसल का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है । श्री बैठा ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड में धान रोपनी का कार्य अब समाप्त होने ही वाला है। किसानों के लिए खुशी की बात है कि इस वर्ष शत प्रतिशत धान रोपनी का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। लगभग 90 प्रतिशत धान की रोपनी हो गई है।इसलिए सभी किसान अपने अपने फसल का बीमा अवश्य करा ले।अब बीमा कराने का समय 31अगस्त तक बढ़ा दी गई है। इस मौके पर एचडीएफसी बीमा कंपनी के प्रखंड कॉर्डिनेटर गौतम कुमार ने कहा कि सभी किसान अपने फसल का बीमा करा लें ।

**बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर**

## महिला व बाइक चालक गंभीर, दोनों रिम्स रेफर



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा माल्हन मैक्लुस्कीगंज पथ पर कुसुम टोली के समीप मंगलवार की शाम एक अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क पर पैदल जा रही महिला सोनी देवी पति विफई उरांव को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महिला सोनी देवी व बाइक चला रहा युवक अमर लोहरा पिता लालचंद लोहरा (महुआमिलान) गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना के बाद बाइक सवार के साथ जा रहे हैं लोग एवं स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया जहां डॉ कंचन बाड़ा व उनकी टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनो को रिम्स रेफर कर दिया। दोनो के सिर मे गंभीर चोट आई है। बताते चले कि चंदवा थाना क्षेत्र में लगातार रफ़्तार का कहर देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिनों मे हुई सड़क दुर्घटना मे 3 लोगों की मौत हो चुकी है जबकी आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

**मायूसी** अतिवृष्टि से नुकसान की भेंट चढ़ गईं भदई फसलें

# किसानों के चार महीने का सुस्वादु परंपरागत निवाला छिना

● अरहर दाल पर भी संकट छाया

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** कभी अनावृष्टि, कभी छायावृष्टि और इस बार अतिवृष्टि के कारण भदई फसलों के उत्पादन की किसानों की आश टूट गई है। किसानों का कहना है कि इस क्षेत्र के 70 फीसदी भू-भाग पर भदई फसलों की खेती नहीं हो पाई है। जबकि 30 फीसदी भू-भाग पर मेहनत से किसी तरह मकई,बादाम और अरहर की खेती की गई। लेकिन लगातार बारिश के कारण फसल उत्पादन योग्य पौधे ही नहीं लग पाए। वहीं, जो पौधे उग आए हैं,उनमें कीड़ा लगने के कारण उनकी वृद्धि नहीं हो पाई है। इस वजह से इन फसलों के उत्पादन को लेकर मायूसी छा गई है। भदई बोदी, बराई और खीरा जैसी फसलों की तो पहचान ही मिट गई है।

किसानों की मानें, तो बादाम की फसल को अब तक कोड़ा जाना चाहिए था। मगर लगातार बारिश और खेतों में नमी के कारण मिट्टी के गीली रहने से ऐसा संभव नहीं हुआ। इससे बादाम के बेहतर उत्पादन से वंचित रहने की स्थिति बन गई है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में मक्का उत्पादन से सुस्वादु निवाला मिल जाता था।

इससे 4 माह तक मक्के की रोटी, मट्ठा और बराई के दाल के साथ घाठा जैसे परंपरागत आहार मिल जाता था। मगर यह भी अब असंभव हो गया है। साथ ही अरहर की फसल के भी प्रभावित होने से दाल को लेकर संकट उत्पन्न होना अवश्यमभावी बन गया है। मगर अतिवृष्टि से भदई फसलों को नुकसान को लेकर राज्य सरकार की चिंता ने इसकी भरपाई की उम्मीद जगा दी है। जिसका उन्हें इंतजार है।

## पेज एक के शेष

### अखिलेश यादव पहुंचे...

पीड़ित एवं वंचित समुदायों के कल्याण में लगा दिया। 'गुरुजी' के जीवन से हम सभी को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। दिशोम गुरु शिबू सोरेन भले ही आज हम सभी के बीच नहीं हैं, लेकिन उनके संघर्ष, आदर्श एवं व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। 'गुरुजी' एक प्रभावशाली जननेता के रूप में युग-युग तक याद किए जाएंगे, जिन्होंने समाज को एक नई दिशा दी।

### एनटीपीसी बादम के...

भीड़ को काबू करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में बदल दिया गया है। ज्ञात हो कि इस इलाके में कई अवैध कोयला खदानें, चिमनी भट्टी आदि संचालित हैं। इस कारण भी ग्रामीण परियोजनाओं का विरोध करते हैं। अवैध बालू खनन के लिए भी यह इलाका चर्चित रहा है।

### लापुंग थाना प्रभारी...

पुलिस पदाधिकारियों के अनुसार पुनई उरांव सहित दर्जनों अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। छापेमारी अभियान में सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, लापुंग थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव, इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर राजेंद्र महतो, नंदु पैरा सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

### खुदरा महंगाई दर...

इसके अलावा, जुलाई के दौरान हाउसिंग महंगाई में भी मामूली गिरावट आई है। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की खुदरा महंगाई दर 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इसकी वजह मानसून की स्थिर प्रगति और खरीफ की अच्छी बुवाई से खाद्य कीमतों पर नियंत्रण रहने की उम्मीद है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में कहा था, वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का पूवानुमान जून में की गई अपेक्षा से अधिक नरम हो गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की स्थिर प्रगति, अच्छी खरीफ बुवाई, पर्याप्त जलाशय स्तर और खाद्यान्नों के पर्याप्त बफर स्टॉक के साथ बड़े अनुकूल आधार प्रभावों ने इस नरमी में योगदान दिया है। हालांकि, प्रतिकूल आधार प्रभावों और नीतिगत कदमों से उत्पन्न मांग संबंधी कारकों के प्रभाव में आने के कारण, खुदरा महंगाई वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और उसके बाद 4 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि इनपुट कीमतों पर किसी भी बड़े नकारात्मक प्रभाव को छोड़कर, वर्ष के दौरान मुख्य महंगाई दर 4 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर रहने की संभावना है।

### केंद्रीय कैबिनेट ने...

(सीडीआईएल), 3डी ग्लास सॉल्यूशंस इंक और एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज (एएसआईपी) टेक्नोलॉजीज का नाम शामिल है। आज इन चार और प्रस्तावों की स्वीकृति के साथ, भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के अंतर्गत 6 राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपए के कुल निवेश के साथ स्वीकृत परियोजनाओं की कुल संख्या 10 हो गई है। सेमीकंडक्टर क्षमता बढ़ने से, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में चीन जैसे देशों को कड़ी टक्कर दे पाएगा। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया, इन चार स्वीकृत प्रस्तावों के माध्यम से लगभग 4,600 करोड़ रुपए के कुल निवेश से सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित होंगी और इससे 2034 कुशल पेशेवरों के लिए रोजगार का सृजन होने की आशा है। इससे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के लिए अनुकूल परिवेश को गति मिलेगी और इसके परिणामस्वरूप अप्रत्यक्ष रूप से भी काफी नौकरियों का सृजन होगा। दूरसंचार, ऑटोमोटिव, डेटा सेंटर, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स में सेमीकंडक्टर की बढ़ती मांग को देखते हुए ये चार नई स्वीकृत सेमीकंडक्टर परियोजनाएं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

### जस्टिस यशवंत वर्मा...

निष्कर्ष निकाला कि वे इस नकदी पर 'नियंत्रण' रखते थे। इस रिपोर्ट के आधार पर भारत के मुख्य न्यायाधीश ने उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश की थी। संसद में प्रस्ताव पढ़ते हुए स्पीकर ओम बिरला ने यह भी घोषणा की कि न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 और संबंधित नियमों के तहत आरोपों की जांच के लिए एक वैधानिक समिति का गठन किया गया है। इस समिति में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनिंदर मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता वीवी आचार्य शामिल हैं। समिति शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, तब तक प्रस्ताव लंबित रहेगा। जस्टिस वर्मा ने जांच रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए इसे प्रक्रिया में खामी और संवैधानिक अतिक्रमण बताया था, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह उनकी याचिका खारिज कर दी। अदालत ने जांच प्रक्रिया को पारदर्शी और संवैधानिक बताते हुए उनके इस रुख की आलोचना की कि पहले उन्होंने जांच में भाग लिया और बाद में उसकी वैधता पर सवाल उठाए।

**संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत से पारित करना होगा महाभियोग प्रस्ताव :** अगर समिति आरोपों को सही पाती है, तो महाभियोग प्रस्ताव को संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत से पारित करना होगा, अर्थात उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई मत तथा कुल सदस्यों का बहुमत। इसके बाद ही प्रस्ताव राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। स्वतंत्र भारत में यह तीसरा मौका है जब किसी कार्यरत न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### भारत रिसर्च के...

पीएम मोदी ने 5वीं शताब्दी के गणितज्ञ और खगोलशास्त्री आर्यभट्ट के काम का उल्लेख करते हुए कहा, उदाहरण के लिए, 5वीं शताब्दी में आर्यभट्ट ने 'शून्य' की खोज की थी। उन्होंने सबसे पहले कहा था कि पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है। वाकई में, उन्होंने शून्य से शुरू किया और इतिहास बना दिया। उन्होंने भारत की आधुनिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए लद्दाख में 4,500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित विश्व की सबसे ऊंची खगोलीय वेधशालाओं में से एक का जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज हम लद्दाख में दुनिया की सबसे ऊंची खगोलीय वेधशालाओं में से एक की मेजबानी कर रहे हैं। समुद्र तल से 4,500 मीटर की ऊंचाई पर यह तारों के इतना करीब है कि मानो उनसे हाथ मिला सके। पुणे में हमारा जायंट मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप दुनिया के सबसे संवेदनशील टेलीस्कोपों में से एक है। यह पल्सर, क्वासर और आकाशगंगाओं के रहस्यों को समझने में हमारी मदद कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत गर्व के साथ स्क्वायर किलोमीटर ऐरे और एलआईजीओ-भारत जैसी वैश्विक मेगा-विज्ञान परियोजनाओं में योगदान दे रहा है। दो साल पहले, हमारे चंद्रयान-3 ने इतिहास रचा। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने वाले पहले देश बने। हमने आदित्य-एल1 सौर वेधशाला के साथ सूर्य पर भी नजरें गड़ाई हैं, जो सौर ज्वालाओं, तूफानों और सूर्य के मिजाज पर नजर रखता है। पिछले महीने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपना ऐतिहासिक मिशन पूरा किया। यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण था और आप सभी जैसे युवा खोजकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। पीएम मोदी कहा, भारत वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने और युवा दिमागों को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अटल टिंकरिंग लैब्स में 1 करोड़ से अधिक छात्र प्रयोगों के माध्यम से एसटीईएम अवधारणाओं को समझ रहे हैं, जिससे सीखने और इनोवेशन की संस्कृति बन रही है। ज्ञान को सुलभ बनाने के लिए हमने 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' योजना शुरू की है, जो लाखों छात्रों और शोधकर्ताओं को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं तक मुफ्त पहुंच प्रदान करती है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि भारत एसटीईएम क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी में अग्रणी है। विभिन्न पहलों के तहत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में अरबों डॉलर का निवेश किया जा रहा है। हम दुनिया भर के आप जैसे युवा दिमागों को भारत में अध्ययन, शोध और सहयोग के लिए आमंत्रित करते हैं। कौन जानता है, अगला बड़ा वैज्ञानिक खोज शायद ऐसे सहयोग से ही हो।

### पालकोट में भीषण...

एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान नाथपुर पंचायत के बनटोली गांव के समीप उनकी मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में तीनों घायल हो गए। बताया जाता है कि दो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, जबकि एक युवक की मौत अस्पताल में हुई। घटना की सूचना मिलते ही पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।


## जेलीफिश की वजह से फ्रांस में बंद हुआ परमाणु संयंत्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** फ्रांस का 'ग्रेवलाइन्स परमाणु ऊर्जा संयंत्र' जेलीफिश एक विशाल झुंड के कारण अपने आप बंद हो गया। ऊर्जा संयंत्र संचालित करने वाली ईडीएफ समूह ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। ईडीएफ ने बताया कि समुद्री जीवों के झुंड ने संयंत्र के कूलिंग सिस्टम के फिल्टरों को जाम कर दिया। जेलीफिश की विशाल संख्या के कारण संयंत्र की चार बिजली इकाइयां अपने आप बंद हो गईं। इस घटना के कारण पूरा संयंत्र बंद हो गया। रखरखाव की वजह से दो अन्य इकाइयां पहले से ही बंद थीं। उर्जा समूह ने बताया, "रविवार देर रात हुई इस घटना का संयंत्र, कर्मियों और पर्यावरण की सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जिलेटिन जैसे जीव संयंत्र के गैर-परमाणु हिस्से तक ही पहुंच पाए। संस्था ने कहा, "संयंत्र की टीमें सक्रिय हो गई हैं और उत्पादन इकाइयों को सुरक्षित रूप से फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।



## चेक रिपब्लिक में हेपेटाइटिस-ए ने बढ़ाई चिंता, बढ़ रहे मरीज

**प्राग (आईएएनएस)।** पिछले 15 साल में चेक रिपब्लिक में हेपेटाइटिस-ए के मामलों में बढ़ोतरी तेजी से हुई है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ (एसजेडयू) के अनुसार इसी साल जनवरी से जुलाई के बीच 1,053 मामले दर्ज किए गए, जबकि पिछले साल इसी अवधि में केवल 168 मामले रिपोर्ट किए गए थे। 2024 में कुल 636 मामले सामने आए थे। इस साल सबसे ज्यादा मामले प्राग में देखे गए। यहां हेपेटाइटिस-ए से पीड़ित मरीजों की संख्या 370 दर्ज की गई। यूरोपियन सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन एंड कंट्रोल (ईसीडीसी) ने मध्य यूरोप में संक्रमण के तेजी से बढ़ने को लेकर चेतावनी दी है। साथ ही बताया कि स्लोवाकिया, ऑस्ट्रिया और हंगरी में भी इसी तरह के हालात देखे जा रहे हैं। यूरोपियन सेंटर फॉर डिजिज प्रिवेंशन एंड कंट्रोल (ईसीडीसी) की रिपोर्ट पर एसजेडयू की डायरेक्टर बारबोरा माकोवा ने जून में कहा था कि बेशक चेक गणराज्य में स्थिति गंभीर नहीं है, लेकिन इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।



## अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी को आतंकी संगठन घोषित किया

**वॉशिंगटन डीसी ।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया गया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव ऑर्डर 13224 के तहत की गई है। अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

## पाकिस्तान ने भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई रोकी...

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय डिप्लोमैट्स को इसी तरह परेशान किया था।



### 'हर पाकिस्तानी तैयार...'

# बिलावल भुट्टो ने सिंधु जल संधि पर भारत को युद्ध की धमकी दी

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर द्वारा भारत को दी गई नई परमाणु धमकी के एक दिन बाद, पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ज़रदारी ने सोमवार को भारत के खिलाफ युद्ध की एक और धमकी दी है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने सोमवार को भारत के खिलाफ एक और धमकी दी है और चेतावनी दी है कि अगर नई दिल्ली सिंधु जल संधि में बदलाव जारी रखता है तो भारत युद्ध की धमकी दे सकता है। सिंध सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा सोमवार को आयोजित एक समारोह में बोलते हुए, भुट्टो ने दावा किया कि भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया है और इस मुद्दे पर भारत पर "बर्बरता" का आरोप लगाया। उन्होंने समर्थकों से कहा कि "हर पाकिस्तानी युद्ध लड़ने के लिए तैयार है" और दावा किया कि पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं ने भारत को "ऐतिहासिक जवाब" दिया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बिलावल के हवाले से कहा, "अगर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंधु पर हमले की घोषणा करते हैं, तो वह हमारे इतिहास, हमारी संस्कृति और हमारी सभ्यता पर हमला करते हैं।" 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, के बाद भारत ने 1960 के समझौते को निलंबित कर दिया था। दिलचस्प बात यह है कि बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तानी सेना प्रमुख द्वारा भारत को चेतावनी जारी करने के ठीक एक दिन बाद आई है। उन्होंने कथित तौर पर धमकी दी थी कि अगर पाकिस्तान "डूब गया, तो वह अपने साथ आधी दुनिया को भी ले जाएगा"। यह टिप्पणी कथित तौर पर फ्लोरिडा के टैम्पा में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान की गई थी। बिलावल ने मोदी पर सिंधु नदी पर प्रस्तावित जल परियोजना को एक चेतावनी के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया कि पाकिस्तान की जल आपूर्ति बाधित हो सकती है।



**अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुद्दा उठाना**

- बिलावल ने विदेश में "भारत की आक्रामक जल नीति" को उजागर किया।
- आरोप कि यह मई की सैन्य झड़प में भारत को मिले झटके का बदला है।

***बिलावल का दावा:*** *मोदी ने प्रस्तावित जल परियोजना को पाकिस्तान की जल आपूर्ति बाधित करने की चेतावनी के रूप में इस्तेमाल किया।*

## मुनीर ने रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी को उड़ाने की धमकी देकर मनोवैज्ञानिक युद्ध तेज कर दिया है





अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के टाम्पा शहर में एक निजी डिनर के दौरान पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने भारत के आर्थिक ढांचे को भविष्य के किसी भी संघर्ष में निशाना बनाने की खुली धमकी दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने विशेष रूप से गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के रिफाइनरी परिसर का उल्लेख किया जो विश्व का सबसे बड़ा सिंगल-साइट रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स है। हम आपको बता दें कि यह पहली बार है जब पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भारत की प्रमुख आर्थिक संपत्ति का नाम लेकर उसे संभावित सैन्य लक्ष्य बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुनीर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट का उल्लेख किया जिसमें कुरआन की एक आयत के साथ रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी की तस्वीर लगाई गई थी। उन्होंने दावा किया कि हालिया तनाव के दौरान इस पोस्ट को उन्होंने स्वयं अधिकृत किया था ताकि भारत को यह संकेत दिया जा सके कि "अगली बार क्या किया जाएगा।" मुनीर ने अपने भाषण में सिंधु जल संधि के संदर्भ में कहा कि अगर यह संधि निलंबित रहती है, तो पाकिस्तान भारतीय बांधों पर मिसाइल हमले करेगा। उनके शब्दों में "हम इंतज़ार करेंगे कि भारत बांध बनाए और फिर 10 मिसाइल से उसे खत्म कर देंगे।

हम आपको बता दें कि यह भाषण पाकिस्तान के मानद वाणिज्य दूत द्वारा आयोजित ब्लैक-टाई डिनर में दिया गया, जिसमें लगभग 120 प्रवासी पाकिस्तानी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के दौरान मोबाइल और डिजिटल उपकरणों पर प्रतिबंध था और कोई आधिकारिक बयान भी जारी नहीं किया गया। इसके बावजूद कई प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को सारा विवरण बताया। हम आपको बता दें कि मुनीर की फ्लोरिडा यात्रा मुख्यतः अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के विदाई समारोह में भाग लेने के लिए थी।

## बांग्लादेश आईसीटी ने शेख हसीना के समर्थन वाली याचिका खारिज की

**ढाका (आईएएनएस)**



बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील जेड.आई. खान पन्ना को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति देने संबंधी याचिका खारिज कर दी। यह मामला पिछले साल जुलाई में हुए प्रदर्शनों से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों से संबंधित है। विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला न्यायिक प्रक्रिया के साथ अन्याय है और इससे हसीना के बचाव के अधिकार का हनन हुआ है। वकील नजनीन नाहर ने पन्ना की ओर से यह आवेदन दायर किया था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गवाही के चरण में याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधिकरण ने कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आईसीटी ने टिप्पणी की, "ट्रेन पहले ही स्टेशन से निकल चुकी है, स्टेशन मास्टर को सूचना देकर अब उसमें सवार होना संभव नहीं है। केस के इस चरण में नया वकील नियुक्त करने का कोई अवसर नहीं है। न्यायाधिकरण ने बताया कि राज्य की ओर से पहले ही सुप्रीम कोर्ट के वकील अमीर हुसैन को हसीना की पैरवी के लिए नियुक्त किया गया है।


## कपड़ा उद्योग से जुड़े कर्मी सड़क पर उतरे वेतन भुगतान को लेकर हाईवे किया जाम

**ढाका (आईएएनएस)**



बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में मंगलवार सुबह सैकड़ों रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) कर्मियों ने फैक्ट्रियों के दोबारा खोलने और बकाया वेतन के तत्काल भुगतान की मांग को लेकर ढाका–मेमेंसिंह हाईवे जाम कर दिया। रोवा फैशन्स लिमिटेड के करीब 200 कर्मचारी बसन थाने के अंतर्गत भोबरा बाईपास फ्लाईओवर के पास इकट्ठा हुए और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया, जिससे हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया और भारी जाम लग गया। गाजीपुर औद्योगिक पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वाहिदुज्जमान राजू ने जाम की पुष्टि करते हुए कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, इस विरोध के कारण ढाका के चौधुरीबाड़ी इलाके में कई अन्य फैक्ट्रियों को भी बंद करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने जुलाई महीने का बकाया वेतन चुकाने और फैक्ट्री के स्थानांतरण के फैसले का विरोध करने की मांग रखी। फैक्ट्री मालिक इनायत करीम ने श्रम कानून की धारा 13(1) का हवाला देते हुए अशांति और वित्तीय संकट के कारण इकाई बंद करने का नोटिस जारी किया।

## अत्यधिक गर्मी से ट्रॉपिकल क्षेत्रों में पाए जाने वाले पक्षियों की संख्या में भारी गिरावट: स्टडी



**सिडनी (आईएएनएस)**

जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली अत्यधिक गर्मी की वजह से 1950 से अब तक गर्म क्षेत्रों में रहने वाले पक्षियों की आबादी में 25 से 38 तक गिरावट आई है। ऑस्ट्रेलियाई और यूरोपीय वैज्ञानिकों के एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। यह शोध 'नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन' पत्रिका में प्रकाशित हुआ है और इसे यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड की वेबसाइट पर मंगलवार को साझा किया गया। शोधकर्ताओं ने 1950 से 2020 तक 3,000 से अधिक पक्षी आबादियों का विश्लेषण किया, जिसमें 90,000 वैज्ञानिक अवलोकन शामिल थे। उन्होंने मौसम के आंकड़ों का उपयोग कर जलवायु के प्रभाव को मानवीय गतिविधियों, जैसे जंगल कटाई से अलग पैमाने पर देखा। अध्ययन से पता चला कि औसत तापमान और बारिश में बदलाव का कुछ असर तो है, लेकिन ट्रॉपिकल क्षेत्रों में पक्षियों के लिए सबसे बड़ा खतरा अत्यधिक गर्मी है। नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन में प्रकाशित एक शोध ने अन्य वैज्ञानिकों के निष्कर्षों की पुष्टि की है।

## पाक सेना प्रमुख की धमकी को अमेरिका के समक्ष मजबूती से उठाए केंद्र सरकार : ओवैसी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एआईएमआईएम चीफ और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की भारत के खिलाफ धमकियों की निंदा की। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मुद्दे को अमेरिका के समक्ष उठाने की मांग की। असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख की धमकियों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, "पाकिस्तानी सेना प्रमुख की भारत के खिलाफ धमकियां और भाषा निंदनीय हैं। उन्होंने अमेरिकी धरती से ऐसा किया, जिससे यह और भी बदतर हो जाता है।



## पाकिस्तान में अफगान प्रवासियों ने पुलिस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

**काबुल (आईएएनएस)**

अफगान प्रवासियों ने पाकिस्तान में स्थानीय पुलिस पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस वैध या लंबित आव्रजन दस्तावेज होने के बावजूद उन्हें गलत तरीके से गिरफ्तार कर रही है और रिहाई के लिए रिश्वत की मांग कर रही है। इस्लामाबाद और रावलपिंडी में रह रहे अफगान नागरिकों ने आरोप लगाया कि हाल के हफ्तों में पुलिस ने अफगानों की गिरफ्तारी तेज कर दी है। कुछ मामलों में हिरासत में लिए गए लोगों को बड़ी रकम देने के बाद ही छोड़ा गया। गवाहों के मुताबिक, साधारण कपड़ों में पुलिसकर्मी पासपोर्ट और वीजा दिखाने को कहते हैं और दस्तावेज न होने पर वर्दीधारी पुलिसकर्मी वाहन में आकर उन्हें गिरफ्तार कर लेते हैं। सोमवार को रावलपिंडी में गिरफ्तार तीन अफगानों ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्हें करीब छह घंटे हिरासत में रखा गया।

## पुतिन-ट्रंप की मुलाकात के बाद रूस को संबंध बेहतर होने का है पूरा भरोसा

**मॉस्को (आईएएनएस)**




मॉस्को को उम्मीद है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच आगामी बैठक द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने में मदद कर सकती है, स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव के हवाले से इसकी जानकारी दी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने रूसी दैनिक इजवेस्तिया के हवाले से बताया कि रयाबकोव ने कहा कि अलास्का शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच सीधी यात्री उड़ानों की बहाली सहित विशिष्ट मुद्दों के समाधान को आगे बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। रयाबकोव ने कहा, "हमें उम्मीद है कि आगामी उच्च-स्तरीय बैठक द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण को गति प्रदान करेगी, जिससे हम हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर आगे बढ़ सकेंगे। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी आगामी बैठक एक "अनुभव-आधारित बैठक" होगी।



**कहानी फिल्म जगत की**

## दर्शकों की पहली पसंद बने अहान पांडे और अनीत पड्डा

**जीता आईएमडीबी का ग्लोबल ब्रेकआउट स्टार अवॉर्ड**

अहान पांडे ने मोहित सूरी की फ़िल्म "सैय्यारा" से अनीत पड्डा के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। इस फ़िल्म ने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई और दोनों रातोंरात स्टार बन गए। अब, अहान और अनीत ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है, उन्होंने आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर अवॉर्ड्स जीते हैं। अहान पांडे और अनीत पड्डा को आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की रैंकिंग में उनके असाधारण प्रदर्शन के आधार पर यह सम्मान मिला है, जो प्लेटफ़ॉर्म के वैश्विक उपयोगकर्ता आधार से जुड़ाव को मापता है। यह सम्मान उन कलाकारों को उजागर करता है जो दर्शकों के बीच अपनी गहरी छाप छोड़ते हैं और भविष्य में उनके करियर की संभावनाओं का संकेत देते हैं। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में पांडे ने संगीतकार कृष कपूर की भूमिका निभाई है, जबकि पड्डा ने एक उभरती पत्रकार वाणी बत्रा का किरदार निभाया है।

